# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार 7 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 287 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




कोलकाता में मतदाता सूची में मनमाने ढंग से नाम हटा दिए जाने के विरोध में धरना देते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

## यूपीएससी ने जारी किया सिविल सर्विस का फाइनल रिजल्ट, अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर

### बिहार के दो छात्रों ने टॉप 10 में बनायी जगह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। वहीं बिहार के कई छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंक में जगह बनाई है। यूपीएससी परीक्षा के टॉप 10 में जिन उम्मीदवारों ने जगह बनायी है उनमें अनुज अग्निहोत्री, राजेश्वरी सुवे एम, आकांश ढुल, राघव झुनझुनवाला, ईशान भटनागर, ज़िन्निया अरोरा, ए.आर. राजा मोहिद्दीन, पक्षल सेक्रेट्री, आस्था जैन एवं उज्ज्वल प्रियांक शामिल हैं। यूपीएससी की ओर से जारी अंतिम परिणाम में कुल 958 उम्मीदवारों का चयन विभिन्न सेवाओं के लिए किया गया है। सफल उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस),



भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) समेत कई केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति दी जाएगी। पूरा रिजल्ट यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। देशभर के हजारों उम्मीदवार इस रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। इस बार राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा निवासी अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। उनकी इस सफलता से पूरे राज्य में खुशी का माहौल है। यूपीएससी परीक्षा को देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक माना जाता है। ऐसे में टॉप रैंक हासिल करना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। इस साल यूपीएससी के टॉप-10 में बिहार के दो उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। मुजफ्फरपुर के सरैयागंज इलाके के रहने वाले राघव झुनझुनवाला ने चौथी रैंक हासिल की है। राघव ने अपनी शुरुआती पढ़ाई मुजफ्फरपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल से की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से ग्रेजुएशन किया। वहीं वैशाली जिले के बिदुपुर निवासी उज्जवल प्रियांक ने 10वीं रैंक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। इसके अलावा सारण जिले के यशस्वी राजवर्धन को 11वीं रैंक मिली है। राघव झुनझुनवाला ने बताया कि यह उनका तीसरा प्रयास था।

## औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी में पूरे भारत में प्राप्त किया 16वां स्थान

### आइएएस बन औरंगाबाद समेत पूरे बिहार को किया गौरवान्वित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी (आईएएस) की परीक्षा में पूरे भारत में 16वां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। मोनिका श्रीवास्तव औरंगाबाद जिला मुख्यालय के सत्येन्द्र नगर निवासी ई. बी. के. श्रीवास्तव एवं भारती श्रीवास्तव की पुत्री और नवबिहार टाइम्स अखबार के संपादक कमल किशोर एवं सोन वर्षा वाणी अखबार के संपादक श्रीराम अम्बष्ट की भगिनी है। ई. बी. के. श्रीवास्तव वर्तमान में जिला परिषद में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। मोनिका के नाना स्मृतिशेष लाला शम्भूनाथ और दादा स्मृतिशेष उमेशचंद्र श्रीवास्तव दोनों प्राचार्य और शिक्षाविद् थे। वहीं नानी स्मृतिशेष अरुणलता सिन्हा एवं दादी स्मृतिशेष श्याम कुमारी देवी समाजसेविका थीं। मोनिका की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर और डीएवी पब्लिक स्कूल से हुई। वह पहले आईआईटी की प्रवेश परीक्षा में बिहार टॉपर बनी। वर्ष 2022 में बीपीएससी में छठा स्थान लाकर प्रशासनिक सेवा में प्रवेश, उसके बाद वर्ष 2024 में यूपीएससी परीक्षा में पहली बार में ही सफलता प्राप्त कर 455 रैंक लाई। वर्तमान में वह भारतीय रेलवे सेवा के अंतर्गत अंडर ट्रेनिंग अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अब दूसरी बार यूपीएससी में शानदार प्रदर्शन करते हुए लंबी छलांग लगाकर ऑल इंडिया 16वां रैंक हासिल कर उन्होंने जिले ही नहीं, पूरे बिहार का नाम देशभर में रोशन कर दिया है। मोनिका के पिता ई. बी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि मेरी सबसे छोटी पुत्री मोनिका बचपन से ही असाधारण प्रतिभा की धनी रही हैं। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में भी राज्य स्तर पर बेहतर स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2016 में आईआईटी गुवाहाटी से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। आईआईटी से पढ़ाई पूरी करने के बाद मोनिका ने कई प्रतिष्ठित ग्लोबल कंपनियों में काम किया, लेकिन उनके मन में समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना हमेशा जीवित रहा। इसी सपने ने उन्हें कॉपोरेट करियर छोड़कर प्रशासनिक सेवा की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मोनिका अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवार के समर्थन को देती है। वे कहती हैं कि उनके माता-पिता ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के महत्व को समझाया। उनके पिता का सपना था कि उनकी बेटी एक अधिकारी बने और समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के लिए काम करे। यही सपना उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा बन गया। मोनिका श्रीवास्तव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से औरंगाबाद जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। जिले के बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आज मोनिका की सफलता की कहानी उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस रखते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### धारदार हथियार से वार कर युवक की हत्या

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात आपसी रंजिश के चलते हुई घटना में दो लोगों की मौत हो गई। घर के किनारे खड़ी दो गाड़ियों में आग लगा दी गई। इस वारदात में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापो खुर्द गांव में देर रात कुछ अज्ञात बदमाश स्कॉर्पियो से पहुंचे और रोहित साव पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रोहित साव की मौके पर ही मौत हो गई।

### ट्रेन से पांच नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** आरपीएफ ने बेंगलुरु जा रही साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन से पांच नाबालिग बच्चों को बचाया है। इन बच्चों को कथित तौर पर दिहाड़ी मजदूरी के लिए बेंगलुरु ले जाया जा रहा था। आरपीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। यह सूचना दिल्ली के जीआरसी हेल्पलाइन नंबर से मधुपुर की आश्रय संस्था को मिली थी। संस्था की दीपा कुमारी ने इसके बाद मधुपुर आरपीएफ से संपर्क किया, जिसके बाद 22306 नंबर की बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन में जांच की गई।

### अवैध पत्थर खदान में डूबा किशोर

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के पचरुखी तिलैया स्थित महाबर पहाड़ के पास बंद पड़ी अवैध पत्थर खदान में डूबने वाले 13 वर्षीय किशोर सौरव कुमार का शव लगभग 20 घंटे बाद भी बरामद नहीं हो सका है।

## सिमडेगा से छत्तीसगढ़ जा रही यात्री बस पलटी, पांच की मौत, 17 घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिमडेगा/कुनकुरी।** झारखंड के सिमडेगा से छत्तीसगढ़ के कुनकुरी जा रही एक यात्री बस के पलट जाने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 17 से ज्यादा घायल हो गए। घायलों में से चार की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। दरअसल अनमोल बस शुक्रवार सुबह सिमडेगा के कुरडेग से छत्तीसगढ़ के कुनकुरी जा रही थी। बस में दो दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। सुबह करीब 9:45 बजे, जशपुर जिले के करडेगा चौकी इलाके में गोड़ाअंबा गांव के पास ढलान के दौरान बस के ब्रेक अचानक फ़ेल हो गए। लोगों के अनुसार बस में सवार एक यात्री ने ड्राइवर से रुकने को कहा लेकिन कंडक्टर चिल्लाया, 'ब्रेक फ़ेल हो गए हैं।' इससे बस में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर बाद बेकाबू बस सड़क किनारे सुरेंद्र साय के निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास से टकरा कर पलट गई। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



आसपास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए आगे आए। गोड़ाअंबा गांव के रहने वाले दिगंबर यादव ने सबसे पहले राहत का काम शुरू किया। उन्होंने सरपंच पति शिवशंकर साय, उपसरपंच दशरथ प्रसाद यादव और प्रभाशंकर यादव के साथ मिलकर प्रशासन को सूचना दी और घायलों को निकालने में मदद की। बाद में जेसीबी की मदद से पलटी हुई बस को उठाया गया और फंसे हुए यात्रियों को निकाला गया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासन ने तीन एंबुलेंस मौके पर भेजीं। घायलों को तुरंत कुनकुरी अस्पताल और दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया। सुबह करीब 11 बजे एसडीएम नंदजी पांडे, एसडीपीओ विनोद मंडावी पुलिस और प्रशासन की टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और बचाव का काम शुरू किया। प्रशासन की गाड़ियों ने भी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। कुनकुरी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ के कुजूर ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी और पिता-पुत्र शामिल हैं। मरने वालों की पहचान मकरीबंधा के रहने वाले महेश राम (45) और उनकी पत्नी बिमला (42), सिमडेगा की रहने वाली संपति देवी (52), ढोढ़ी के रहने वाले डिगेश्वर (40) और उनके पांच महीने के बेटे घनश्याम के तौर पर हुई है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी साय भी कुनकुरी हॉस्पिटल पहुंचीं। उन्होंने घायलों से मुलाकात की, उनका हालचाल पूछा और डॉक्टरों को उन्हें बेहतर इलाज और आवश्यक सुविधाएं देने के निर्देश दिए। फिलहाल प्रशासन और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार गाड़ी ने मचाई तबाही, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापो खुर्द गांव में बीती रात एक तेज रफ्तार वाहन ने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में यह घटना दुर्घटना से अधिक आपसी रंजिश से जुड़ी लग रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कॉर्पियो तेज रफ्तार से गांव में घुस आई और लोगों को रौंदते हुए एक घर से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन पलट गया। इस हादसे में रोहित साव और प्रदीप साव की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में से दो का इलाज रिम्स रांची में, दो का शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में और दो का हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग भेज दिया है। स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जांच के दौरान यह पता लगाया जा रहा है कि वाहन कौन चला रहा था। घटना दुर्घटना है या किसी साजिश का नतीजा, इस बिंदु पर भी गहन छानबीन की जा रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक मृतक रोहित साव का कुछ लोगों से किसी बात को लेकर हाल ही में विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते यह घटना हुई हो सकती है।

## राज्यसभा की दो सीटों पर दावेदारी शुरू हुई, झामुमो-कांग्रेस में तनातनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद झारखंड में राज्यसभा की सीट खाली हो गई है। इसके अलावा इस वर्ष जून में भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। इस तरह राज्य की दोनों राज्यसभा सीटों पर इस साल चुनाव होने हैं। सत्ताधारी गठबंधन में इन दोनों सीटों को लेकर अभी से दावेदारी और बयानबाजी शुरू हो गई है। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने स्पष्ट रूप से दोनों राज्यसभा सीटों पर अपनी पार्टी की दावेदारी जता दी है। उन्होंने कहा कि उनके नेता हेमंत सोरेन कांग्रेस के उच्च नेतृत्व को इस मुद्दे पर राजी कर लेंगे। मनोज पांडेय ने कहा कि हमारी व्यक्तिगत इच्छा है कि राज्यसभा की दोनों सीटें झामुमो को मिलें। अगर हमारा उम्मीदवार दोनों सीटें जीतकर राज्यसभा पहुंचता है तो वह संसद के उच्च सदन में झारखंड की आवाज बुलंदी से उठाएगा। इंडिया ब्लॉक के दूसरे सबसे बड़े दल कांग्रेस ने झामुमो के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पिछले कई बार राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने त्याग किया है और बड़ी सीट छोड़ी है। अब स्वाभाविक रूप से राज्य की दोनों सीटों में से कम से कम एक पर उनका दावा बनता है। एक कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने हमेशा बड़ा दिल दिखाया है, त्याग किया है। अब बारी झामुमो की है। 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद सत्ताधारी इंडिया ब्लॉक (महागठबंधन) के पास कुल 56 विधायक हैं। इनमें झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 और सीपीआई (माले) के 2 विधायक शामिल हैं। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 27 विधायकों का कोटा (प्लस 1 अतिरिक्त) यानी कुल 28 वोट चाहिए। इस लिहाज से 56 विधायकों वाला इंडिया ब्लॉक आसानी से दोनों सीटें जीत सकता है बशर्ते झामुमो, कांग्रेस, राजद और सीपीआई (माले) एकजुट होकर चुनाव लड़ें। वर्तमान में एनडीए के पास राज्यसभा सीट जीतने लायक संख्या नहीं है। भाजपा के 21 विधायक हैं, जबकि जद(यू), लोजपा (रामविलास) और आजसू के पास 1-1 विधायक हैं। कुल मिलाकर एनडीए के पास मात्र 24 विधायक हैं। एक निर्दलीय विधायक जयराम महतो (जेएलकेएम) भी हैं। एनडीए को एक भी सीट जीतने के लिए कम से कम चार अतिरिक्त विधायकों का समर्थन जुटाना होगा। यदि इंडिया ब्लॉक में किसी तरह बिखराव होता है तो एनडीए के लिए खेल बन सकता है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि दोनों सीटों पर सत्ताधारी गठबंधन के भीतर समन्वय कितना मजबूत रहता है, यह आने वाले दिनों में साफ होगा।

## अब मोबाइल या इमेल पर समन भेजेगी झारखंड पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस अब मोबाइल या ई-मेल पर भी संदिग्धों, आरोपितों को समन भेज सकेगी। इसकी योजना तैयार है, जिसे क्रियानवित करने की तैयारी है। ईडी व अन्य एजेंसियों की तरह झारखंड पुलिस में भी ई-समन क्रियानवित करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए प्रत्येक जिले में नोडल पदाधिकारी बनाया जाना है। इससे यह होगा कि पुलिस का मैनपावर बचेगा, समय व कागज की भी बचत होगी। वर्क कल्चर तेज होगा। निर्धारित समय के बाद में समन मिलने की शिकायतें भी दूर होंगी। इस पूरी प्रक्रिया को झारखंड पुलिस की क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम के माध्यम से क्रियानवित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय से सीसीटीएनएस के नोडल पदाधिकारी सह डीआइजी जैप कार्तिक एस. ने इस बाबत रांची, जमशेदपुर व धनबाद के एसएसपी, अन्य सभी जिलों के एसपी व सीआइडी तथा एटीएस के एसपी से पत्राचार कर पूरे मामले की जानकारी दी है। उन्होंने सभी जिलों से ई-समन एप के लिए जिला नोडल अधिकारी नामित करने व उनका विवरण आठ मार्च तक पुलिस मुख्यालय को भेजने के लिए निर्देशित किया है। डीआइजी कार्तिक एस. ने जारी निर्देश में बताया है कि नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के अनुरूप होगा। न्यायालय से समन निर्गत होने से लेकर उसका तामिला तक की प्रक्रिया को इलेक्ट्रानिक माध्यम से निष्पादित करने के लिए एनआइसी नई दिल्ली ने ई-समन एप तैयार किया है। इस ई-समन एप को क्रियानवित करने के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने हुए उनका यूजर आइडी बनाएं। ये नोडल पदाधिकारी अपने-अपने यूजर आइडी से अपने अधीनस्थ थानों के पदाधिकारियों का यूजर आइडी बनाएंगे। इसे जल्द ही पूरी तरह धरातल पर उतारना है ताकि पुलिस का कार्य आसान हो सके।

## रांची पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में ईमेल के जरिए बम धमाका करने की धमकी देने का सिलसिला जारी है। इस बार झारखंड पुलिस मुख्यालय और रांची के सीनियर एसपी को ईमेल भेजकर रांची स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम विस्फोट में उड़ा देने की धमकी दी गई है। धमकी मिलने के बाद पासपोर्ट ऑफिस की जांच बम निरोधक दस्ते के द्वारा शुरू कर दी गई है। सिविल कोर्ट और डीसी बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अब रांची के गैलेक्सिया मॉल स्थित पासपोर्ट ऑफिस को बम धमाके में उड़ाने की धमकी दी गई है। अज्ञात अपराधियों के द्वारा ईमेल के जरिए पासपोर्ट कार्यालय को उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरा ईमेल आते ही रांची पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल और बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वायड (बीडीएस) की टीम पासपोर्ट ऑफिस पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। उन्होंने मॉल और आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर दी तथा स्निफर डॉग्स के साथ व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। हालांकि जांच में किसी भी तरह का संदिग्ध वस्तु नहीं मिला है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि धमकी वाले ईमेल की तकनीकी जांच चल रही है। एहतियातन पूरे गैलेक्सी मॉल की जांच की जा रही है। इसी मॉल में पासपोर्ट कार्यालय अवस्थित है।

## झारखंड पुलिस को मिले 1477 नए वाहन


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के लिए अच्छी खबर है। वर्षों से जर्जर वाहनों के कारण बड़ी परेशानी झेल रहे पुलिस थानों के लिए 1477 नए वाहनों का आवंटन कर दिया गया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा इस संबंध में निर्देश भी जारी किया गया है। झारखंड में कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने और पुलिस पेट्रोलिंग को और प्रभावी करने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों के लिए कुल 1477 नए वाहनों का आवंटन कर दिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन) ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है जिससे राज्य पुलिस का बेड़ा अब पहले से कहीं अधिक सक्षम हो गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक वाहनों में 628 चार पहिया और 849 दो पहिया शामिल हैं। ये वाहन राज्य के सभी जिलों में वितरित किए जाएंगे जिससे ग्रामीण और

### कानून व्यवस्था होगी मजबूत



शहरी इलाकों में पेट्रोलिंग की पहुंच बढ़ेगी। विशेष रूप से राजधानी रांची और औद्योगिक नगरी जमशेदपुर को सबसे अधिक वाहनों का आवंटन मिला है, जो इन शहरों में बढ़ते अपराध और ट्रैफिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण कदम है। झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने पुलिस मुख्यालय के इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि इस पहल से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित दूरस्थ इलाकों में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत होगी। वाहनों के आवंटन से न केवल पेट्रोलिंग की दक्षता बढ़ेगी बल्कि अपराध नियंत्रण, त्वरित सहायता और यातायात प्रबंधन में भी सुधार होगा। आदेश जारी होने के बाद जिलों में वाहनों का वितरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे पुलिसकर्मियों में उत्साह है और उम्मीद है कि कानून व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव दिखेगा।



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला कारोबारी की धारदार हथियार से हत्या, भागते अपराधियों की गाड़ी से कुचलकर युवक की भी मौत

**हजारीबाग (नबिटाब)।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के नपोखुर्द गांव में अपराधियों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात अपराधियों ने पहले एक कोयला कारोबारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फरार होने के दौरान एक युवक को गाड़ी से कुचल दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नपोखुर्द गांव



निवासी कोयला कारोबारी रोहित साव अपने इलाके में मौजूद थे। इसी दौरान सफेद स्कॉर्पियो में सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, अपराधियों ने उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमला इतना गंभीर था कि रोहित साव की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर स्कॉर्पियो से तेज रफ्तार में फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों की गाड़ी काफी तेज गति में थी। इसी दौरान सड़क पर मौजूद नपोखुर्द गांव के ही रहने वाले प्रदीप साव उनकी गाड़ी की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने घायल प्रदीप साव को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी भी मौत हो गई। एक ही घटना में दो लोगों की मौत की खबर फैलते ही नपोखुर्द और आसपास के इलाकों में दहशत और तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने के बाद बड़कागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और अज्ञात अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**हजारीबाग (नबिटाब)।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने टीबी के मरीजों के बेहतर उपचार पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में टीबी के मामले अधिक हैं, वहां व्यापक स्तर पर सैंपल संग्रह कर जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने टीबी की दवाओं के नियमित वितरण तथा मरीजों द्वारा दवाओं का नियमित सेवन सुनिश्चित कराने पर



भी बल दिया। उपायुक्त ने एनसीडी स्क्रीनिंग कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में भी लोगों की स्वास्थ्य जांच कर स्क्रीनिंग की जाए तथा सभी मामलों की नियमित रूप से डेटा एंट्री सुनिश्चित की जाए। सभी एमओआईसी को निर्देश दिया गया कि स्वास्थ्य संबंधी सभी मानकों पर गंभीरता के साथ कार्य करते हुए प्रगति सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने आरोग्य मंदिर के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि पीवीटीजी क्षेत्रों में भी नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर लोगों की जांच की जाए। उन्होंने लेप्रोसी के संदिग्ध मामलों की पहचान होने पर संबंधित टोला एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक जांच करने का निर्देश दिया। आगामी 10 दिनों तक लेप्रोसी स्क्रीनिंग के साथ अन्य बीमारियों की जांच भी शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। फाइलेरिया एवं मलेरिया से संबंधित मामलों का डेटा संकलित कर स्क्रीनिंग कार्य को गति देने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही चिकित्सकों को नियमित रूप से स्कूलों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा उसका डेटा पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। सभी एमओआईसी को निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा निर्धारित मानक स्वास्थ्य सेवाओं की सूची सभी सीएचसी एवं पीएचसी में प्रदर्शित की जाए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों की स्क्रीनिंग का प्रतिशत बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी एमओआईसी के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में आरबीएसके एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई तथा प्रभावित बच्चों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना एवं अबुवा स्वास्थ्य कार्ड के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले में उपलब्ध एम्बुलेंस सेवाओं, वैक्सीन प्रबंधन, ओपीडी संचालन, चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाओं के प्रभावी उपयोग और बेहतर प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सकों, नर्सों, एएनएम तथा सहिया को अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, मलेरिया पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, सभी एमओआईसी जिला लेखा कार्यक्रम प्रबंधक, जिला डाटा प्रबंधक कुष्ठ परामर्शी, बीपीएमयू सहित स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीजे विवाद में युवक की हत्या, सड़क जाम

## मंत्री सुदिव्य कुमार ने पहुंचकर दिया कार्रवाई का भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के हुट्टी बाजार स्थित रविदास मुहल्ला में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की हत्या के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। शुक्रवार की सुबह मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया जानकारी के अनुसार नगर थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित हुट्टी बाजार के रविदास टोला में होली के दूसरे दिन गुरुवार की रात करीब 10 बजे डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान भुजाली और



अन्य धारदार हथियार से हमला कर अजय दास नामक युवक की हत्या कर दी गई। वहीं उसके दो भाई समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। युवक की मौत की खबर फैलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने शुक्रवार सुबह सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की इधर घटना की सूचना मिलने के बाद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। मंत्री के आश्वासन के बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद मंत्री सदर अस्पताल पहुंचे और घटना में घायल युवकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना मंत्री ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस को जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया है लाठीचार्ज में घायल लोगों से भी मिले मंत्री इस दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने होली के दिन पुलिस लाठीचार्ज में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बालमुकुंद स्पॉन्ज आयरन फैक्ट्री मामले पर श्रम कार्यालय में वार्ता, 9 मार्च को फिर होगी बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बालमुकुंद स्पॉन्ज आयरन फैक्ट्री से निकाले गए मजदूरों की समस्या को लेकर शुक्रवार को श्रम कार्यालय में सहायक श्रमायुक्त रवि शंकर और श्रम अधीक्षक की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक



में शिकायतकर्ता पक्ष और फैक्ट्री प्रबंधन के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई बैठक में बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन के प्रतिनिधियों के साथ असंगठित मजदूर मोर्चा के सचिव कन्हैया पांडेय, अध्यक्ष किशोर राय, भाकपा माले प्रखंड कमेटी सचिव मसूदन कोल और नगर नेता राजेश सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वार्ता के दौरान निकाले गए मजदूरों को पुनः काम पर रखने के मुद्दे पर चर्चा हुई। इस संबंध में अगली बैठक 9 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे श्रम कार्यालय में आयोजित करने का निर्णय लिया गया मौके पर माले नेता कन्हैया पांडेय ने कहा कि गिरिडीह के फैक्ट्री मजदूरों के साथ बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन का रवैया लगातार उदासीन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्ट्री में प्रदूषण की स्थिति भी काफी गंभीर है, लेकिन इस पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि आंदोलन करने पर मजदूरों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय का सम्मान करते हुए भी मजदूरों का आंदोलन जारी रहेगा वहीं माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन मजदूरों से काम तो लेता है, लेकिन उन्हें उचित मानदेय और सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरिडीह में बढ़ते प्रदूषण के मामले में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का रवैया भी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि उसरी नदी के पानी को भी बाला जी प्लांट द्वारा रात के समय मोटर लगाकर निकाले जाने की बात सामने आ रही है, जिसकी जांच जरूरी है इस दौरान मसूदन कोल और किशोर राय ने कहा कि मजदूरों और आम जनता को आपसी तालमेल बनाकर लगातार आंदोलन करना होगा, क्योंकि जिले की अधिकांश फैक्ट्रियों में मजदूरों की स्थिति लगभग एक जैसी है। उन्होंने मजदूर हितों की रक्षा के लिए संयुक्त संघर्ष जारी रखने की बात कही।

# सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल के जेईई मेंस में सफल विद्यार्थी सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कुछ क्षण ऐसे होते है जहाँ विद्यार्थी अपना कौशल प्रदर्शन करते हैं, वही कुछ क्षण इतने खास होते है जहाँ वे सम्मान के पात्र होते हैं। सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को जेईई परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस बार विद्यालय के क्षितिज सिन्हा 97 .13 परसेंटाइल के साथ और आयन आलम 93 परसेंटाइल के साथ जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह सम्मान समारोह इन्ही को सम्मानित करने हेतु आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन श्री अमरजीत सिंह सलूजा थे। साथ ही सफल छात्रों के अभिभावकगण और शिक्षकगण मौजूद रहे। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में सफल परीक्षार्थियों की सफलता की प्रशंसा की और उन्हे चुनातियों से लड़कर सिखने की बात कही। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप एडवांस के परीक्षा के लिए पूरी निष्ठा से तैयारी करें। ईश्वर आपको सफलता प्रदान करेंगे। उन्होंने विद्यर्थियों की सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधन, प्राचर्य, उप प्राचर्या, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर तथा शिक्षकगण के प्रयासों की भी प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और उनकी निष्ठा के बल पर हमने अच्छा परिणाम दिया है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी सफलता हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। उन्होंने छात्रों के माता-पिता को भी बधाई दी।

## बंद घर से 8 लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के आशानगर संगतपर धोबीटोला मोहल्ला में बदमाशों ने बंद पड़े एक व्यवसायी के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया। गैस एजेंसी संचालक अनूप कुमार ने बताया कि पूरा परिवार पटना में रहते हैं। नीचे किराएदार रहता है, वह भी होली में घर गया हुआ था। इसी बीच मेन गेट का ताला काटकर घर के गोदरेज और अलमीरा से करीब 8 लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। शुक्रवार को पड़ोसी ने ताला खुला देख घटना की जानकारी अनूप कुमार को दी। जानकारी मिलते ही परिवार का पूरा सदस्य घर पहुंचे, तब चोरी का खुलासा हुआ।

# रहुई में मातृ-शिशु पोषण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** रहुई में शुक्रवार को मनोकामना जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति के तत्वावधान में मातृ-शिशु पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएम विशुनदेव पंडित ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 30 मार्च तक किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई।

मातृ-शिशु पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीओ, स्वास्थ्य समिति, सीएम तथा सीएमआरपी को सीएलएफ की ओर से प्रोत्साहित किया गया। बेहतर कार्य करने वाली टीमों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई, ताकि अन्य समूह भी प्रेरित होकर इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित सीएलएफ से जुड़ी बड़ी संख्या में दीदियां मौजूद रहीं। दीदियों के साथ विभिन्न कैडर सदस्यों ने भी भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर एचएन-एमआरपी रुकमिनी कुमारी, एमबीके बसंत जमादार, सीएफ प्रियंका कुमारी, बीपीएम विशुनदेव पंडित तथा बीआरपी निखिल राज भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मातृ-शिशु पोषण को समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सही पोषण और जागरूकता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

# भारतीय दंत चिकित्सक दिवस पर आईडीए का रक्तदान शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय दंत चिकित्सक दिवस के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) गिरिडीह इकाई की ओर से शुक्रवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के दंत चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया कार्यक्रम की शुरूआत एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा दिवंगत दंत चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. राजीव रंजन सिन्हा के आवास पहुंचकर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर चिकित्सकों ने उनकी पत्नी से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें सम्मानित भी किया।

इसके बाद सभी चिकित्सक सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचे, जहां रक्तदान शिविर का



आयोजन किया गया। शिविर में गिरिडीह के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. सी.के. सिंह, डॉ. बी.के. झा, डॉ. श्यामा कांत, डॉ. मनीष कांत, डॉ. सौरभ जगनानी, डॉ. दीपक पांडा, डॉ. कविता प्रसाद, डॉ. प्रियंका प्रियदर्शी, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. आसिफ अली, डॉ. मोहित कुमार सहित उनके सहकर्मी पप्पू कुमार शर्मा और सागर चंद्रवंशी समेत कई लोगों ने रक्तदान किया इस दौरान रेडक्रॉस के चेयरमैन अरविंद कुमार और ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. सोहेल ने रक्तदान कर रहे चिकित्सकों का उत्साहवर्धन किया मौके पर आईडीए के अध्यक्ष डॉ. सी.के. सिंह और सचिव डॉ. बी.के. झा ने बताया कि भारतीय दंत चिकित्सक दिवस पूरे देश में मनाया जाता है, जो चिकित्सकों की एकजुटता और समाज के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में पहली बार किसी चिकित्सक संगठन द्वारा इस तरह का रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जिले में रक्त की कमी को दूर करने में सहयोग करना है।

# नशाखोरी से बिगड़ रहा माहौल, कई घटनाओं की बन रही वजह : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के हुट्टी बाजार स्थित रविदास टोला में हुई हालिया घटना को लेकर भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि जिले में बढ़ती नशाखोरी समाज के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है और कई आपराधिक घटनाओं की जड़ में यही कारण सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि डीजे विवाद को लेकर हुई घटना महज एक बहाना है, जबकि इसके पीछे सामाजिक और नशे से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं छिपी हुई हैं राजेश सिन्हा ने मृतक अजय दास के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि अजय दास के परिवार में उनकी पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक बच्चा अभी गोद में है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मुआवजे का आश्वासन दिया गया है, लेकिन इसके साथ ही परिवार के भविष्य और बच्चों के पालन-पोषण के लिए अतिरिक्त सहायता की भी जरूरत है इस दौरान समाजसेवी योगेश्वर दास भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है और नव निर्वाचित मेयर से भी इस संबंध में बात की जाएगी माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि घटना के बाद नगर विकास मंत्री का मौके पर पहुंचकर जाम हटवाना और मुआवजे की घोषणा करना सराहनीय पहल है। लेकिन इसके साथ ही आम जनता को भी जागरूक होने की जरूरत है, क्योंकि नशे की लत समाज को अंदर से खोखला कर रही है। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग ही नशे में डूबकर आपसी विवाद और हिंसा में उलझ जाते हैं तो इससे समाज की प्रगति प्रभावित होती है।उन्होंने आरोप लगाया कि गांजा, टेन टैबलेट, शराब और अन्य नशीले पदार्थों के कारण गिरिडीह में मारपीट, हत्या, चोरी और डकैती जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी औपचारिक छापेमारी कर दी जाती है, लेकिन इसके बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। ऐसे में ड्रग इंस्पेक्टर और जिला प्रशासन को इस पर गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए समाजसेवी जीवन दास ने कहा कि नगर विकास मंत्री द्वारा की गई पहल सराहनीय है, लेकिन जिले में नशे पर सख्ती से पाबंदी लगाने की भी आवश्यकता है वहीं वार्ड 25 के समाजसेवी दीपक साव और पार्षद प्रतिनिधि उज्ज्वल साव, जो घटना के बाद से ही रातभर पीड़ित परिवार के साथ मौजूद थे, ने कहा कि समाज में बढ़ती नशाखोरी पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। उन्होंने पीड़ित परिवार को अधिक मुआवजा देने की भी मांग की समाजसेवी सुमित ने भी कहा कि नशे के कारण ही गिरिडीह में हत्या, चोरी और आपसी झगड़े की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

# मानदेय भुगतान नहीं होने पर महिला दिवस पर भूख हड़ताल की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** होली जैसे महत्वपूर्ण पर्व के बावजूद बकाया मानदेय का भुगतान नहीं होने से नाराज महिला जलसहिया संगठन ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को अल्टीमेटम दिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले भर की आश्वासन ही मिला। बताया गया कि होली से एक सप्ताह पहले भी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर भुगतान की मांग की थी और होली से पहले भुगतान का भरोसा दिया गया था, लेकिन अब तक किसी भी महिला कर्मी को मानदेय नहीं मिला। संगठन का कहना है कि मात्र दो हजार रुपये मासिक मानदेय पाने वाली जलसहियाओं का लगभग 12 माह का भुगतान लंबित है, जो महिलाओं



जलसहिया कर्मी भूख हड़ताल करते हुए थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन करेंगी संगठन के अनुसार गिरिडीह जिले के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल 1 और 2 में कार्यरत सैकड़ों जलसहियाओं का कई महीनों से मानदेय लंबित है।

जबकि सरकार द्वारा पूर्व में ही लंबित भुगतान के लिए विभाग को राशि आवंटित कर दी गई थी। इसके बावजूद कई जलसहियाओं का मानदेय अब तक रोक कर रखा गया है महिला जलसहिया संगठन के प्रतिनिधियों ने कई बार कार्यपालक अभियंताओं से मिलकर भुगतान की मांग की, लेकिन हर बार केवल के साथ अन्याय है। इसी के विरोध में 8 मार्च को दोनों कार्यपालक अभियंताओं के कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल और थाली बजाओ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा संगठन ने बताया कि इस संबंध में दोनों कार्यपालक अभियंताओं को लिखित सूचना दे दी गई है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त गिरिडीह, मुख्यमंत्री झारखंड, प्रधानमंत्री, संबंधित विभागीय मंत्रियों तथा नगर थाना और अनुमंडल पदाधिकारी को भी भेजी गई है। संगठन ने जिले की सभी जलसहियाओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 की कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी जिला हजारीबाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पैराडाइज रिसोर्ट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में विनय जायसवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री सुमन कुमार ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के



चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा सामूहिक रूप से वंदे मातरम गाकर किया गया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कार्यशाला के विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, अशोक यादव तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.पी. ओझा ने भी संबोधित किया। मुख्य प्रशिक्षक विनय जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 भाजपा कार्यकताओं के लिए एक महत्वपूर्ण वैचारिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य एकात्म मानववाद, राष्ट्र सेवा और संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करना है। कार्यशाला में सात प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास एवं विकास, कार्यकर्ता विस्तार एवं हमारी दृष्टि, कार्य पद्धति, सरकारों की उपलब्धियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रतिभा दर्शन शामिल रहे। कार्यक्रम में सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह राठौड़, अभिमन्यु प्रसाद, गणेश यादव, चंद्रनाथ भाई पटेल, सुनील मेहता, रमेश ठाकुर, रेणुका साहू, दामोदर सिंह, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, अरविंद सिकरवार, टोनी जैन, मनमीत अकेला, इंद्र नारायण कुशवाहा, महेंद्र बिहारी, तनवीर अहमद और अजीत चंद्रवंशी सहित हजारीबाग जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल संयोजक टोली के सदस्य उपस्थित थे।

# चार वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी

## मामला कांटा पहाड़ी खदान हादसे का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के कांटा पहाड़ी मां अंबे आउटसोर्सिंग पैच में हुए भीषण भू-धंसान और सात लोगों की मौत के मामले में खान सुरक्षा महानिदेशालय ने जांच पूरी कर ली है।

लंबी जांच और वैज्ञानिक अध्ययन के बाद, डीजीएमएस ने सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी का दोषी पाते हुए तत्कालीन समेत चार वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ धनबाद सीजीएम (न्यायालय) में 24 फरवरी को को मामला दर्ज कराया है।

इसकी पुष्टि डीजीएमएस के निदेशक स्तर के अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। इधर इस मामले की जांच डीजीएमएस के तीन सदस्यीय टीम ने भी पूरी की।

लंबे समय बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। कतरास क्षेत्र की आउटसोर्सिंग पैच में हुए भू-धंसान और लैंडस्लाइड के कारण एक वैन 400 फीट गहरी खाई में गिर गई थी, जिसमें सात लोगों (मजदूरों और कर्मचारियों) की दुखद मृत्यु हो गई थी। हादसे के बाद डीजीएमएस और विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन किया।

जांच में पाया गया कि माइनिंग सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी, जिसके कारण यह जानलेवा दुर्घटना हुई। डीजीएमएस ने धनबाद जिला न्यायालय में इन अधिकारियों के खिलाफ माइंस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दायर किया है।

इस कानूनी कार्रवाई के बाद अब न्यायालय द्वारा इन अधिकारियों को समन जारी किया जाएगा।मां अंबे आउटसोर्सिंग पैच में सितंबर 2025 की शुरुआत में बड़ा भू-धंसान हुआ, जिससे 400 फीट गहरी खदान में सर्विस वैन गिरने से मजदूरों की मौत हो गई।

26 घंटे चले बचाव अभियान के बीसीसीएल टीम के बाद सभी शव बरामद किए गए। यह दुर्घटना ओबी (ओवरबर्डन) स्लाइड होने के कारण हुई।

सातवां व्यक्तिः बचाव अभियान के दौरान बरामद अंतिम शवों में से एक की पहचान शुरू में अज्ञात के रूप में हुई थी, लेकिन बाद की रिपोर्टों में कुल मृतक संख्या 7 पुष्ट की गई है। कतरास में कांटा पहाड़ी स्थित बीसीसीएल की एकेडब्ल्यूएमसी परियोजना में पांच सितंबर को हुए हादसे की जिम्मेदार मलबे के पहाड़ की ढलान को माना गया है।

इस परियोजना में खनन मां अंबे माइनिंग कंपनी कर रही थी। खदान हादसे का अध्ययन करने वाले बीआईटी सिंदरी के विज्ञानियों का मानना है कि ओबी डंप (कोयला खनन से निकले मलबे का पहाड़) तैयार करने में मानकों का उल्लंघन किया गया। टीम ने अपनी रिपोर्ट बीसीसीएल प्रबंधन को दी है।

## मामूली विवाद में हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर थाना अंतर्गत हुट्टी बाजार रविदास मोहल्ला तरफ गुरुवार रात को डीजे बजाने से मना करने व बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। मौके पर एक युवक ने चाकू, भुजाली से प्रहार कर अजय दास की हत्या कर दी गई।

मृतक के भाई ने बताया कि मोहल्ले के ही रवि दास बच्चों के विवाद के बाद चाकू लेकर मौके पर पहुंचा और अजय दास पर ताबड़तोड़ प्रहार करने लगा। इस दौरान बीच-बचाव करने आए कुछ लोगों पर भी उसने चाकू से हमला किया।

गंभीर रूप से घायल अजय दास को आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सक ने अजय को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी लेने के बाद जांच और आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# बिहार में हो रही राजनीतिक उथल-पुथल का झारखण्ड भाजपा में भी होगा असर ?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा में नामांकन के साथ ही झारखंड में एनडीए की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के सामाजिक समीकरण भी नए सिरे से तय होंगे। राज्य में आजसू और जदयू भाजपा की दो बड़ी सहयोगी पार्टी है।

दोनों के विधायक तो कम हैं लेकिन इनका पूरे झारखंड में विस्तार है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी और झारखंड के अध्यक्ष आदित्य साहू दोनों ही वैश्य समुदाय से आते हैं।

कुड़मी वोटों के लिए भाजपा झारखंड में सुदेश महतो की आजसू के साथ गठबंधन करती रही है। हालांकि बिहार में जदयू नेता नीतीश कुमार के चेहरे को झारखंड में भी भाजपा प्रचारित करती है। अब बिहार में भाजपा के मुख्यमंत्री बनने की बात हो रही है।

बिहार में अगर किसी पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो झारखंड भाजपा को भी ओबीसी समाज के बीच मजबूत संदेश देने में आसानी होगा।

राज्य में कुड़मी समुदाय की बड़ी संख्या है। आजसू भाजपा की पारंपरिक सहयोगी रही है। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में कुड़मी मतदाता जयराम महतो के साथ चले गए।

इसका नुकसान आजसू से ज्यादा भाजपा को हुआ। अब पार्टी झारखंड में कुड़मी समाज को सीधे अपने साथ जोड़ने की योजना पर काम करेगी।


तीन साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी अपने ही किसी मजबूत कुड़मी नेता को प्रदेश में महत्वपूर्ण भूमिका दे सकती है।

झारखंड में जदयू के अकेले विधायक सरयू राय ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा भेजने के निर्णय पर और इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं। सरयू राय जदयू से पूर्व निर्दलीय विधायक के तौर पर भाजपा के विरोध में रहे हैं। अब नए घटनाक्रम पर उनकी प्रतिक्रिया इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सरयू राय नीतीश कुमार के साथ राजनीति करने वाले नेताओं में शामिल हैं।

बिहार और झारखंड में ओबीसी समुदाय को नेतृत्व देने के बाद प्रदेश भाजपा की नई बनने वाली कमेटी में सामान्य जाति के नेताओं को महत्व मिलने की उम्मीद है।

भाजपा ने रवींद्र राय को कार्यकारी अध्यक्ष से हटाकर उस वक्त आदित्य साहू को यह पद दिया था। अब आदित्य साहू पूर्णकालिक अध्यक्ष हैं तो रवींद्र राय समेत कई सामान्य नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# 11 साइबर ठगों को भेजा गया जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** साइबर ठगी के आरोपितों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके तहत साइबर ठगी के आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान के 11 साइबर ठगी के आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पकड़े गए आरोपितों में जिले के पथरोल थाना क्षेत्र के फुलराम गांव निवासी चंदन कुमार, इसी थाना क्षेत्र के सिमरातरी गांव निवासी राहुल कुमार दास, इसी गांव के राहुल कुमार दास, कुंदन कुमार, इसी थाना क्षेत्र के पिताँजिया गांव निवासी दिवाकर महरा, जिले के सारठ थाना क्षेत्र के पथरड्डा थाना क्षेत्र के उबिया गांव निवासी जब्बार अंसारी, जिले के करौं थाना क्षेत्र के जगाडीह गांव निवासी दीपक कुमार मंडल, प्रिंस कुमार मंडल, जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के पतरो गांव निवासी नीरज कुमार दास, जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के तिलौना गांव निवासी संजय कुमार दास, जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के पदनबोना गांव निवासी रोहित कुमार यादव शामिल हैं। इन सभी को पुलिस ने पथरौल थाना क्षेत्र के सरहैता गांव के पास स्थित जंगल से पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने 11 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड और 1.01 लाख रुपया नकद बरामद किया है। पैसा पकड़े गए आरोपित नीरज कुमार दास के पास से बरामद किया गया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि ये पैसा साइबर ठगी का पैसा है।

उसने ये पैसा निकालकर घर में रखा था। पुलिस ये पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये पैसा किससे ठगी की गयी है। वहीं ये पैसा उस तक कैसे पहुंचा। पूछताछ के क्रम में इन आरोपितों ने वे मुख्य रूप से गुगल पर विभिन्न कंपनी के कस्टमर केयर नंबर की जगह अपना फर्जी मोबाइल नंबर डाल देते हैं।

उसके बाद जब परेशानी होने पर लोग मदद के लिए उस नंबर पर काल करते हैं तो लोगों को अपने झांसा में ले लेते हैं। उसके बाद उन्हें ठगी का शिकार बनाते हैं। इसके अलावा ये लोग फोनपे व पेटीएम का कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर लोगों को काल करते हैं।

उसके बाद उन्हें इनाम व कैश का झांसा देते हैं। बाद में आफर के नाम पर उन्हें ठगी का शिकार बनाते हैं। छापेमारी दल में साइबर थाना के इंस्पेक्टर नागेन्द्र कुमार मंडल, एसआइ संतोष कुमार मंडल, पथरौल और पथरड्डा थाना की पुलिस टीम शामिल थी। पूछताछ करने के बाद सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

# ड्रोन कैमरे से किए जा रहे सर्वे को लेकर तनाव की स्थिति

## लोगों ने पुलिसकर्मियों को रोके रखा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के कैमा गांव में बीती शाम को ड्रोन कैमरे से किए जा रहे जमीन सर्वे को लेकर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। गांव के लोगों ने थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा सहित आठ पुलिसकर्मियों को घेर लिया और उन्हें कई घंटे तक गांव में ही रोके रखा। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों में हलचल बढ़ गई। इसके बाद डीएसपी अरविंद अतिरिक्त पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और स्थिति को संभाला और पुलिसकर्मी वापस गांव से निकले। बताया जाता है कि पुलिस को टीम ड्रोन कैमरे से जुड़े मामले को कुछ चिह्नित युवकों को हिरासत में लेने गांव पहुंची थी। पुलिस द्वारा युवकों को अपने साथ ले जाने की सूचना मिलते ही गांव के काफी लोग एकत्र हो गए और पुलिस टीम को चारों ओर से घेर लिया।

सदर थाना क्षेत्र के कैमा गांव में पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच मारपीट में डेढ़ दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी घायल हो गए है। जिसमें राजेश कुमार शर्मा पिता विजय कुमार शर्मा उम्र 35 वर्ष, तिलेशमोर लकड़ा उम्र 42 वर्ष, रामकिशोर उरांव स्व छठु उरांव उम्र 39 वर्ष, प्रताप गुईयां पिता नेताई गुईयां उम्र 45 वर्ष शामिल हैं।

वहीं, रामाकांत गुप्ता पिता ओमप्रकाश गुप्ता उम्र 33 वर्ष, राहुल सिन्हा पिता स्व. सुभाष प्रसाद उम्र 32 वर्ष, धर्मवीर सिंह पिता स्व. कामेश्वर सिंह उम्र 52 वर्ष, मोहन रविदास पिता स्व. कोकील रविदास उम्र 48 वर्ष, आईआरबी जवान राजेश झा उम्र 50 वर्ष, आईआरबी जवान कृष्ण मुरारी पिता वीरेंद्र प्रसाद उम्र 52 वर्ष घायल हो गए।

घायलों में शैलेंद्र कुमार सिंह उम्र 57 वर्ष, रोबिन महतो पिता चंपा महतो उम्र 42 वर्ष, गिरिवर प्रसाद मेहता पिता चित्रगुप्त मेहता उम्र 40 वर्ष, विजय कुमार सिंह पिता भगवान सिंह उम्र 39 वर्ष, सत्यम कुमार पिता राम सिंह उम्र 32 वर्ष, जवाहर उरांव पिता रामकिशुन उरांव उम्र 35 वर्ष, कन्हैया कुमार उम्र 37 वर्ष, प्रेमचंद पांडेय पिता राम पांडेय उम्र 38 वर्ष व अरविंद तिवारी पिता बालमुकुंद तिवारी उम्र 41 वर्ष का नाम शामिल है।

सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. श्रेयांश कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए तीन पुलिस पदाधिकारी कृष्ण मुरारी, शैलेंद्र कुमार सिंह एवं तिलेश्मोर लकड़ा को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है।

# नशीला पदार्थ सुंघाकर नाबालिग से दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** होली की शाम शहर में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, यहां 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को डरा-धमका कर बुलाने के बाद उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

इस मामले में पीड़िता ने सरायढेला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपित युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, पुलिस इस मामले में कुछ पहलुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल केंद्रीय अस्पताल के पास सीसी टीवी कैमरा भी खंगाल रही है। पीड़िता का मेडिकल जांच कराने की तैयारी में भी जुटी है।

पीड़िता के अनुसार, वह बुधवार सुबह अपने मोहल्ले की एक दुकान पर गई थी। इसी दौरान पड़ोस के ही रहने वाले युवक ने उसका रास्ता रोक लिया।

आरोपित ने उसे पूर्व में परेशान किया था। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसे धमकी देते हुए कहा कि अगर वह उससे मिलने सेंट्रल अस्पताल के ओपीडी के पास नहीं आई, तो वह उसे नुकसान पहुंचाएगा। डर के मारे पीड़िता उससे मिलने पहुंच गई।

शिकायत के मुताबिक, अस्पताल के पास पहुंचने पर आरोपित ने पीड़िता पर अनैतिक दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपित ने जबरन उसके मुंह पर हाथ रख दिया, जिससे किसी नशीली दवा जैसी गंध आ रही थी। इसके बाद नाबालिग बेहोश हो गई।

पीड़िता ने बताया कि जब उसे होश आया, तो वह एक बाथरूम में बंद थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे और कपड़े अस्त-व्यस्त थे। बदहवास हालत में जब उसने शोर मचाया, तो वहां मौजूद एक महिला ने दरवाजा खोला।

पीड़िता ने उसी महिला के फोन से अपने परिजनों को सूचित किया। वर्तमान में पीड़िता का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है।

## कई ट्रेनों को किया गया रद्द

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत रेल लाइन को दुरुस्त करने के लिए 09 से 15 मार्च के बीच 'रोलिंग ब्लॉक' लिया जा रहा है। इस मरम्मत कार्य के कारण रेलवे ने 08 ट्रेनों को पूरी तरह रद्द करने और 04 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का सीधा असर झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हजारों दैनिक यात्रियों पर पड़ेगा।कुछ ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही रोक दिया जाएगा या बीच के स्टेशनों से चलाया जाएगा। टाटानगर-आसनसोल/ बराभूम मेमू (68056/ 68060): 10 मार्च को यह ट्रेन केवल आद्रा स्टेशन तक ही चलेगी। आद्रा से आसनसोल के बीच यह रद्द रहेगी। बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस (13503/13504): 10 मार्च को यह ट्रेन केवल गोमो स्टेशन तक संचालित होगी। गोमो से हटिया के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन नंबर 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस को 11 और 14 मार्च को उसके नियमित मार्ग के बजाय चांडिल, गुंडाबिहार और मुरी होते हुए हटिया भेजा जाएगा।

# राज्यसभा चुनाव में झामुमो ने दो सीटों पर ठोका दावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में मई-जून माह में राज्यसभा की दो सीटों पर होनेवाले चुनाव के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन दल के घटक दल झामुमो ने दावा ठोका है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि दोनों सीटों पर सहयोगी घटक दलों को विश्वास में लेकर प्रत्याशी पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन के राजनीतिक कौशल पर पार्टी को विश्वास है।स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से राज्यसभा की एक सीट पहले से ही खाली है, जबकि दीपक प्रकाश का कार्यकाल जून माह में समाप्त हो रहा है।

आनेवाले महीनों में इन दोनों सीटों पर चुनाव प्रक्रिया शुरू हो सकती है। झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों पर होने वाले आगामी चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन में झामुमो ने मजबूत दावा पेश किया है।

झारखंड राज्यसभा में कुल 6 सीटें हैं। वर्तमान में दो सीटें खाली/रिक्त होने वाली हैं: एक सीट दिशोम गुरु शिबू सोरेन (झामुमो) के निधन (4 अगस्त 2025) के कारण पहले से खाली है दूसरी सीट भाजपा के दीपक प्रकाश की है, जिनका कार्यकाल 21 जून 2026 को समाप्त हो रहा है। इन दोनों सीटों पर चुनाव मई-जून 2026 के आसपास होने की संभावना है, जो 2026 के राज्यसभा द्विवार्षिक चुनावों का हिस्सा होंगे।

झारखंड विधानसभा में सत्तारूढ़ महागठबंधन (झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी-सीपीआई माले आदि) के पास मजबूत बहुमत है (झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, आरजेडी के 4 और सीपीआई माले के 2 विधायक सहित कुल 56 विधायक)।

इसलिए गठबंधन के लिए दोनों सीटें जीतना संभव है, हालांकि सीट बंटवारे पर झामुमो और कांग्रेस के बीच चर्चा जारी है। कांग्रेस ने भी एक सीट पर दावा ठोका है।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने स्पष्ट किया कि प्रत्याशी का फैसला सहयोगी दलों से विचार-विमर्श कर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लिया जाएगा। विपक्षी भाजपा की स्थिति कमजोर है, क्योंकि राज्य में उसका विधायकी आधार सीमित है और दीपक प्रकाश की सीट भी गंवाने की संभावना है।

# जन्मदिन की पार्टी के दौरान डीजे गाड़ी पलटने से चार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के खेन्द्रा पंचायत स्थित पिंडराही गांव में जन्मदिन की पार्टी के दौरान डीजे गाड़ी पलट जाने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच), मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पिंडराही गांव निवासी राजकुमार सिंह के बेटे विकास का जन्मदिन मनाया जा रहा था। केक काटने के बाद लोग डीजे पर नाच-गाना कर रहे थे। इसी दौरान डीजे चालक गाड़ी को बैक कर रहा था, तभी अचानक वाहन पलट गया।

इस हादसे में बाबूलाल सिंह, पवन सिंह, ददन सिंह तथा डीजे मालिक राम जन्म सिंह का 10 वर्षीय पुत्र पंकज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना के बाद ग्रामीणों ने सभी घायलों को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुंचाया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना मिलने के बाद छतरपुर थाना पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

# कतर में रह रहे प्रवासी ने लगायी गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** मध्य पूर्व में जारी अशांति का असर खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों पर साफ दिख रहा है। ईरान और इजरायल के हालिया संघर्ष के बीच कतर में भी एहतियात बढ़ा दी गई है। कतर में अमेरिका का बड़ा सैन्य अड्डा होने के कारण मिलिट्री बेस को निशाना बनाए जाने की खबरों से लोगों के मन में डर समाया हुआ है।

कतर में रह रहे बिहारशरीफ के महलपर निवासी मो. मुनव्वीर आलम उर्फ मोनु बताते हैं कि सबसे ज्यादा हमला अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हो रहा है। मिसाइलें दागी जा रही हैं। मिडल ईस्ट में सबसे बड़ा अमेरिकी मिलिट्री बेस कतर में है।

उन्होंने बताया, इजहां-जहां आसमान से मलबा गिरता है, वहां एम्बुलेंस तुरंत पहुंच जाती है। यहां की सरकार बहुत स्ट्रिक्ट और एक्टिव है। पिछले तीन दिनों से दफ्तर बंद हैं, लोग घरों में ही रह रहे हैं। सोमवार को थोड़ी बहुत बमबारी हुई थी, बाकी माहौल फिलहाल शांत है। कभी-कभी खिड़की से इंटरसेप्ट होते भी दिख जाते हैं। डर तो लगता है। आखिर अपना देश अपना ही होता है।"

मुनव्वीर आलम ने कहा कि समय पर ईद पर घर लौटने की तमन्ना इस बार अधूरी रह गई। कोई भी अपना वतन शौक से नहीं छोड़ता, रोजगार की तलाश में बाहर आना पड़ता है मोनू ने बताया कि बिहारशरीफ और अस्थावां के रहने वाले शाहबाज, उजैर, इमरान, दिलशाद और तबरेज सभी एक दूसरे के संपर्क में हैं। बस फ्लाइट खुले तो वतन वापसी करें।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 296_2025-26, दिनांक 04.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा** के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरणः** वरिष्ठ मंडल अभियंता (को-ऑर्डिनेशन)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के किसी भी स्थान पर/अन्य मंडल में ट्रेलर के प्रयोग द्वारा सभी प्रकार की पी. वे सामग्रियों यानी रेल, स्विच, क्रॉसिंग इत्यादि तथा ट्रक के प्रयोग द्वारा ईआरसी, बोल्टों एवं नटों, बीयरिंग प्लेटों तथा अन्य पी. वे सामग्रियों तथा ट्रैक मशीन के पुर्जों यानी कॉनवेयर बेल्टों, कटर, चेनों, वीयर प्लेटों, फिल्टरों, वॉल्वों, सिलिंडिरों, बैटरियों, पम्पों, मोटर इत्यादि के परिवहन के साथ साइट के अभियंता के निर्देश पर 30 मी की लीड के भीतर मल्टीपल ट्रैकों की सभी लीड, लिफ्ट के साथ यांत्रिक लोडिंग, अनलोडिंग तथा ढेरी लगाना, पृथकीकरण इत्यादि। **अनुमानित लागत :** रु. 5,03,77,737.25; **बयाना राशिः** रु. 4,01,900; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 09 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 27.03.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-676/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1289-2025-26, कार्य का विवरणः** एक (01) वर्ष के लिए कोलकाता टर्मिनल से यात्रा आरम्भ करने वाली ट्रेनों में एसी के संचालन के लिए एसी कोचों में एस्कर्टिंग ड्युटी, समस्या समाधान, रिकार्ड रखने, एचओजी तथा अन्य कपलिंग को जोड़ने तथा अलग करने, एसी एवं गैर एसी कोचों में रेलमदद ध्यान देने, रेलवे प्राधिकारियों के साथ संचार तथा मार्ग में आवश्यकता पड़ने पर ओईडी को सहायता प्रदान करने के लिए आउटसोर्स्ड कुशल एवं इसके गैर-कुशल सहायता। **निविदा मूल्यः** रु. 6,75,98,257.04; **बयाना राशिः** रु. 4,88,000; **समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1304-2025-26, कार्य का विवरणः** सियालदह मंडल के तहत विभिन्न रेलवे कॉलोनियों, स्टेशनों, यार्ड इत्यादि में यूजी केबल द्वारा ओच लाइन का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 85,80,196; **बयाना राशिः** रु. 1,71,600; **समापन अवधिः** 06 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1305-2025-26, कार्य का विवरणः** आरओएच शेड नैहाटी में सीएनसी सर्फेस ह्वील लेथ में विद्युत ऊर्जा की आपूर्ति। **निविदा मूल्यः** रु. 9,29,774; **बयाना राशिः** रु. 18,600; **समापन अवधिः** 03 महीने। **क्रमांक 4, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1272-2025-26, कार्य का विवरणः** नंगी एवं ब्रेस ब्रिज स्टेशन में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली द्वारा वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 54,72,349.20; **बयाना राशिः** रु. 1,09,500; **समापन अवधिः** 15 महीने। **क्रमांक 5, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1301-2025-26, कार्य का विवरणः** माझेरहाट स्टेशन में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली द्वारा वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 25,26,527.80; **बयाना राशिः** रु. 50,500; **समापन अवधिः** 12 महीने। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तारीखः** क्रमांक 1 के लिए 26.02.2026 तथा क्रमांक 2, 3, 4 एवं 5 के लिए 27.02.2026; **बोली शुरू होने की तारीखः** क्रमांक 1 के लिए 13.03.2026 तथा क्रमांक 2 एवं 3 के लिए 09.03.2026 तथा क्रमांक 4 एवं 5 के लिए 18.03.2026। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** क्रमांक 1 के लिए 27.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तथा क्रमांक 2 एवं 3 के लिए 23.03.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तथा क्रमांक 4 एवं 5 के लिए 01.04.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-429/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**PERSONAL NOTICE**

I ISRAR AHMAD S/O SALAHUDDIN AHMAD R/O House No-S 13 Road No-1 Mango Jamshedpur Azadragar East Singhbhum Jharkhand-832110 name of mine and my father has been wrongly written as MD ISRAR and MD SALAUDDIN in my 10th class certificate name of my father has been wrongly written as MD SALAHUDDIN in my 12th class certificate name of mine and my father has been wrongly written as MD ISRAR and MD SLAUDDIN in my B.A. Degrees and name of mine and my father has been wrongly written as MOHAMMAD ISRAR and MOHAM-MAD SALAUDDIN in my Passport No.T9488073 and In my Aadhaar Card No.354562889940. The actual name of mine and my father are ISRAR AHMAD and SALAHUD-DIN AHMAD.



**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत कैटरिंग सेवाओं तथा मोबाइल फूड वैन का प्रावधान**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा (नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा, पिन-711101) द्वारा हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में 05 वर्षों की अवधि के लिए **03 अदद प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट (पीबीसीओ)** तथा **01 अदद मोबाइल फूड वैन** के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। पात्रता एवं कारोबार के मानदंड संविदा की विशेष शर्तों के पैरा 2 (ई-नीलामी लॉट में अपलोड किया गया है) के अनुसार होंगे। अधिक जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखें। नीलामी का विवरणः **नीलामी सूचीपत्र सं.: एमआईएससीस्टेटिक-एचडब्ल्यूएच। सिक्वेंस; लॉट सं./श्रेणी; विवरण; बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **एबी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-पीएस-72-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-प्रीमियम स्टोर्स); 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, संचालन एवं प्रबंधन (हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉमप्लेक्स, यात्री निवास प्रवेश द्वार के बगल में); 12.03.2026, अपराह्न 02.40 बजे। **एबी/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-पीएस-73-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-प्रीमियम स्टोर्स); 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, संचालन एवं प्रबंधन (हावड़ा स्टेशन, ओल्ड कॉमप्लेक्स, पार्सल प्रवेश निकासी द्वारा के निकट); 12.03.2026, अपराह्न 02.50 बजे। **एबी/3;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-पीएस-74-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-प्रीमियम स्टोर्स); 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, संचालन एवं प्रबंधन (डानकुनी स्टेशन, न्यू कॉलोनी के निकट); 12.03.2026, अपराह्न 03.00 बजे। **एए/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-यूपीए-एसटीजीईएन-67-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); 05 वर्षों के लिए मोबाइल फूड वैन की संचरना, संचालन एवं रखरखाव (उत्तरपाड़ा स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया); 12.03.2026, अपराह्न 02.30 बजे। **न्यूनतम वृद्धिः** सिक्वेंस सं. एबी/1, एबी/2, एबी/3 एवं एए/1 के लिए 0.2%। **ईएमडीः** सिक्वेंस सं. एबी/1, एबी/2, एबी/3 एवं एए/1 के लिए 10%। **अपेक्षित कारोबारः** अपेक्षित कारोबार सिक्वेंस सं. एबी/1, एबी/2, एबी/3 के लिए संविदा की विशेष शर्तों के पैरा 2(v) के अनुसार होगी तथा एए/1 के लिए शून्य। (HWH-679/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# डोला कीर्तन जुलूस पर उपद्रवियों ने किया पथराव

## चौकीदार सहित कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिले में होली के दौरान एक बड़ा विवाद सामने आया है। यहां लक्ष्मी नारायण भगवान के डोला कीर्तन जुलूस पर उपद्रवी तत्वों ने अचानक पथराव कर दिया। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों घायलों का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, हाबीभौआड़ गांव स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में भजन-कीर्तन समाप्त होने के बाद भगवान की सजी हुई डोली को श्रद्धालुओं द्वारा पूरे गांव में भ्रमण के लिए शोभायात्रा के रूप में निकाला गया था। यह जुलूस गांव के अलग-अलग मोहल्लों से गुजरते हुए आगे बढ़ रहा था। सूत्रों ने बताया कि जैसे ही जुलूस दलित मोहल्ले में पहुंचा, घात लगाए कुछ उपद्रवी तत्वों ने अपने घरों की छतों से अचानक पथराव शुरू कर दी। पत्थरबाजी होते ही जुलूस में शामिल लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस घटना में जुलूस के साथ चल रहे पुलिसकर्मी और चौकीदार रामविलास समेत कई लोग घायल हो गए। वहीं भगवान का डोला उठाने वाले परमेश्वर झा और अनिल ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में भर्ती कराया गया, जहां से दो गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम मनीष कुमार झा, एसडीपीओ बासुकीनाथ झा, बीडीओ प्रवीण कुमार और सीओ अश्विनी कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पूरे गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। घायलों का आरोप है कि गांव के एक बर्खास्त सिपाही के इशारे पर जुलूस पर पथराव कराया गया। इस मामले में प्राथमिकी नियुक्त दंडाधिकारी सह बीएओ धर्मेंद्र गुप्ता के आवेदन पर थाने में मनोज पासवान सहित चार नामजद और करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# जिप सदस्य के घर के बाहर बदमाशों ने फोड़ा बम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात बम फेंकने की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। बदमाशों ने रूपसपुर गंगटी के पास जिला परिषद सदस्य भोला चौधरी के घर के बाहर बम फेंककर सनसनी फैला दी। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, बीती देर रात कुछ अज्ञात बदमाश भोला चौधरी के घर के पास पहुंचे। इसी दौरान उन्होंने घर के बाहर बम फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। अचानक हुए धमाके से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों में भय का माहौल बन गया और देर रात तक लोग इस घटना को लेकर चर्चा करते रहे।

पीड़ित जिला परिषद सदस्य भोला चौधरी ने बताया कि इससे पहले भी उनके घर के बाहर बम फेंके जाने की घटना हो चुकी है। उस समय भी मामले की शिकायत बुनियादगंज थाना में दर्ज कराई गई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से परिवार के लोग काफी भयभीत हैं। उन्होंने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

घटना की सूचना मिलने के बाद बुनियादगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही घटना में शामिल बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का जलडेगा बंद रहा असरदार

## भाजपा नेता की असामयिक मौत से गरमाया माहौल

## अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड के सिमडेगा जिले में भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर सिंह की असामयिक मौत के बाद माहौल गरमा गया। अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जलडेगा बंद का आह्वान किया। गुरुवार सुबह से ही बंद समर्थक सड़कों पर उतर आए, जिससे पूरे इलाके में जनजीवन प्रभावित हो गया। बाजार बंद रहे और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही लगभग ठप हो गई।सुबह से ही जलडेगा की मुख्य सड़कों पर बंद समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर सड़क जाम कर दिया और वाहनों की आवाजाही रोक दी। इस दौरान लोग दोषियों को सजा दो और स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारो जैसे नारे लगाते नजर आए। बंद का असर इतना व्यापक रहा कि लंबी दूरी की बसों को भी रास्ते में रोक दिया गया। प्रदर्शन के दौरान गांगुटोली से रांची जा रही यादगार बस को भी प्रदर्शनकारियों ने बीच रास्ते में रोक दिया। बस में सवार यात्रियों को काफी देर तक सड़क पर ही इंतजार करना पड़ा। निजी वाहनों को भी आगे बढ़ने नहीं दिया गया, जिससे कई बाइक और कार सवारों को वापस लौटना पड़ा।प्रदर्शन पर उतरे लोगों और परिजनों का कहना है कि रामेश्वर सिंह को समय पर उचित इलाज नहीं मिल सका। उनका आरोप है कि अस्पताल में आपातकालीन सुविधाओं की कमी थी और ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों ने भी गंभीरता नहीं दिखाई। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते बेहतर इलाज मिल जाता, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी।

घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जलडेगा के प्रमुख चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने और जाम हटवाने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल लोग अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

# जुम्मे की नमाज में मांगी गयी अमन-चैन की दुआ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में रमजान माह के तीसरे जुम्मे की नमाज अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई। प्रखंड के परशुराम, रहटौली, पूरा, हबका, सहित विभिन्न गांवों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों और नमाजियों ने जुम्मे की नमाज अदा की तथा देश और समाज में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी इस दौरान शिवाजीनगर प्रखंड के परशुराम गांव स्थित समीर सुन्नी जामा मस्जिद में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने अल्लाह तआला से क्षेत्र में सुख-शांति, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी।समीर सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद मुराद ने बताया कि रमजान का महीना इस्लाम में बहुत ही पाक और बरकतों वाला महीना माना जाता है। इस महीने में रोजा रखने, नमाज अदा करने और नेक काम करने से अल्लाह तआला बेहद खुश होते हैं और बंदों की दुआ कबूल करते हैं उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें तथा आपसी भाईचारा और मोहब्बत बनाए रखें।

# कांग्रेस ने भाजपा पर कसा तंज

**पटना।** बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, दामोदर गोस्वामी, विशाल कुमार, मुन्ना मांझी, अरविंद कुमार यादव आदि ने कहा कि विश्व के प्रमुख लोकतांत्रिक देश भारत को रूस से तेल खरीदने की अनुमती की चर्चा पर केंद्र की मोदी सरकार को खुश होना उनकी कायरता और कम्परमाईजड़ प्रधानमंत्री का लक्षण है जो हमारे देश की संप्रभुता और साख के साथ सौदा करने जैसा है।

नेताओं ने कहा कि अनुमति वहां ली जाती है, जहां कोई बंधन होते हैं, बंधन वहां होते हैं जहां कोई समझौता या करार होता है।

समझौता वहां होता है जहां हस्ताक्षर हो चुके होते हैं, क्या भारत अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं ? जब हस्ताक्षर ही नहीं हुए, तो समझौता कैसा? जब समझौता ही नहीं, तो बंधन कैसा? जब बंधन ही नहीं तो अनुमति क्यों? क्या यह एपस्टिन का बंधन है।

# प्रधानाध्यापकों की बैठक में विद्यालय की समस्याओं पर मंथन

## विधायक ने दिए एरियर भुगतान के निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड व नगर क्षेत्र के प्रारंभिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को एकमा में प्रधानाध्यापकों व प्रधान शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह बीआरसी समन्वयक योगेंद्र बैठा ने की। यह बैठक स्थानीय विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह के निर्देश पर प्रखंड स्तर पर तीन चरणों में अलग-अलग स्थानों व समय पर आयोजित की गई।

बैठक की शुरूआत में मौजूद प्रधानाध्यापकों और शिक्षक नेताओं ने विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह का फूल-माला और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान शिक्षक नेता व प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, समरेंद्र बहादुर सिंह, कुमार रश्मि रंजन, दीपक कुमार, शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य प्रधानाध्यापकों व प्रधान शिक्षकों ने विधायक का अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी ने कहा कि विधायक धूमल सिंह तथा राज्य सरकार के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल हुई हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के परसागढ़ और लहलादपुर में दो डिग्री कॉलेज खोलने की स्वीकृति मिलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही विद्यालयों में शिक्षक, भवन, किताब, कॉपी, स्कूल बैग, ड्रेस और साइकिल जैसी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

वहीं विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक ने बीईओ को एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार शिक्षकों के लंबित एरियर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराने का निर्देश भी दिया। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं की स्थिति, छात्र-छात्राओं के नामांकन, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत पहले चरण में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, एकमा में आयोजित की गई। वहीं दूसरे चरण में एकमा अंचल-1 और अंचल-2 के सभी प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा प्रधान शिक्षकों की बैठक प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) एकमा में हुई।

इस मौके पर बीईओ सह बीआरसी समन्वयक योगेंद्र बैठा ने सभी प्रधानाध्यापकों और प्रधान शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय पर विद्यालय में मौजूद रहते हुए सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ छात्रों तक पहुंचाएं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें।

बैठक में प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, विपिन सिंह, मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, समरेंद्र बहादुर सिंह, कुमार रश्मि रंजन, रंजन कुमार, शैलेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, अभिषेक कुमार तिवारी, सुधीर कुमार सिंह, उमेश कुमार साह, राजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक व प्रधान शिक्षक मौजूद रहे।

# टाइगर एनालिटिक्स के मुजफ्फरपुर में दो दिवसीय डेटा एनालिसिस वर्कशॉप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** वैश्विक एंटरप्राइज एआई और एनालिटिक्स कंसल्टिंग फर्म टाइगर एनालिटिक्स ने अखिल भारतीय युवा उत्थान एवं समाज कल्याण संस्थान और एन्क्विरियस के साथ साझेदारी में मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय डेटा एनालिटिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह पहल टाइगर एनालिटिक्स के व्यापक विजन का पहला कदम है, जिसके तहत अगले दो वर्षों में बिहार के इंजीनियरिंग कॉलेजों के हजारों छात्रों को एआई तकनीकों में प्रशिक्षित और सक्षम बनाया जाएगा। सत्रों का संचालन एन्क्विरियस के सुनील कुमार और टाइगर एनालिटिक्स के राकेश श्रीरामुला ने किया। इस अवसर पर टाइगर एनालिटिक्स के सीईओ और संस्थापक डॉ. महेश कुमार ने कहा कि बिहार हमेशा से इंटेलेक्चुअल टैलेंट का पावरहाउस रहा है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ये छात्र केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत ही न हों, बल्कि वैश्विक एआई और डेटा इकॉनमी में सफल होने के लिए पूरी तरह इंडस्ट्री-रेडी भी हों। वहीं एन्क्विरियस के सीईओ और संस्थापक अमित चौधरी ने कहा कि एमआईटी मुजफ्फरपुर के साथ साझेदारी एक बेहतरीन अनुभव रही है।

# भोजपुरी सिनेमा पर दिखा चढ़ल फगुआ के रंग का प्रीमियर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** एंटर10 नेटवर्क के सबसे बड़े होली शो चढ़ल फगुआ के रंग 2026 का प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा पर दिखाया गया। यह मेगा फेस्टिव इवेंट खास तौर पर भोजपुरी सिनेमा पर प्रसारित हुआ जिसमें म्यूज़िक, डांस, स्टार पावर और होली की अनोखी भावना से भरपूर एक हाई-एनर्जी सेलिब्रेशन हुआ। एंटर 10 नेटवर्क के एमडी मनीष सिंघल के कहा कि एंटर 10 नेटवर्क का लक्ष्य हर त्योहार को परंपरा और आधुनिकता के अद्भुत संगम के साथ मनाना है। इस वर्ष हमारा प्रमुख होली उत्सव चढ़ल फगुआ के रंग एक बार फिर दर्शकों के बीच अपनी सांस्कृतिक विरासत का जादू बिखेरना था। चढ़ल फगुआ के रंग परिवारों को जोड़ने और हमारी अनमोल सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने की हमारी एक प्रतिबद्धता है।

हमें पूरा विश्वास है कि निरंतरता और गौरव की अपनी इसी विरासत के साथ, यह उत्सव इस साल भी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय होगा। इस स्पेशल शो में भोजपुरी सुपरस्टार्स की जबरदस्त टीम शामिल रही जिसमें खेसारी लाल यादव, रितेश पांडे, अक्षरा सिंह, नीलम गिरी, राकेश मिश्रा, मणि भट्टाचार्य, ऋतु सिंह, आर्यन बाबू, ऋचा दीक्षित, डिंपल सिंह सहित बहुत से सितारे शामिल रहे।

## तेजाब फेंक कर किया जख्मी

**पूर्णिया।** किशनगंज में जिला अंतर्गत सुखानी थाना क्षेत्र के कादोगॉव में आपसी विवाद को लेकर एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसमें एक पड़ोसी ने दूसरे पक्ष पर गर्म पानी में तेजाब मिलाकर हमला किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

## सीओ पर प्राथमिकी

**दरभंगा।** मनीगाछी प्रखंड के राजे गांव के वार्ड नंबर 5 में एक महादलित परिवार के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली देने के आरोप में सीओ रविकांत के खिलाफ एससी/एसटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार, सीओ रविकांत अपने दो सहयोगियों के साथ रेखा देवी के घर पहुंचे और कहा कि उनका घर सरकारी जमीन पर बना है और इसे खाली करना होगा। रेखा देवी ने बताया कि उनके पास घर बनाने का बॉसगीत पर्चा मौजूद है और उनका परिवार लंबे समय से इसी जमीन पर रहता है। हालांकि, आरोप है कि इस दौरान सीओ ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जब महिला का पति सुकन चौपाल उन्हें बचाने आया, तो उसे भी पीटा गया और उसके चश्मे के टूटने से आंख को चोट आई। इसके बाद सीओ ने महिला और उसकी दो बेटियों सहित परिवार के अन्य सदस्यों को जबरन गाड़ी में बैठाकर थाना ले जाकर हाजत में बंद करवा दिया। जख्मी दो लोगों को इलाज के लिए पीएचसी भेजा गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर किया गया।

# सैमसंग गैलेक्सी एस26 के प्री-ऑर्डर की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग इंडिया ने अपनी नई एआई-पावर्ड स्मार्टफोन सीरीज सैमसंग गैलेक्सी एस26 के प्री-ऑर्डर की घोषणा की है। इस सीरीज में गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस26 प्लस और गैलेक्सी एस26 शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, गैलेक्सी ़26 सीरीज एजेंटिक एआई अनुभव, दमदार परफॉर्मेंस, उन्नत कैमरा सिस्टम और मजबूत सुरक्षा फीचर्स के साथ आती है। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा में इन-बिल्ट प्राइवेसी डिस्प्ले, कस्टमाइज्ड प्रोसेसर, बेहतर थर्मल मैनेजमेंट और सुपर-फास्ट चार्जिंग 3.0 जैसे फीचर्स दिए गए हैं। कैमरा सिस्टम में बेहतर नाइटोग्राफी, सुपर स्टेडी वीडियो और एआई-आधारित एडिटिंग टूल्स शामिल हैं। वहीं, स्मार्ट एआई फीचर्स यूजर्स को कॉन्टेक्स्ट के आधार पर सुझाव और ऑटोमैटिक सहायता प्रदान करते हैं। सुरक्षा के लिहाज से सीरीज में प्राइवेसी डिस्प्ले, कॉल स्क्रीनिंग, प्राइवेट एल्बम, पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी और नॉक्स मैट्रिक्स अपडेट जैसे फीचर्स शामिल हैं। कंपनी 7 जनरेशन ओएस अपग्रेड और 7 साल तक सिक्योरिटी अपडेट देने का भी वादा करती है। गैलेक्सी एस26 सीरीज के प्री-ऑर्डर 25 फरवरी से शुरू हो चुके हैं। 256 जीबी वेरिएंट प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 512 जीबी में मुफ्त स्टोरेज अपग्रेड का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, 20,000 रुपये तक के बेनिफिट्स और 9 महीने तक की नो-कॉस्ट इएमआई का विकल्प भी उपलब्ध है। गैलेक्सी ़26 सीरीज विभिन्न स्टोरेज वेरिएंट्स और आकर्षक रंगों में उपलब्ध है, जिसकी शुरूआती कीमत 87,999 रुपये है।

# पुलिस पर पथराव मामले में 24 लोगों पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मुंगेर में होली पर्व के दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कटरिया पंचायत अंतर्गत नया टोला दरियारपुर पासवान टोला गांव में डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

विवाद को शांत कराने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा कथित रूप से पथराव किए जाने के मामले में मुंगेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है।

पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि कटरिया गांव से सूचना मिली थी कि कुछ लोग सड़क से गुजरने वाले राहगीरों की बाइक की चाबी छीनकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उस समय कुछ युवक घर के सामने डीजे बजाकर डांस कर रहे थे। पुलिस द्वारा समझाने के बाद स्थिति सामान्य हो गई और टीम वहां से लौट गई।

इसी बीच शाम के समय क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) उसी रास्ते से गुजर रही थी। तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर अचानक पथराव कर दिया, जिसमें दो पुलिस जवान घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद सहित मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ के बाद हमले में शामिल 24 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही कुछ अज्ञात लोगों को भी आरोपित बनाया गया है। बीती रात पुलिस ने गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

इधर पुलिस कार्रवाई से नाराज गांव की तीन दर्जन से अधिक महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। महिलाओं का आरोप है कि 4 मार्च को होली के दिन गांव के कुछ बच्चे साउंड बॉक्स पर नृत्य कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस पहुंची और बच्चों के साथ मारपीट की। जब घर की महिलाएं बाहर निकलीं तो उनके साथ भी कथित रूप से बदतमीजी की गई।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि देर रात भारी संख्या में पुलिस बल गांव पहुंचा और घर-घर तलाशी के दौरान महिला, पुरुष और बच्चों के साथ मारपीट की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने एक गर्भवती महिला के साथ भी मारपीट की। पीड़ित महिलाओं ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2026 में दर्ज की 567351 यूनिट बिक्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2026 में कुल 567351 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 513190 यूनिट घरेलू बाजार में और 54161 यूनिट निर्यात के रूप में शामिल हैं। कंपनी ने फरवरी 2025 की तुलना में 34 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से फरवरी 2026) की वर्ष-से-तारीख अवधि के दौरान, एचएमएसआई ने कुल 5820556 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 5237169 यूनिट घरेलू बिक्री और 583387 यूनिट निर्यात शामिल हैं। एचएमएसआई ने ग्वालियर, कोच्चि, आगरा और मदुरै में सड़क सुरक्षा सम्मेलनों का भी आयोजन किया, जिसमें प्राचार्यों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। इसका उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सुरक्षित सड़क व्यवहार की आदत विकसित करना था। साथ ही, एचएमएसआई ने चेन्नई और जयपुर स्थित अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों की वर्षगांठ मनाई, जो राइडर शिक्षा और सुरक्षित राइडिंग व्यवहार को बढ़ावा देने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर2, दिनांक 05.03.2026;** डेपुटी सीपीएम/विद्युत/जीएसयू/आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे उल्लेखित कार्य को वित्तीय रूप से सम्पन्न करने में सक्षम अपेक्षित निविदादाताओं से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.:** जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर2; **कार्य का नाम:** गति शक्ति इकाई, आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अधीन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सिमुलतला, देवघर, दुमका, विद्यासागर, जामताड़ा, कुमारडुबी, मधुपुर, गिरिडीह, बासुकीनाथ, अंडाल, सिउड़ी, पांडवेश्वर, सीतारामपुर, पानागढ़, शंकरपुर स्टेशनों में अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था (वॉल/हैंगिंग/फ्लोर माउंटिंग टाइप एलईडी आलोकित साइन की डिजाइन, निर्माण, प्रदर्शन, स्थापना/साथ में वायरिंग एवं आनुषंगिक कार्य) में सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,94,97,656.38; **बयाना राशि:** रु. 2,47,500; **कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 09 (नौ) महीने। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 45 दिन। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (ASN-382/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# विकास योजनाओं की स्थिति दयनीय

**भागलपुर।** शहरी क्षेत्र में विकास योजनाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। संवेदक लंबे समय तक कार्य को लटकाए रखते हैं, जिससे नगर निगम की योजनाएं विफल हो जाती हैं। वार्ड 20 में मारवाड़ी कॉलेज के सामने सामुदायिक भवन के पास डीप बोरिंग का कार्य इसका ताजा उदाहरण है। वर्ष 2013 में भूकंप के झटके से डीप बोरिंग का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया था। पार्षद शांडिल्य नंदीकेश ने इस समस्या को सदन में उठाया और नए डीप बोरिंग की योजना को शामिल किया गया। निविदा के बाद डेढ़ वर्ष पहले शिलान्यास हुआ, लेकिन संवेदक ने नौ महीने पहले बोरवेल किया और पाइप डालकर छोड़ दिया।


**आद्रा मंडल के तहत विज्ञापन, एटीएम, पे एंड यूज और पार्किंग अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आद्रा मंडल के तहत विज्ञापन, एटीएम, पे एंड यूज टॉयलेट और पार्किंग अनुबंधों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। ई-नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं., कैटेगरी, नीलामी कैटलॉग सं., लॉट सं./कैटेगरी** और **नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **(1), विज्ञापन,** एडीवीटी80, एडीवीटी-एडीआरए-बीकेएससी-ओएच-132-26-1 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), 20.03.2026 को 12.30 बजे। **(2), एटीएम,** एटीएम09, एटीएम-एडीआरए-एएनआर-जीईएन-14-25-1 (एटीएम-जनरल), 20.03.2026 को 12.30 बजे। **(3) पार्किंग,** पीएआरके109, पार्किंग-एडीआरए-वीकेएससी-एमएक्स-82-26-1 (पार्किंग-मिक्स्ड), 23.03.2026 को 10.30 बजे। **(4), पे एंड यूज,** पेएनयू28, पीएनयू-एडीआरए-वीएए-टीओआई-60-26-1 (पे एंड यूज-टॉयलेट्स), 20.03.2026 को 12.30 बजे। **(5) पार्किंग,** पीएआरके108, पार्किंग-एडीआरए-पीआरआर-एमएक्स-71-25-1 (पार्किंग-मिक्स्ड), 18.03.2026 को 12.30 बजे। **नीलामी शुरू होने की तिथि/समय:** 20.03.2026 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1, 2 एवं 4 हेतु), 23.03.2026 को 10.00 बजे (क्रम सं. 3 हेतु) और 18.03.2026 को 12.00 बजे (क्रम सं. 5 हेतु)। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1273) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा**


**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

# अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा डीएमसीएच अस्पताल

## उत्तर बिहार में बेहतर शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बेहतर शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही डबल इंजन की सरकार ने उत्तर बिहार में निर्माणाधीन अस्पताल को हाईटेक बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दरभंगा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में 1700 बेड अतिरिक्त जोड़े जायेंगे। जिससे दरभंगा समेत उत्तर बिहार में स्वास्थ्य सुविधा को आसान और आम लोगों की हर बीमारी के लिए योग्य बनाने का काम किया जा रहा है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए




स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में 250 नामांकन व 2500 बेड अस्पताल बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिससे आने वाले तीन सालों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ताकि राज्य में हर जिले में रह रहें लोगों को किसी भी गंभीर बीमारी के लिए प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। बेहतर इलाज के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा अस्पताल 400 बेड का

**सर्जिकल वार्ड का निर्माण पूरा**

बता दें कि अस्पताल में आये मरीजों के बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच में विश्वस्तरीय अस्पताल की तर्ज पर हर अत्याधुनिक तकनीकी सुविधा बहाल की जायेगी। वहीं अस्पताल में 400 बेड का सर्जिकल वार्ड निर्माण पूरा किया जा चुका है। जिससे तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हाल ही में राजधानी में विख्यात अस्पताल पीएमसीएच में भी 1117 बेड वाले 2 टावर अस्पताल भवन को शुरू किया जा चुका है। जिसमें आंख, कान, गला, गैस्ट्रो समेत अन्य कई संबंधित बीमारियों के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। अब बिहार अन्य विकसित राज्यों की तरह स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

# गन्ना उत्पादन बढ़ाने की पहल, ज्ञान भवन में जुटेंगे किसान और वैज्ञानिक

## बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू करने का राज्य सरकार ने लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना उद्योग विभाग के तत्वाधान में 9 और 10 मार्च को ज्ञान भवन में गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार में राज्य के करीब 700 से अधिक गन्ना किसान और देश के करीब 100 वैज्ञानिक शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस सेमिनार का उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। विदित हो कि सात निश्चय- 3 के तहत राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना के साथ ही बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के लिए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है। इसको देखते हुए गन्ना उद्योग विभाग ने राज्य में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने और इसका विस्तार करने के लिए कई योजनाएं शुरू किया है, ताकि राज्य में लगने वाले चीनी मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना मिल सकें। गन्ना की उन्नति खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि गन्ना किसानों को नई तकनीक और बेहतर खेती करने के बारे में जानकारी देने के लिए गन्ना उद्योग विभाग द्वारा पटना के ज्ञान भवन में दो दिवसीय 'गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार-2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य के गन्ना किसान शामिल होंगे। इस सेमिनार को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सेमिनार में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विकास आयुक्त व अन्य लोग होंगे उपस्थित विभाग के मुताबिक इस सेमिनार में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विकास आयुक्त, देश के विभिन्न राज्यों के जाने-माने वैज्ञानिक, चीनी मिलों के प्रतिनिधि, नए निवेशक, कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहेंगे। इस सेमिनार के माध्यम से किसानों को कम लागत में गन्ना की अच्छी पैदावार, गन्ना के विकास और विस्तार करने के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## निकाली गई कलश शोभायात्रा

**दानापुर।** आनंद बाजार स्थित बड़ी देवी मंदिर में चार दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा हाथी घोड़े व गाजे बाजे के साथ निकला। जहां भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते हुए देवी मंदिर से बस पराव, थाना पर, गोला पर गाभतल, तकिया पर होते हुए नासरीगंज घाट पहुंचे। घाट पर जलाभिषेक कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। उसके बाद यह शोभा यात्रा वापस देवी स्थान मंदिर पर पहुंच गई। मंदिर के अध्यक्ष अजय साव ने बताया कि 7 मार्च को नगर भ्रमण, 8 मार्च को मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा एवं 9 मार्च को संध्या भजन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस शोभा यात्रा में सोनू यादव, सुदेश यादव शंकर साब, इंद्र प्रसाद, भोला कुमार, प्रमोद कुमार समेत गई सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा है।

# संपत्ति विवरण नहीं देने वाले पुलिस अधिकारियों पर सख्त हुआ गृह विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गृह विभाग ने राज्य के विभिन्न पुलिस विंग और सैन्य पुलिस इकाइयों के उन अधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है, जिन्होंने अब तक अपनी चल-अचल संपत्ति और देनदारियों का विवरण जमा नहीं किया है। विभाग ने इस संबंध में एक स्मारक पत्र जारी कर अविलंब रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग के संयुक्त सचिव नवीन चन्द्र ने आर्थिक अपराध इकाई और सैन्य पुलिस सहित 9 प्रमुख विभागों को अंतिम चेतावनी देते हुए 31 दिसंबर 2025 तक की चल-अचल संपत्ति का विवरण तत्काल जमा करने को कहा। गृह विभाग ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि समय-समय पर इस संबंध में निर्देश जारी किए जाने के बावजूद कई इकाइयों से अब तक पूरी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने संबंधित अधिकारियों को अंतिम चेतावनी दी है और निर्देश दिया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित विवरण उपलब्ध कराए जाएं।

**इन प्रमुख विभागों से मांगा गया जवाब**

सरकार ने इस संबंध में नौ प्रमुख पुलिस इकाइयों और निदेशालयों को सीधे तौर पर चिन्हित किया है। इनमें महानिरीक्षक (आर्थिक अपराध इकाई), सहायक महानिरीक्षक (बिहार सैन्य पुलिस और रेलवे), बिहार पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक (स्थापना), और पुलिस अधीक्षक (वायरलेस) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सैनिक कल्याण निदेशालय, विशेष शाखा और बिहार सैन्य पुलिस की बटालियन 05 व 14 के पुलिस उपाधीक्षकों से भी रिपोर्ट मांगी गई है।

# सैयद अता हसनैन को राज्यपाल मनोनीत होने पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के राज्यपाल के रूप में मनोनीत होने पर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सैयद अता हसनैन को रक्षा मामलों पर एक प्रमुख विश्लेषक, वक्ता और स्तंभकार के रूप में जाना जाता है। उनके पास कुशल रणनीतिक समझ है और कश्मीर में शांति स्थापना के प्रयासों के लिए भी उन्हें व्यापक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि देश सेवा में सैयद अता हसनैन का सैन्य अनुभव, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन बिहार के विकास,



सुशासन और संवैधानिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि सैयद अता हसनैन के अनुभव और मार्गदर्शन से बिहार में लोकतांत्रिक परंपराएं और प्रशासनिक व्यवस्था और मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## नंद किशोर यादव को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नागालैंड के राज्यपाल के रूप में मनोनीत होने पर बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नंद किशोर यादव ने बिहार विधान सभा के सदस्य और अन्य संवैधानिक पदों पर रहते हुए बिहार की जनता की जिस समर्पण और निष्ठा के साथ सेवा की है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनका लंबा अनुभव, राजनीतिक समझ और जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें एक कुशल प्रशासक के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नंद किशोर यादव की राजनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता से नागालैंड की जनता को उनका मार्गदर्शन और सानिध्य मिलेगा तथा उनके अनुभव से नागालैंड विकास और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने नंद किशोर यादव के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## रेलवे सीनियर डीएन हेड क्वार्टर का ड्राइवर लापता

**खगौल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना अंतर्गत नेऊरा कॉलोनी में रहने वाले सीनियर डीएन हेड ड्राइवर का सह रेलकर्मी घनश्याम मुरारी रहस्यमय ढंग से होली के दिन से ही लापता है। उनके लापता होने पर पत्नी और बच्चे काफी भयभीत और परेशान है। लापता ड्राइवर की पत्नी वंदना ने स्थानीय थाना में पति के गुमशुदगी का लिखित आवेदन दी है। लापता ड्राइवर की पत्नी ने बताया कि उनके पति घनश्याम मुरारी उत्तर प्रदेश के करेल कानपुर के रहने वाले हैं। 9 वर्ष पहले उन्हें सीनियर डीएम हेड क्वार्टर में ड्राइवर की नौकरी कर रहे थे।

# नगालैंड के राज्यपाल के नए दायित्व के लिए नंदकिशोर यादव को बधाई : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड के राज्यपाल का नया दायित्व मिलने पर स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। इसी के साथ उन्होंने बिहार के नए राज्यपाल सैयद अता हसनैन का भी आत्मिक स्वागत किया है। श्री पाण्डेय ने श्री यादव को मिले इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए केंद्र सरकार और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नंद किशोर जी जैसे वरिष्ठ व अनुभवी नेता का सम्मान करना भाजपा की परम्परा रही है। शांत-सौम्य व्यक्तित्व वाले नंद किशोर जी अपनी इस नई भूमिका में भी सफल होंगे। श्री पाण्डेय ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभवों का लाभ बिहार को मिलेगा। श्री हसनैन भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा व शांति-स्थापना में श्री हसनैन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उनकी रणनीति और नेतृत्व की काफी सराहना हुई है। सेना में भी उनका नेतृत्व रणनीतिक कौशल के लिए ख्यात रहा है। बिहार जैसे राजनीतिक तौर पर जागरूक प्रदेश में उनका गर्मजोशी से स्वागत है।

# विधायक आवासीय परिसर में खेल, स्वास्थ्य व हरित संरचना विकसित होगी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में वीरचंद पटेल पथ स्थित नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर के संबंध में खेल विभाग, भवन निर्माण विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सभा सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में सदस्यों के लिए बेहतर सुविधाओं के विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर अथवा उसके आसपास खेलकूद, स्वास्थ्य, पार्क, व्यायामशाला सहित अन्य सुविधाओं के लिए उपयुक्त स्थान



चिन्हित करने पर विचार किया गया। इसके साथ ही बिहार विधान सभा के सदस्यों के उपयोगार्थ खेल क्लब, खेल मैदान तथा अन्य खेलकूद से संबंधित आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर अथवा उसके समीप स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक संरचनाएं जैसे अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र, जांच घर आदि विकसित करने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त परिसर में पर्यावरण और वनस्पति से जुड़ी आवश्यक संरचनाओं के विकास पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान यह सुझाव सामने आया कि दारोगा प्रसाद राय पथ में निर्माणाधीन विधायक छात्रावास के समीप उपयुक्त स्थान चिन्हित कर खेल क्लब अथवा आंतरिक खेल क्लब का निर्माण कराया जा सकता है। साथ ही विधायक छात्रावास परिसर में व्यायामशाला स्थापित करने की भी संभावना व्यक्त की गई। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर में क्रमबद्ध ढंग से नीम और पीपल सहित अन्य उपयोगी पेड़ों का रोपण किया जाए। इसके साथ ही डिवाइडरों पर पौधारोपण, दीवारों पर ऊर्ध्वाधर उद्यान विकसित करने तथा आवासों की छतों पर गमलों में पौधे लगाने की व्यवस्था की जाए, ताकि पूरे परिसर में हरित पट्टी का विकास हो सके। उन्होंने पूरे आवासीय परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जल्द ही कार्य आरंभ कराया जाएगा। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आवासीय परिसर में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर से जुड़े कार्यों के लिए एक-एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया तथा अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने को भी कहा। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, खेल विभाग के सचिव महेन्द्र कुमार, भवन निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद अनिल कुमार, स्वास्थ्य विभाग, भवन निर्माण विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा खेल विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी तथा सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुसल्लहपुर कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण का होगा अत्याधुनिक कायाकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज पटना स्थित मुसल्लहपुर कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण के आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मंत्री ने बताया कि मुसल्लहपुर कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण के आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए कृषि विभाग द्वारा 68.41 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में एपीएमसी एक्ट के निरसन के बाद राज्य सरकार द्वारा



तैयार कृषि रोडमैप के अंतर्गत सभी बाजार प्रांगणों को आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाया जा रहा है, ताकि किसानों को बेहतर विपणन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को आधुनिक, पारदर्शी और सुविधाजनक बाजार व्यवस्था मिले। इसी उद्देश्य से मुसल्लहपुर बाजार प्रांगण को ई-नाम प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंडियों से जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार और बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

मंत्री ने बताया कि बाजार प्रांगण में पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, गोदाम सहित सभी आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है, जिससे किसानों और व्यापारियों को एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बाजार परिसर उपलब्ध होगा। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री ने कृषि विपणन निदेशक सह प्रशासक शैलेन्द्र कुमार एवं निर्माण एजेंसी बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों को निर्माण कार्य को तेज गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मंत्री के संज्ञान में यह बात भी आई कि मुसल्लहपुर बाजार प्रांगण के लगभग तीन-चौथाई हिस्से का अभी तक नापी एवं सीमांकन नहीं होने के कारण चहारदीवारी का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को अविलंब सीमांकन कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान पटना फल-सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद ने माननीय मंत्री से मुलाकात कर बाजार प्रांगण के समुचित विकास के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव एवं मांगें रखीं। उन्होंने बाजार प्रांगण में सीए कोल्ड स्टोरेज के निर्माण, संतरा भंडारण के लिए दो विशेष चैंबर, तथा एक प्रदर्शनी हॉल की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि गेट नंबर-2 से आने वाले किसानों के वाहनों को नो-एंट्री से मुक्त किया जाए, ताकि किसानों को बाजार तक आने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कृषि मंत्री ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बाजार प्रांगण को सुव्यवस्थित, आधुनिक और किसान हितैषी बनाया जाएगा। निर्माण एजेंसी द्वारा बताया गया कि मुसल्लहपुर बाजार प्रांगण के आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को बेहतर बाजार, आधुनिक कृषि अवसंरचना और पारदर्शी व्यापार व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जब बाजार मजबूत होगा, तो किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा और इससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

# आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट की रजिस्ट्रेशन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) ने आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आईएटी शैक्षिक वर्ष 2026-27 के लिए सभी आईआईएसईआर कैंपस के अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एकमात्र और अनिवार्य परीक्षा है। ऑनलाइन आवेदन की आरंभिक तिथि 5 मार्च, 2026 (गुरुवार) है और एप्टीट्यूड टेस्ट 7 जून, 2026 (रविवार) को होगा। विज्ञान पढ़ने के इच्छुक उम्मीदवार इस अनिवार्य एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इस परीक्षा से सभी 7 आईआईएसईआर कैंपस में किसी में भी विश्वस्तरीय शोध एवं प्रशिक्षण का प्रवेश द्वार खुल जाएगा। आईआईएसईआर की स्थापना भारत सरकार ने उच्च गुणवत्ता के साथ आधारभूत विज्ञान की शिक्षा और शोध संवर्धन के लिए किया। ये देश के प्रमुख स्वयात्त शिक्षा संस्थान हैं। आईआईएसईआर बरहामपुर, आईआईएसईआर भोपाल, आईआईएसईआर कोलकाता, आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरुपति-किसी भी आईआईएसईआर में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट https://www.iiseradmission.in/ पर साल 2026 के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। वेबसाइट पर परीक्षा केंद्र के विवरण भी दिए जाएँगे। आईआईएसईआर के प्लेसमेंट रिकॉर्ड बहुत अच्छे रहे हैं। पूरी दुनिया के टॉप ग्लोबल फर्मों, रिसर्च इंस्टिट्यूशन्स और पीएचडी प्रोग्राम्स में आईआईएसईआर के ग्रेजुएट्स अपनी जगह बना रहे हैं। आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 में आवेदन के लिए उम्मीदवार का साइंस स्ट्रीम में कक्षा 12 / समकक्ष परीक्षा या न्यूनतम 3 साल का डिप्लोमा प्रोग्राम (2024, 2025 या 2026 में) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों (एससी / एसटी / पीडब्ल्यू के लिए 55 प्रतिशत) के साथ पास होना अनिवार्य है। यह आकलन सभी विषयों को ध्यान में रख कर किया गया हो।

**आईएटी 2026 के लिए योग्यता मानक**

उम्मीदवार ने बायोलॉजी, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स और फिजिक्स में से कम से कम तीन विषयों की पढ़ाई की हो। आईआईएसईआर कोलकाता के बीएस-एमएस कम्प्यूटेशनल और डेटा साइंस प्रोग्राम, आईआईएसईआर भोपाल के बी.टेक / बीएस इकोनॉमिक साइंस प्रोग्राम और आईआईएसईआर तिरुपति के बीएस इकोनॉमिक और स्टैटिस्टिकल साइंस प्रोग्राम के लिए मैथमेटिक्स अनिवार्य है।

# जल-जीवन-हरियाली से बदली गांवों की तस्वीर, तालाबों में मछली पालन से सालाना 25 लाख तक कमाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जलवायु परिवर्तन से निपटने और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए बिहार में शुरू किया गया 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान अब नए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध करा रहा है। इस अभियान के तहत हाल के कुछ वर्षों में राज्य में तेजी से तालाब और पोखर का निर्माण हो रहा है जहां मत्स्य पालन के व्यवसाय को नई ऊंचाई मिल रही है। किसान आज इस व्यवसाय से प्रति वर्ष औसतन 20-25 लाख रुपए तक की विशुद्ध कमाई कर रहे हैं। कैमूर जिले में रामगढ़



प्रखंड अंतर्गत जमुराना के रहने वाले बसंत कुमार को माता-पिता की देखरेख के लिए करीब पांच वर्ष पहले विदेश की नौकरी छोड़ अपने घर वापस लौटना पड़ा। गांव में उनके पास जो भी जमीन उपलब्ध थी, वह खेती योग्य नहीं थी। उन्होंने इस बंजर प्राय जमीन का इस्तेमाल मत्स्य पालन में करने का निर्णय लिया। विभाग से संपर्क साधने के बाद उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने अपनी जमीन पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत नया तालाब और बायोफ्लॉक टैंक का निर्माण करवाया। आज वह इस तालाब से प्रति वर्ष करीब 35 टन पंगास एवं इंडियन मेजर कार्प (आईएमसी) मछली का उत्पादन कर रहे हैं। इससे गांव में ही करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो गया है। बसंत खुद 20-25 लाख रुपए तक की सालाना कमाई कर ले रहे हैं।

**मत्स्य पालन बन रहा कई परिवारों के लिए जीविका का साधन**

कैमूर जिले के ही रामपुर प्रखंड अंतर्गत बेलांव के रहने वाले किशोर कुमार ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई के बाद गांव में खेती शुरू की। उनके इस पारंपरिक खेती से मुनाफा कम होता था। साथ ही कई बार फसल प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ जाती थी। हर तरफ से परेशान किशोर ने अपने निजी जमीन में तालाब और फिश किऑस्क का निर्माण कराया। किशोर बताते हैं कि शुरू में उनके पास व्यवसाय जहां शून्य था, आज मत्स्य पालन के रूप में उनके पास एक बड़ा कारोबार खड़ा हो चुका है। इससे गांव में 8-10 परिवार को स्थाई रोजगार मिल चुका है। साथ ही इस मत्स्य पालन के व्यवसाय से वह खुद प्रति वर्ष 16-20 लाख रुपए का मुनाफा आसानी से कमा ले रहे हैं।

**तालाबों से रोजगार की लहर**

2 अक्तूबर 2019 से शुरू जल-जीवन- हरियाली अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग कुल 11 अवयव पर कार्य कर रहा है। इसमें मुख्य रूप से पुराने जलस्रोत का संरक्षण, संवर्धन जीर्णोद्धार और नवनिर्माण शामिल है। आंकड़ों पर गौर करें तो अभियान के अवयव-6 के तहत करीब छह वर्षों में राज्य भर में चार हजार 310 नए तालाबों का निर्माण किया गया। आज इन तालाबों के सहारे ग्रामीण हिस्सों में मत्स्य पालन को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस व्यवसाय से किसान प्रति वर्ष करीब 20-25 लाख रुपए तक मुनाफा कमा रहे हैं। साथ ही दूसरे परिवारों को भी गांव में रोजगार का नया अवसर तैयार हो गया है। मत्स्य पालन के सहारे आमदनी में इजाफा होने से ग्रामीणों की न सिर्फ आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है बल्कि उनका जीवन स्तर भी तेजी से सुधर रहा है।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शनिवार 07 मार्च 2026

## संपादकीय

# युद्ध के बिगड़ते स्वरूप के बीच भारतीयों को वापस लाना चिंता का विषय

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में यह कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। खासतौर पर हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसमें मध्य-पूर्व के देशों में भी स्थिति चिंताजनक हो रही है।इस बीच भारत के लिए एक बड़ी फिक्र यह खड़ी हुई है कि अलग-अलग उद्देश्य से मध्य-पूर्व के देशों में गए जो भारतीय फंस गए हैं, उन्हें वहां से सुरक्षित कैसे निकाला जाए।अमेरिका और इजरायल के साझा हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल को निशाना बनाने के साथ-साथ बहरीन, सऊदी अरब, कतर समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल से हमले किए हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि वहां रहने वाले लोगों के सामने किस तरह की मुश्किलें खड़ी हो रही होंगी। स्वाभावकि ही भारत के सामने बड़ी चिंता उन इलाकों में फंसे भारतीयों को वापस लाने की है।दरअसल, समूचे पश्चिम एशिया का इलाका इस समय युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया लग रहा है। स्वाभाविक ही वहां रह रहे तमाम आम लोगों के सामने खुद को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, जो लोग दूसरे देशों से वहां गए हैं, वे किसी तरह वहां से निकलने की उम्मीद में हैं। ऐसे में भारत सरकार ने युद्ध प्रभावित देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश शुरू की है, लेकिन ठोस नतीजे के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीयों की सहायता के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम उठाएं।सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। भारत ने शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विवादों के समाधान के लिए संवाद तथा कूटनीति का समर्थन किया है, लेकिन फिलहाल ज्यादा जरूरत इस बात की है कि युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए।गौरतलब है कि ईरान में करीब दस हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, जो पढ़ाई और काम करते हैं। वहीं इजरायल में चालीस हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। इसके अलावा, खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में लगभग नब्बे लाख भारतीय रहते हैं।इन देशों में सैन्य तनाव बढ़ने और युद्ध का दायरा फैलने की वजह से उड़ान सेवाएं व्यापक पैमाने पर बाधित हुई हैं।

**आज ईरान के संदर्भ में भारत संप्रभुता के प्रश्न पर मुखर नहीं दिखता, तो कल वैश्विक दक्षिण के अन्य देश अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारत पर क्यों विश्वास करेंगे?1 मार्च 2026 को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इज़रायल द्वारा किए गए हमलों में हत्या कर दी गई। जारी वार्ताओं के बीच किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गंभीर दरार का संकेत है। किंतु इस घटना की स्तब्धता से परे, जो बात उतनी ही स्पष्ट रूप से सामने आती है, वह है नई दिल्ली की चुप्पी। भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की है।**

# ईरान संकट पर क्यों चुप है सरकार, क्या हम अपनी विदेश नीति की आत्मा खो रहे हैं?

(सोनिया गांधी)

ईरानी संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट आपत्ति दर्ज की है। प्रारंभ में, अमेरिकी-इजरायली हमले की अनदेखी करते हुए, प्रधानमंत्री ने केवल ईरान द्वारा यूएई पर की गई जवाबी कार्रवाई की निंदा तक स्वयं को सीमित रखा, और उससे पहले घटित घटनाक्रम पर मौन साधे रखा। बाद में उन्होंने गहरी चिंता और संवाद एवं कूटनीति की बातें कहीं–जबकि ठीक यही प्रक्रिया उन बड़े और उकसावे रहित हमलों से पहले जारी थी जिन्हें इज़राइल और अमेरिका ने शुरू किया। किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर यदि हमारा देश संप्रभुता या अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में स्पष्ट आवाज़ नहीं उठाता और निष्पक्षता से हटता हुआ दिखता है, तो यह हमारी विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इस संदर्भ में चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता। यह हत्या बिना औपचारिक युद्ध-घोषणा के और एक चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान की गई। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 2(4) किसी भी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल प्रयोग या उसकी धमकी को निषिद्ध करता है। किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या इन सिद्धांतों के मूल पर प्रहार करती है। यदि ऐसे कृत्य विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से सिद्धांतनिष्ठ आपत्ति के बिना गुजर जाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का क्षरण सामान्यीकृत होना आसान हो जाता है।

महज 48 घंटे पहले प्रधानमंत्री इजरायल यात्रा से लौटे

स्थिति की गंभीरता समय-परिस्थिति से और बढ़ जाती है। हत्या से महज 48 घंटे पहले प्रधानमंत्री इज़रायल यात्रा से लौटे थे, जहाँ उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के प्रति अपना स्पष्ट समर्थन दोहराया-जबकि गाज़ा में भारी नागरिक हताहतों को लेकर वैश्विक स्तर पर आक्रोश जारी है, जिनमें महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक दक्षिण के कई देश, साथ ही ब्रिक्स में भारत के साझेदार रूस और चीन, इज़राइल से दूरी बनाए हुए हैं, भारत का यह उच्च-प्रोफ़ाइल राजनीतिक समर्थन नैतिक स्पष्टता के बिना एक चिंताजनक विचलन प्रतीत होता है। इस घटना के प्रभाव केवल भू-राजनीति तक सीमित नहीं हैं; इसकी प्रतिध्वनियाँ महाद्वीपों में दिखाई दे रही हैं। और भारत की स्थिति इस त्रासदी के प्रति मौन स्वीकृति का संकेत देती प्रतीत होती है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ईरानी भूमि पर बमबारी और हत्याओं की स्पष्ट शब्दों में निंदा की है, और इसे क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर गंभीर परिणामों वाली खतरनाक वृद्धि बताया है। हमने ईरानी जनता तथा विश्वभर के शिया समुदायों के प्रति संवेदना व्यक्त की है, और दोहराया है कि भारत की विदेश नीति विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांत पर आधारित है, जैसा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में परिलक्षित होता है। संप्रभु समानता, अहस्तक्षेप और शांति के संवर्धन जैसे सिद्धांत ऐतिहासिक रूप से भारत की कूटनीतिक पहचान का अभिन्न अंग रहे हैं। वर्तमान संकोच इसलिए केवल सामरिक नहीं, बल्कि हमारे घोषित मूल्यों से असंगत प्रतीत होता है।

भारत के लिए यह प्रकरण विशेष रूप से चिंताजनक है। ईरान के साथ हमारे संबंध सभ्यतागत होने के साथ-साथ रणनीतिक भी रहे हैं। 1994 में, जब इस्लामिक सहयोग संगठन के कुछ तत्वों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में कश्मीर को लेकर भारत के विरुद्ध प्रस्ताव लाने का प्रयास किया था, तब तेहरान ने उस प्रयास को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस हस्तक्षेप ने भारत के आर्थिक परिवर्तन के संवेदनशील दौर में कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण को रोका। ईरान ने ज़ाहेदान में, पाकिस्तान सीमा के निकट, भारत की कूटनीतिक उपस्थिति को भी सक्षम बनाया-जो ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के विकास के प्रति एक रणनीतिक संतुलन का कार्य करता है।

‘मोदी सरकार को वाजपेयी की यात्रा याद रखनी चाहिए’

वर्तमान सरकार को यह स्मरण रखना चाहिए कि अप्रैल 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने तेहरान की आधिकारिक यात्रा के दौरान ईरान के साथ भारत के गहरे, सभ्यतागत और समकालीन संबंधों की गर्मजोशी से पुनः पुष्टि की थी। उन दीर्घकालिक संबंधों की उनकी वह स्वीकृति और सराहना आज की सरकार के लिए मानो अप्रासंगिक प्रतीत होती है।



हाल के वर्षों में इजरायल के साथ भारत के संबंध रक्षा, कृषि और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में विस्तृत हुए हैं। किंतु यही तथ्य कि भारत तेहरान और तेल अवीव दोनों से संबंध रखता है, उसे संयम की अपील करने का कूटनीतिक अवसर प्रदान करता है। परंतु ऐसा अवसर विश्वसनीयता पर निर्भर करता है। और विश्वसनीयता सिद्धांत-आधारित आचरण से आती है, न कि तात्कालिक सुविधा से।

यह केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी क्षेत्र में निवास और कार्य करते हैं। अतीत के संकटों, जैसे गल्फ युद्ध से लेकर यमन, इराक और सीरिया तक में अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भारत की क्षमता उसकी स्वतंत्र पहचान पर आधारित रही है, न कि किसी शक्ति-गुट के प्रतिनिधि के रूप में।

यह विश्वसनीयता संयोग से निर्मित नहीं हुई थी। स्वतंत्रता के बाद भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित थी - निष्क्रिय तटस्थता के रूप में नहीं, बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता के सचेत आग्रह के रूप में। यह महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा में समाहित होने से इनकार था। वर्तमान क्षण यह प्रश्न उठाता है कि क्या वह रुख कमजोर पड़ रहा है। शक्तिशाली देशों द्वारा एकतरफा सैन्य कार्रवाई पर अनालोचनात्मक मौन उस सिद्धांत से पीछे हटने जैसा प्रतीत होता है - और प्रभावतः हमारी विरासत से विमुखता का संकेत देता है।

यह केवल इतिहास का प्रश्न नहीं, बल्कि भारत की वर्तमान आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ है। जो देश स्वयं को वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है, उसके लिए मौन स्वीकृति की छवि नुकसानदायक होगी। यदि संप्रभुता की अवहेलना बिना परिणाम के संभव है, तो छोटे राष्ट्र शक्तिशाली देशों की इच्छाओं के प्रति असुरक्षित हो जाते हैं। भारत बार-बार नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वकालत करता रहा है, जो कमजोरों को बलपूर्वक दबाव से बचाए। किंतु यदि यह सिद्धांत तब न बोला जाए जब परीक्षा तत्काल और असुविधाजनक हो, तो वह तर्क खोखला प्रतीत होता है। यदि आज ईरान के संदर्भ में भारत संप्रभुता के प्रश्न पर मुखर नहीं दिखता, तो कल वैश्विक दक्षिण के अन्य देश अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारत पर क्यों विश्वास करेंगे?

‘इस संगति के समाधान का उपयुक्त मंच संसद’

इस असंगति के समाधान का उपयुक्त मंच संसद है। जब वह पुनः आहूत होगी, तब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के इस विघटन और उस पर भारत की चुप्पी पर खुली बहस होनी चाहिए। किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या, अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का क्षरण और पश्चिम एशिया में बढ़ती अस्थिरता–ये सब भारत के रणनीतिक हितों और नैतिक प्रतिबद्धताओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े प्रश्न हैं। भारत की स्थिति की स्पष्ट अभिव्यक्ति अब अनिवार्य है। लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व इसकी मांग करता है और रणनीतिक स्पष्टता भी।

भारत लंबे समय से ‘वसुधैव कुटुंबकम’ के आदर्श का आह्वान करता रहा है और इस बात को दोहराता रहा है कि विश्व एक परिवार है। यह सभ्यतागत भावना केवल औपचारिक कूटनीति का नारा नहीं; यह न्याय, संयम और संवाद के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत है, भले ही वह असुविधाजनक क्यों न हो। जब नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट दबाव में हो, तब मौन सिद्धांतों को तिलांजलि देने के समान है। भारत ने स्वयं को केवल एक क्षेत्रीय शक्ति से अधिक के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है; उसने संप्रभुता, शांति, अहिंसा और न्याय के पक्ष में बोलने वाली आवाज़ बनने की आकांक्षा की है, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों। आज आवश्यकता है कि हम उस नैतिक शक्ति को पुनः स्मरण करें और उसे स्पष्टता तथा दृढ़ता के साथ व्यक्त करें। (लेखिका कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद हैं।)

## खामेनेई की हत्या के बाद ईरान में आगे क्या होगा? ट्रंप और नेतन्याहू की जोड़ी ने पैदा किए खतरनाक हालात

(पवन उपरेति)

ईरान, इजरायल और अमेरिका तीनों ही सैन्य कार्रवाई को तेज कर रहे हैं। इसलिए युद्ध के जल्द रुकने के कोई आसार नहीं दिखते। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या मध्य पूर्व में बहुत बड़ा घटनाक्रम है। खामेनेई की हत्या के बाद ईरान और इसके आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर उथल-पुथल हो सकती है। ऐसा लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को पिछले साल जून में हुए संघर्ष के दौरान खामेनेई को निशाना बनाने से रोका था लेकिन इस बार ट्रंप ने खुद इसकी अगुवाई की। हालांकि 1989 में जब खामेनेई सुप्रीम लीडर बने थे तब और अब के हालात में काफी अंतर है। देश में धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों को लेकर लोग बेहद गुस्से में हैं। ऐसे हालत में जब तक कुछ बड़ी राजनीतिक और धार्मिक रियायतें नहीं दी जाती, ईरान में धार्मिक नेतृत्व की पकड़ बने रहना मुश्किल हो जाएगा। दूसरा सवाल यह है कि क्या खामेनेई के जाने के बाद भी ईरान में स्थिरता रहेगी? खामेनेई की हत्या के तुरंत बाद इजरायल ने ईरान पर अपने हमले तेज कर दिए। यह हमले पिछले साल से कहीं ज्यादा बड़े थे। तीसरा सवाल यह है कि क्या गृह युद्ध छिड़ जाएगा? ईरान ने जब अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए तो उसने अरब में अपने दुश्मनों और दोस्तों के बीच कोई फर्क नहीं किया। उसकी मिसाइल और ड्रोन ने ओमान और कतर सहित खाड़ी के छह देशों को निशाना बनाया जबकि 1979 से ही ओमान ने कभी भी ईरान के खिलाफ रुख नहीं अपनाया। ईरान की सरकार के वरिष्ठ अफसरों ने संकेत दिया है कि ईरान की सेना ‘स्वतंत्र’ रूप से कम कर रही है और अगर ऐसा ही जारी रहा तो गृह युद्ध छिड़ सकता है। यह भी संभावना है कि नरमपंथियों और कट्टरपंथियों के बीच लंबे समय से चल रहा सत्ता संघर्ष एक खुली लड़ाई में तब्दील हो जाएगा। चौथा सवाल इस बात का है कि क्या ईरान में सत्ता परिवर्तन होगा? ईरान का इतिहास बताता है कि बाहर के दखल से सत्ता परिवर्तन कम ही होता है। 1979 में ईरान में हुई इस्लामिक क्रांति के लिए जनता ने लंबा संघर्ष किया था। इसी तरह बड़ी संख्या में ऐसे ईरानी जो मौलवियों के शासन को पसंद नहीं करते, उनके लिए इसे उखाड़ फेंकना भी आसान नहीं होगा इसके लिए लोगों को सड़कों पर उतरना होगा। पांचवा सवाल यह है कि खामेनेई की विरासत का क्या होगा? खामेनेई लंबे वक्त तक ईरान के राष्ट्रपति रहे और 1989 के बाद सुप्रीम लीडर बने। उनके लंबे शासन का असर ईरान पर पड़ा। कई ईरानी उन्हें इस्लाम के दुश्मनों का शिकार मानते हैं, इसलिए कई लोग उनकी तुलना इमाम अली से कर रहे हैं। छठा सवाल यह है कि क्या ईरान में सांप्रदायिक तनाव बढ़ेगा? खामेनेई की हत्या के बाद ईरान ने छह खाड़ी देशों में शामिल जॉर्डन, साइप्रस और उत्तरी इराक को भी निशाना बनाया। अब देश जॉर्डन साइप्रस और उत्तरी इराक में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया लेकिन इसका असर आबादी वाले इलाकों पर भी हुआ। इससे अरबी-फारसी बंटवारा और गहरा हो गया है। ईरान को इसे हल करना आसान नहीं होगा। सातवां सवाल यह है कि क्या खामेनेई की मौत के बाद वलायत-ए-फकीह का पद रहेगा? जब अयातुल्लाह खोमैनी ने खुद को ‘गार्डियन ऑफ द ज्यूरिस्ट’ घोषित किया था, तब से इस पद को लेकर शिया इस्लाम के धर्मगुरुओं में मतभेद रहे हैं। इसलिए खामेनेई की मौत के बाद इस पद का क्या होगा, इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

आठवां सवाल है कि अंत में क्या होगा? इसका जवाब है कि युद्ध कभी भी आसानी से खत्म नहीं होते। अमेरिका और इजरायल अपने सैन्य अभियानों को लगातार तेज कर रहे हैं और ऐसा नहीं लगता कि इस युद्ध का तत्काल कोई अंत होगा। ईरान के जवाबी हमलों ने सदियों पुराने अरब-फारसी और सुन्नी-शिया विवाद को फिर भड़का दिया है। ईरान, इजरायल और अमेरिका तीनों ही सैन्य कार्रवाई को तेज कर रहे हैं। इसलिए युद्ध के जल्द रुकने के कोई आसार नहीं दिखते। ट्रंप और नेतन्याहू की जोड़ी ने ऐसे खतरनाक हालात पैदा कर दिए हैं जिसमें इस हिंसा का अंत नहीं दिखाई देता।(लेखक पीआर कुमारस्वामी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में पढ़ाते हैं।)

# आबकारी नीति मामले में आप नेताओं का बरी होना बड़ी संजीवनी

(ललित गर्ग)

**दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।** **दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।**

यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अर्थात सीबीआई द्वारा पंजीकृत किया गया था और लंबे समय से सार्वजनिक बहस के केंद्र में था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत आरोप ठोस साक्ष्यों और विश्वसनीय गवाहियों पर आधारित नहीं हैं तथा आरोपपत्र में वर्णित दावे न्यायिक परीक्षण की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। न्यायालय की यह टिप्पणी कि अनुमानों और अटकलों को विधिसम्मत प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, न केवल इस विशेष प्रकरण बल्कि समग्र अन्वेषण प्रक्रिया के लिए भी गंभीर संकेत देती है। आबकारी नीति मामले यह फैसला आप के लिए एक बड़ी संजीवनी या ‘प्राणवायु’के समान है। यह फैसला आप को ‘कट्टर ईमानदार’ की छवि वापस पाने और आगामी चुनावों के लिए एक आक्रामक रुख अपनाने में मदद करेगा, जिससे विपक्षी दलों का मनोबल भी बढ़ा है। कोर्ट से मिली क्लीन चिट ने आप नेताओं की साख बहाल की है जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह निर्णय ‘राजनीतिक प्रतिशोध’ के नैरेटिव को बल देता है जिससे आप अपनी छवि को बेदाग साबित कर पा रही है। विपक्षी दल इस घटना को केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई एवं ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ एक जीत के रूप में देख रहे हैं जिससे उन्हें केंद्र के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस फैसले से दिल्ली और पंजाब में आप को मजबूती मिलेगी और वह आगामी चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार कर सकती है।विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। किंतु नीति के क्रियान्वयन के बाद उस पर अनियमितताओं तथा कथित पक्षपात के आरोप लगाए गए। यही आरोप आगे चलकर आपराधिक प्रकरण का आधार बने। जुलाई 2022 से यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन गया और चुनावी सभाओं में इसे व्यापक रूप से उठाया गया। अब जबकि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों को अपर्याप्त पाया है, तो स्वाभाविक है कि इसका राजनीतिक प्रभाव भी पड़ेगा। हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस निर्णय को दिल्ली उच्च न्यायालय, में चुनौती देने की घोषणा की है। अतः अंतिम विधिक स्थिति अभी स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, अर्थात ईडी ने यह कहा है कि उससे संबंधित धनशोधन प्रकरण की जांच स्वतंत्र आधारों पर चल रही है। यदि उच्च न्यायालय भी निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठेगा कि समान घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न अन्वेषणों की विधिक संगति किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी।




इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष संस्थागत विश्वसनीयता से जुड़ा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्वेषण एजेंसियों की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है। वे केवल अपराध की जांच ही नहीं करतीं, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रारंभिक चरण का प्रतिनिधित्व भी करती हैं। यदि न्यायालय यह टिप्पणी करता है कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है या पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए, तो यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत शुचिता पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। न्याय का मूल सिद्धांत है कि अभियुक्त तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उसका दोष विधिसम्मत प्रमाणों के आधार पर सिद्ध न हो जाए। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शासन की समग्र विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो कठोर दंड आवश्यक है; किंतु यदि आरोप पर्याप्त प्रमाणों के अभाव में टिक नहीं पाते, तो इससे राजनीतिक विमर्श की विश्वसनीयता पर भी आघात पहुँचता है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु आरोपों का उपयोग यदि मुख्यतः चुनावी रणनीति के रूप में किया जाता है और वे न्यायालय में प्रमाणित नहीं हो पाते, तो इससे जनता के मन में संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है।

इस निर्णय के बाद स्वाभाविक रूप से आम आदमी पार्टी को नैतिक बल प्राप्त हुआ है। किंतु इस तथ्य को केवल किसी एक दल की विजय या पराजय के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इससे व्यापक स्तर पर यह संदेश भी जाता है कि न्यायिक प्रक्रिया स्वतंत्र है और वह अभियोजन की कमजोरी को रेखांकित करने से संकोच नहीं करती। न्यायालय की कठोर टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि केवल आरोपों की गंभीरता पर्याप्त नहीं है; उन्हें प्रमाणों की दृढ़ता से पुष्ट करना भी अनिवार्य है। दूसरी ओर, यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि यदि वास्तव में किसी नीति में अनियमितता हुई थी, तो उसके समर्थन में ठोस साक्ष्य क्यों प्रस्तुत नहीं किए जा सके। क्या अन्वेषण प्रक्रिया में तकनीकी कमियाँ रहीं? क्या साक्ष्य-संग्रह में सावधानी का अभाव था? या फिर आरोपों का प्रारूपण ही पर्याप्त स्पष्ट नहीं था? ये प्रश्न केवल इस प्रकरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भविष्य की जांच प्रक्रियाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

भ्रष्टाचार-निरोध की दिशा में प्रभावी कदम तभी संभव हैं जब अन्वेषण निष्पक्ष, पारदर्शी और विधिसम्मत हो। राजनीतिक दलों को भी यह समझना होगा कि भ्रष्टाचार-विरोध का नैतिक आग्रह तभी प्रभावी है जब वह स्वयं प्रमाण-आधारित हो। यदि आरोपों का आधार कमजोर होगा, तो वे न्यायिक समीक्षा में टिक नहीं पाएंगे और इससे वास्तविक भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष भी कमजोर पड़ेगा। इस घटनाक्रम ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है-अन्वेषण एजेंसियों की स्वायत्तता और उत्तरदायित्व का संतुलन। लोकतंत्र में एजेंसियों को स्वतंत्रता आवश्यक है, किंतु वह स्वतंत्रता विधिक मानकों और न्यायिक नियंत्रण के अधीन रहती है। न्यायालय की टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि प्रक्रिया की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यदि अभियोजन पक्ष पर्याप्त तैयारी के बिना आरोप प्रस्तुत करता है, तो उसका परिणाम यही होगा कि मामला प्रारंभिक चरण में ही कमजोर पड़ जाएगा। न्यायसंगत प्रक्रिया की गारंटी भी है। आरोप सिद्ध करने की जिम्मेदारी राज्य पर होती है और वह भी संदेह से परे प्रमाणों के आधार पर। यदि यह मानक पूरा नहीं होता, तो किसी भी व्यक्ति को केवल सार्वजनिक धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस निर्णय का अंतिम परिणाम चाहे जो भी हो-क्योंकि उच्च न्यायालय में चुनौती लंबित है फिर भी यह अवसर अवश्य प्रदान करता है कि हम भ्रष्टाचार-निरोध की अपनी कार्ययोजना को अधिक सुदृढ़ और प्रमाण-आधारित बनाएं। राजनीतिक विमर्श को आरोपों की तीव्रता से आगे बढ़कर प्रमाणों की गुणवत्ता पर केंद्रित करना होगा। अन्वेषण एजेंसियों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी कार्रवाई निष्पक्षता और विधिक दृढ़ता का उदाहरण बने। लोकतंत्र की शक्ति उसके संस्थानों की विश्वसनीयता में निहित होती है। जब न्यायालय निर्भीक होकर जांच की कमियों को इंगित करता है, तो वह व्यवस्था को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। आवश्यकता इस बात की है कि इस निर्णय को किसी दलगत लाभ-हानि के चश्मे से देखने के बजाय संस्थागत सुधार के अवसर के रूप में देखा जाए। यदि ऐसा किया जाता है, तो यह प्रकरण केवल एक राजनीतिक विवाद नहीं रहेगा, बल्कि शासन-प्रणाली की परिपक्वता का प्रमाण भी बनेगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### सालमारी में आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**सालमारी /कटिहार (नबिटासं)।** सालमारी के ढोलमारा मैदान में जिला स्तरीय संतमत सत्संग का दो दिवसीय 47 वां अधिवेशन का शुभारंभ शुक्रवार को सासंद तारिक अनवर, पुर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल सहित कमेटी सदस्यों के द्वारा किया गया। यह अधिवेशन शनिवार के रात में प्रवचन के साथ सम्पन्न होगा। इस अवसर पर पुरा माहौल भक्तिमय रहा।सत्संग कमेटी सदस्यों ने बताया की उक्त अधिवेशन दो पालियों में आयोजन होगा। प्रथम पाली में सत्संग का विषय सत्संग का हमें सत्संग से सारी




चीजें प्राप्त हो जाती है। दुसरी पाली में मानव शरीर की सार्थकता पर महात्माओं का उपदेश हुआ। ज्ञान के कारण ही मानव सभी जीवों में श्रेष्ठ है। ज्ञान का अर्थ आध्यात्मक ज्ञान से है।इस आयोजन में भागलपुर कुप्पा घाट से पुज्य गुरूसेवी भगरिथ बाबा, गुरू चरण देव प्रमोद बाबा, डा. स्वामी विवेकानंद बाबा, स्वामी सत्य प्रकाश बाबा, स्वामी प्रमोद बाबा अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित किये। स्थानीय पुज्य स्वामी चोगिराज, नागेश्वर बाबा, स्वामी तेज प्रकाश बाबा, स्वामी दीनदयाल बाबा, स्वामी बासुदेव बाबा भी अपने उपदेश प्रदान किये, बड़ी अधिक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। तथा शांतिपूर्ण सत्संग श्रवण कर रहे थे।ऐसे अवसर पर स्वागत समिति के सभी सदस्यों द्वारा माहतमाओ का माल्यार्पण किया गया। स्थानीय सांसद तारिक अनवर महात्माओं का माल्यार्पण कर अपनी श्रधा सुमन अर्पित किये। शनिवार को दोनों पालियों में महात्माओं के कल्याणकारी उपदेश श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। मंच का संचालन जिला अध्यक्ष डा सत्यनारायण मंडल एवं जिला सचिव डा. अशोक कुमार विश्वास किये। मंच पर जिला के बलदेव प्रसाद,सुबोध गुप्ता, गणेश साह, दिनेश मंडल आदि उपस्थित थे। जिला स्तरीय इस सत्संग से पूरा क्षेत्र भक्ति में हो उठा है।

### लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन व अपराध नियंत्रण के थाना अध्यक्षों को दिए निर्देश

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** शुक्रवार को बारसोई डीएसपी कार्यालय में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीएसपी अजय कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में घटित अपराधों की समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर संबंधित थाना अध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।डीएसपी अजय कुमार ने बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, फरार



आरोपियों की गिरफ्तारी, वारंट के निष्पादन तथा नियमित गश्ती बढ़ाने पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी थाना स्तर पर सतर्कता बरतते हुए आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।उन्होंने शराब तस्करी, अवैध खनन, मादक पदार्थों के कारोबार तथा अन्य संगठित अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने एवं आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की बात कही। क्राइम मीटिंग में बारसोई थाना अध्यक्ष उमेश कुमार,सालमारी थाना अध्यक्ष कुमारी जूली, कदवा थाना अध्यक्ष विजय प्रकाश, बलियाबैलोन थाना अध्यक्ष मो. शाहिद, आजमनगर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार, बलरामपुर थाना अध्यक्ष विकास कुमार, कचना थाना अध्यक्ष आनंद कुमार, सुधानी थाना अध्यक्ष भुवन कुमार तथा आबादपुर थाना अध्यक्ष मो. सदाब सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### राज्य स्तरीय जुनियर नेटबाल प्रतियोगिता बघार में आज

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** जिला नेटबाल संघ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय जूनीयर वर्ग नेटबाल प्रतियोगिता का आयोजन बघार पंचायत के बघार उच्च विद्यालय खेल मैदान में किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सरोज यादव के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार 07,08 मार्च को अन्डर 19 बालक - बालिका वर्ग में 09 वां जूनीयर स्टेट नेटबाल चैम्पियनशीप 2025-2026 का आयोजन बघार मे आयोजित है। जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिले सांसद तारिक अनवर करेंगें। जबकि मुख्य अतिथि के रूप मे स्थानीय विधायक मनोहर प्रसाद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रुप मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील यादव की उपस्थिति की जानकारी दी है।

# डीआरएम ने किया एनजेपी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह ने न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से जलपाईगुड़ी सेक्शन के निरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यू जलपाईगुड़ी में अवस्थित महानंदा रनिंग रूम का गहन निरीक्षण किये। इस दौरान रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए भोजन की गुणवत्ता, साफ - सफाई एवं हाइजीन की विस्तृत जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक न्यू जलपाईगुड़ी,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ संरक्षा प्रबंधक अमित कुमार, मंडल सुरक्षा आयुक्त संदीप कुमार सहित कटिहार मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म 4 पर स्थित सुविनियर स्टॉल का उद्घाटन भी किये। इस स्टॉल के माध्यम से यात्रियों को स्थानीय हस्तशिल्प एवं स्मृति चिह्न उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण किए जाते हैं।

## जेपी सम्मान पेंशन दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** लोक नायक जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से 5जून 1974 को सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान किया गया था। यह आन्दोलन बिहार के छात्रों द्वारा भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ शुरू की गयी थी जो जदयू के मुखिया नीतीश कुमार ने जेपी सेनानी सम्मान पेंशन योजना वर्ष 2009 से आरंभ की है। इसका लाभ अनेक जेपी स्वतंत्रता सेनानी उठा भी रहे हैं। इस बीच भूमिगत रहकर इस आन्दोलन मे भाग लेनेवाले, इस योजना की लाभ से वंचित रहे मनिहारी क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक जेपी सेनानियों



तत्कालीन ईन्दिरा गांधी सरकार के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी आन्दोलन बन गया।जेपी सेनानी उन राजनीतिक कार्यकताओं को कहा जाता है। जिन्होने 1974-1977 के बीच लोक नायक जय प्रकाश नारायण के सम्पूर्ण क्रांति आन्दोलन में भाग लिया और आपातकाल के दौरान मीसा, डीआईआर कानून के तहत जेल गये थे।

18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 के बीच जेल मे रहनेवालों को बिहार सरकार द्वारा छः माह से अधिक जेल की यातना सहनेवालों को प्रतिमाह तीस हजार रुपये सम्मान पेंशन तथा छः माह से कम समय तक जेल की सजा पानेवालों को 15000 रुपए प्रतिमाह पेंशन राज्य सरकार द्वारा दी जाती है। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश भर में आपातकाल का विरोध करने व तत्कातीन सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण जेल की यातना सहनेवाले सेनानियों के लिए प्रदेश सरकार की ने राज्य एसटी आयोग के सदस्य तल्लू बासकी को ज्ञापन देकर उक्त योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। सूबे की डबल ईंजन की सरकार में जनहित व जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आमजन का भरोसा बढा है। सरकार से लोगों की अपेक्षाएं बढी हैं. ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के ऐसे जेपी सेनानियों मे बिजय शंकर राय, रूपक गुहा, डा भोला प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश सिंह, गंगा प्रसाद यादव, अल्ताफ हुसैन, गणेश पासवान, राज कुमार सिंह सहित अनेक लोगों ने श्री बासकी को ज्ञापन सौंपकर पेंशन दिलाने की मांग की है। श्री बासकी जिले के प्रवास के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमणकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की धरातलीय जानकारी ले रहे हैं। श्री बासकी ने जेपी सम्मान पेंशन से वंचित रह गये पात्र लोगों को हर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

## होली खेलने जा रहे युवक की हादसे में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार) ।** होली खेलने के लिए ससुराल जा रहे एक युवक की रास्ते में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना प्रखंड के चौकिया पहाड़पुर पंचायत की है। बताया जाता है कि करीब 1 बजे यह हादसा हुआ।मृतक की पहचान चौकिया पहाड़पुर पंचायत के दीनाराम टोला निवासी प्रसनजीत मंडल (26) के रूप में हुई है। उनका विवाह कुछ वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव गौरीकांत टोला में हुआ था।परिजनों के अनुसार प्रसनजीत मंडल विगत दिन होली खेलने के लिए अपने ससुराल गौरीकांत टोला जा रहे थे।इसी दौरान रतन टोला के पास उनकी बाइक के सामने अचानक एक बकरी आ गई। बकरी को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक



अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के नक्कटी अस्पताल ले जाया। जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मालदा रेफर कर दिया गया। मालदा अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।बताया जाता है कि मृतकअपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनका एक वर्ष का पुत्र भी है। असमय हुई इस मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तीन पैक्सो के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के तीन पैक्स महिशाल, फतेहपुर एवं बलरामपुर पैक्स में होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। जानकारी के अनुसार नामांकन के प्रथम दिन बलरामपुर पैक्स से केवल एक उम्मीदवार मो. परवेज आलम ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिसको लेकर प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रशांत कुमार सिंह एवं बीसीओ परमेन्द्र कुमार ने बताया कि जारी अधिसूचना के अनुसार प्रखंड के तीनों पैक्सो के लिए नामांकन की तिथि 6 एवं 7 मार्च को 11बजे पूर्वाहन से लेकर 3 बजे अपराह्न तक संवीक्षा की तिथि 9 एवं 10 मार्च को नामवापसी एवं प्रतीक आवंटन 11 मार्च को तथा मतदान 18 मार्च को 7 बजे पूर्वाहन से लेकर 4.30 बजे अपराह्न तक चलेगा।

## 30 देसी मुर्गियों की मौत, मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार ) ।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के पिंडा गांव में एक किसान के फार्म में देशी मुर्गी को अज्ञात लोगों द्वारा चारा में जहर देने से 25 से 30 मुर्गी की मौत हो होने का मामला प्रकाश में आया हैं। उक्त किसान वर्तमान में वार्ड नंबर सात के वार्ड सदस्य एवं कुरेठा पंचायत के पूर्व के उप मुखिया रहे हैं जो घर से करीब 600 मीटर दूरी भोकरिया नदी किनारे के समीप अपने निजी जमीन में पिछले कई महीनो से फार्म का काम करते हैं।



इस दौरान घटना को लेकर एक लिखित आवेदन अज्ञात लोगों के द्वारा मनसाही पुलिस को दी गई हैं। पीड़ित मनोज कुमार उरांव ने बताया कि इससे पूर्व में भी कुछ लोगों ने आधी रात को आकर फार्म में हो हंगामा किया था।

## करोड़ों की लागत, फिर भी अधर में 'नारायणपुर' की राह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार) ।** ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकारें पानी की तरह पैसा बहा रही हैं, लेकिन धरातल पर भ्रष्ट तंत्र और लापरवाह ठेकेदार इन योजनाओं को दीमक की तरह चाट रहे हैं। ताजा मामला कटिहार जिला के कोढ़ा का हैं। कुर्सी नारायणपुर चौक से नारायणपुर तक बनने वाला पथ विभागीय उदासीनता और ठेकेदार की मनमानी का भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।



कागजों पर रफ्तार, जमीन पर सन्नाटा सूचना पट्ट के अनुसार, इस 1.283 किमी लंबी सड़क के निर्माण के लिए 91.83 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई है। कार्य की शुरूआत 06 जून 2025 को हुई थी और इसे 05 जून 2026 तक पूरा करना है। लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि निर्धारित समय सीमा तो दूर, गुणवत्ता के साथ भी भारी खिलवाड़ किया जा रहा है। अधूरा निर्माण सड़क के बिटुमिनस पक्की सड़क में भारी देरी देखी जा रही है । पी.सी.सी. कार्य दो सौ फीट हुआ हैं लेकिन पीसीसी ढलाई मात्र 3 इंच ही हैं। योजना बोर्ड में 3 पुलिया और 5 कॉजवे का प्रावधान है, लेकिन इनका निर्माण भी अभी तक नहीं हुआ है, जिससे आने वाले मानसून में ग्रामीणों का संपर्क कटने का खतरा है। निर्माणस्थल पर न तो पर्याप्त संकेतक हैं और न ही सुरक्षा के इंतजाम। जिससे आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार उमाकान्त सिंह द्वारा पीसीसी कार्य में काफी खराब सामग्री का प्रयोग किया गया है। बार-बार शिकायत के बावजूद संवेदक या उनके प्रतिनिधि की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। सरकारी बोर्ड पर रखरखाव मेनेटेंस के लिए भी 12.026 लाख रुपये आवंटित हैं, लेकिन जब सड़क बनेगी ही नहीं, तो रखरखाव किसका होगा? अगर जल्द ही कार्य चालू नहीं हुआ और निर्माण कार्य को गति नहीं दी गई, तो हम ग्रामीण सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने को विवश होंगे और इसकी शिकायत सीधे जिला प्रशासन से करेंगे।"अब प्रशासन पर यह सवाल खड़ा होता है कि क्या वह इन लापरवाह ठेकेदारों पर लगाम कसेगा या फिर जनता की गाढ़ी कमाई ऐसे ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी?

## पिस्टल लहराता वीडियो वायरल, युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराते हुए वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवक को गिरफ्तार कर लिया। वही वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा था, जिसमें वह खुलेआम पिस्टल लहराते हुए दिखाई दे रहा था। वीडियो के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। थाना अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि टीम गठित कर पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू की और युवक की पहचान कर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया ।



उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वायरल पोस्ट के आधार पर जिसमें दो युवक द्वारा पिस्टल लहराता हुआ वीडियो वायरल हुआ था जिसकी जिसकी जांच की गई जांच में वायरल वीडियो में पिस्टल लगता हुआ युवक को एक देशी पिस्तौल दो महंगी मोबाइल के साथ दोनों युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत पटहरा गांव के अरुण प्रसाद साह के19 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार साह के रूप में हुई है तो वही एक नाबालिक जो थाना क्षेत्र अंतर्गत सौरिया का निवासी है । थाना अध्यक्ष ने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया और आगे कार्रवाई की जा रही ।

## पिकअप से आठ मवेशी बरामद, पशु तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** अवैध पशु तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सेमापुर पुलिस ने एक पिकअप वाहन से क्रूरता पूर्वक लादे गए आठ मवेशी बरामद करते हुए एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सेमापुर थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से पशुधन को लादकर मधुरा ढ़ाला की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में मधुरा ढ़ाला के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया।वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध पिकअप




पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा कर उसे खदेड़कर पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें क्रूरता पूर्वक लादे गए कुल आठ मवेशी बरामद किए गए।मौके से पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया।

पशु तस्कर की पहचान मनसाही थाना क्षेत्र के कुशाहा मोहनपुर निवासी नजमुल हक (33) के रूप में हुई है। इस संबंध में सेमापुर थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहन को पकड़कर आठ मवेशी बरामद किए गए हैं। एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है तथा पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है। मामले में कांड दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## छिनतई का आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में देर शाम बदमाशों की ओर से छिनतई तथा मार-पीट मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत परिहारपुर खरसौता पंचायत निवासी डोमन सिंह के द्वारा आजमनगर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि बीती रात्रि करीब 9:00 बजे कानदोल से अपने घर जा रहे थे।



तभी जीरो माईल परिहारपुर में एक व्यक्ति सहित अन्य लोगों ने मिलकर छिनतई की। कुल पांच लोगों को आरोपी बनाते हुए आजमनगर थाने में न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि आधा दर्जन से अधिक लोगों द्वारा चारों तरफ से घेर कर पैसा मांगने लगा, मेरे द्वारा विरोध करने पर उक्त सभी ने मिलकर मुझे पास के शमशान में ले गया और गले में चाकू लगा दिया और मेरे पास से 15 हजार रुपए, आधार कार्ड एवं मोबाइल छीन लिया। तब तक मुझे मारता रहा जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया। बेहोश होने के पश्चात मुझे छोड़ कर चला गया।उक्त मामले में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए कहा है कि पीड़ित परिवार द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही आगे की कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। समाचार लिखे जाने तक किसी के भी गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** शहर के राजेन्द्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने की। बैठक में मुख्य रूप से किशनगंज के सांसद सह प्रभारी डॉ. मोहम्मद जावेद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सांसद मो.जावेद ने कटिहार जिला कांग्रेस के संभावित जिलाध्यक्ष दावेदारों से वन टू वन मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर उनकी राय जानी।

उन्होंने जिला कांग्रेस के विस्तार और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए नेताओं और कार्यकताओं से भी व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर सुझाव लिए।

### जिलाध्यक्ष चयन को लेकर वन टू वन रायशुमारी




इस दौरान यह भी पूछा गया कि कटिहार में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के रूप में कौन बेहतर उम्मीदवार हो सकता है और पार्टी को बूथ स्तर तक कैसे मजबूत किया जाए।इस मौके पर सांसद मो. जावेद ने कहा कि संगठन सृजन अभियान की शुरूआत ही पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की राय और सुझाव के आधार पर संगठन को नई मजबूती दी जाएगी। ताकि आने वाले समय में कांग्रेस और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके।वहीं कटिहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाई जा रही है। इससे पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ एक मजबूत और सक्रिय संगठन का निर्माण होगा। बैठक में किशनगंज कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इमाम अली चिंटू, संजय कुमार सिंह, संजय सिंह,दिलीप विश्वास, पंकज तंबाकूवाला, रिंकू मिश्रा, पुतुल सिंह, आम्रपाली यादव, प्रहलाद गुप्ता, चंद्रभानु गुप्त, सऊद मुखिया, डॉ. बिपिन सिंह, अल्तमस दीवान, अवधेश मंडल, राज आनंद सिंह, मन्नी पासवान, मो. इश्तियाक, राजीव चाकी, उस्मान गनी, राजेश उरांव, विनय मंडल, मो. मुस्तफा, मो. इम्तियाजुल, सुबोल यादव, मेजर जमाल, प्रीतम चक्रवर्ती, मोहर्रम खान सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

● अधिकतर देशों में रेट बढ़े

## ईरान-इजरायल जंग से कई देशों में महंगी हुई एलपीजी, भारत का ये हैं हाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध से वैश्विक बाजार में रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में हाल के दिनों में हलचल देखने को मिली है। द्वारा जारी रेट के मुताबिक कई देशों में एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि कुछ देशों में मामूली गिरावट भी आई है। ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध से वैश्विक बाजार में रसोई गैस की कीमतों में हाल के दिनों में हलचल देखने को मिली है। फरवरी 2026 और 2 मार्च 2026 को जारी रेट के मुताबिक कई देशों में कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि कुछ देशों में मामूली गिरावट भी आई है। 2 मार्च 2026 को जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में एलपीजी की औसत कीमत 71.96 भारतीय रुपये प्रति लीटर है। हालांकि, देशों के बीच इन कीमतों में काफी अंतर है। सामान्य नियम के रूप में, अमीर देशों में कीमतें अधिक होती हैं, जबकि गरीब देशों और प्राकृतिक गैस का उत्पादन और निर्यात करने वाले देशों में कीमतें काफी कम होती हैं। अलग-अलग देशों में कीमतों में यह अंतर एलपीजी पर लगने वाले विभिन्न टैक्सों और सब्सिडी के कारण होता है। सभी देशों की अंतरराष्ट्रीय बाजारों की प्राकृतिक गैस कीमतों तक समान पहुंच है, लेकिन फिर वे अलग-अलग टैक्स लगाने का निर्णय लेते हैं। इसके परिणामस्वरूप, एलपीजी की खुदरा कीमत अलग-अलग होती है। इस डेटा के मुताबिक अल्जीरिया, अंगोला, सऊदी अरब, अजरबैजान, ऑस्ट्रेलिया और होंडुरास जैसे देशों में दाम पहले के मुकाबले बढ़े हैं। वहीं रूस, बेलारूस, पेरू और जॉर्जिया जैसे कुछ देशों में मामूली गिरावट भी देखी गई है। हालांकि भारत के लिए राहत की बात यह है कि इस अवधि में की कीमत 59.9 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर बनी हुई है और इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। अल्जीरिया, अंगोला, सऊदी अरब, अजरबैजान, ऑस्ट्रेलिया और होंडुरास जैसे देशों में के दाम पहले के मुकाबले बढ़े हैं। भारत में इंडियन ऑयल के डेटा के आधार पर एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) की कीमतों की बात करें तो आज 14.2 किग्रा वाला घरेलू सिलेंडर दिल्ली में 853 में मिल रहा है। जबकि, पटना में इसकी कीमत 951 है। मुंबई में 852.50 और लखनऊ में 890.50 में मिल रहा है। कारगिल में 985.5, पुलवामा में 969, बागेश्वर में 890.5 का है। दूसरी तरफ दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1768.50 रुपये, कोलकाता में1875.50 और मुंबई में कॉमर्शियल सिलेंडर 1720 रुपये में मिल रहा है।

### हॉर्मुज के बंद होने से एशिया में ऊर्जा संकट पैदा होगा

जीरो कार्बन एनालिटिक्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि अमेरिका और ईरान के बीच का सैन्य तनाव लंबा खिंचता है और ईरान हॉर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध रखना जारी रखता है, तो इसका सबसे गहरा असर एशिया पर पड़ेगा। ऊर्जा बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक कच्चे तेल और गैस के दामों में उतार-चढ़ाव के कारण आने वाले समय में कीमतों में और बदलाव देखने को मिल सकता है।

# 58 प्रतिशत मिलेगा डीए, सरकारी कर्मचारियों को तोहफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक की बकाया राशि को भी सरकार ने वहन करने का निर्णय लिया है। इस अवधि के एरियर का भुगतान मई 2026 से शुरू होकर छह समान किस्तों में किया जाएगा। वहीं, पेंशनभोगियों को जनवरी और फरवरी 2026 के लिए भी 58 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत (डीआर) दी जाएगी। प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घोषणा की है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को अब केंद्रीय कर्मचारियों की तरह 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) मिलेगा। यह लाभ 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा और कर्मचारियों को मई के वेतन के साथ बढ़ा हुआ भत्ता दिया जाएगा।

इस फैसले का सबसे राहत भरा पहलू यह है कि जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक की बकाया राशि को भी सरकार ने वहन करने का निर्णय लिया है। इस अवधि के एरियर का भुगतान मई 2026 से शुरू होकर छह समान किस्तों में किया जाएगा। वहीं, पेंशनभोगियों को जनवरी और फरवरी 2026 के लिए भी 58 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत (डीआर) दी जाएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया



गया है जब हाल ही में केरल सरकार ने भी अपने कर्मचारियों के लिए डीए में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 35 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा, आठवें वेतन आयोग को लेकर भी हलचल तेज हो गई है। फेडरेशन ऑफ नेशनल पोस्टल ऑर्गेनाइजेशन (एफएनपीओ) ने आयोग से मांग की है कि 50 प्रतिशत डीए को मूल वेतन में विलय कर दिया जाए। संगठन का कहना है कि बढ़ती महंगाई के मद्देनजर कर्मचारियों को 1 जनवरी 2026 से अंतरिम राहत दी जानी चाहिए।

### क्या है होता है डीए

आपको बता दें कि महंगाई भत्ता कर्मचारियों के वेतन का वह हिस्सा है जो बढ़ती कीमतों से बचाने के लिए दिया जाता है। यह हर छह महीने में जनवरी और जुलाई में संशोधित होता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी कर्मचारी का मूल वेतन 40,000 रुपये है, तो महज 3 प्रतिशत डीए बढ़ने से उसके वेतन में 1,200 रुपये का इजाफा हो जाता है। मध्य प्रदेश सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों परिवारों की आर्थिक सेहत में सीधा सुधार होगा।

### तीन प्रतिशत डीए बढ़ोतरी का वेतन पर क्या होगा असर

अगर किसी कर्मचारी का मूल वेतन 40,000 रुपये है, तो डीए में 3% की वृद्धि होने पर उसे हर महीने अतिरिक्त 1,200 रुपये मिलेंगे। यह गणना केवल वेतन के मूल वेतन घटक पर लागू होती है और इसमें हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) या ट्रैवल अलाउंस (टीए) जैसे अन्य भत्ते शामिल नहीं होते हैं। विभिन्न वेतन स्तरों पर 3% डीए वृद्धि का प्रभाव कुछ इस प्रकार होगाज 18,000 रुपये मूल वेतन पर मासिक वृद्धि 540 रुपये होगी और सैलरी में सालाना इजाफा 6,480 रुपये होगा। जबकि, 25,500 रुपये मूल वेतन पर मासिक वृद्धि 765 रुपये और वार्षिक वृद्धि 9,180 रुपये होगी। 35,400 रुपये मूल वेतन पर मासिक वृद्धि 1,062 रुपये और वार्षिक वृद्धि 12,744 रुपये होगी। अगर कर्मचारी की बेसिक सैलरी 44,900 है तो महीने के हिसाब से उसकी सैलरी में 1,347 रुपये और सालाना 16,164 रुपये की बढ़ोतरी होगी। 56,100 रुपये मूल वेतन पर मासिक वृद्धि 1,683 रुपये और वार्षिक वृद्धि 20,196 रुपये होगी। अगर बेसिक सैलरी 1,00,000 रुपये है तो 3,000 रुपये महीने यानी साल में 36,000 रुपये बढ़ जाएंगे।

# पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे, कनाडा से एलपीजी आयात होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छह दिन से जारी युद्ध के चलते कच्चे तेल के दाम करीब 16 फीसदी बढ़कर 85 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। मोदी सरकार ने आशवस्त किया है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का भारतीय उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल जारी है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छह दिन से जारी युद्ध के चलते कच्चे तेल के दाम करीब 16 फीसदी बढ़कर 85 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। आज ब्रेंट क्रूड 85.41 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। मोदी सरकार ने आशवस्त किया है कि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का भारतीय उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार ने साफ किया है कि भारत में पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में फिल्हाल दाम नहीं बढ़ेंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, एलपीजी के मामले में भारत सिर्फ कतर के भरोसे नहीं है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने भी गैस भिजवाने का ऑफर किया है। मंत्रालय का दावा है कि अपनी ऊर्जा

### सरकार ने दी बड़ी राहत

सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत ने नए बाजार तलाश लिए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, हम इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों के संपर्क में




हैं। इस बीच, जहां सरकार ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। वहीं, अमेरिका से कुल खपत की करीब दस एलपीजी लेनी शुरू कर दी है। अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग के बीच कतर ने अपना गैस उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिया है। भारत अभी 195 मिलियन मीट्रिक स्टेंडर्ड क्यूबिक मीटर गैस आयात करता है। इसमें सिर्फ 60 एमएमएससीएम यानी करीब 30 फीसदी कतर से आयात की जाती है। सरकार इस कमी को पूरी करने का प्रयास कर रही है, जरूरत पड़ी तो गैस कंपनियां उद्योगों को गैस आपूर्ति को लेकर अपनी प्राथमिकताएं तय कर सकती हैं। सरकार का कहना है कि गैस की कमी होती भी है, तो इसका घरेलू मसलन पीएनजी और सीएनजी उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं होगा। उद्योगों के पास वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन होते हैं, ऐसे में कंपनियां उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर गैस मुहैया कर सकती है। पर अभी इस तरह की कोई स्थिति पैदा नहीं हुई है।

### पचास दिन का तेल उपलब्ध

मंत्रालय का कहना है कि भारत में 25 दिन से अधिक का कच्चा तेल और 25 दिन की जरूरत के हिसाब से पेट्रोल-डीजल उपलब्ध हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम लगातार दूसरे देशों और आपूर्तिकर्ताओं से बात कर रहे हैं। स्थिति पूरी तरह सामान्य है। देश में एलपीजी, सीएनजी और एलएनजी की फिलहाल कोई कमी नहीं है।

**होर्मुज जलमार्ग का असर :** ईरान के होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की धमकी का भारत पर बहुत अधिक असर नहीं पड़ेगा। मंत्रालय का कहना है कि भारत का कुल आयात का 40 फीसदी हिस्सा होर्मुज जलमार्ग से गुजरता है। इसकी भरपाई के लिए भारत ने सुरक्षित मार्गों से अपना आयात बढ़ा दिया है।

**ज्यादा मंहगा नहीं होगा कच्चा तेल :** सरकार के रणनीतिकार मानते हैं कि छह दिन के युद्ध में कच्चे तेल की कीमत 84 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंची हैं। युद्ध कुछ दिन और चलता है, तो दाम 90 डॉलर तक जा सकते हैं। पर लड़ाई थमते ही दाम कम हो जाएंगे, क्योंकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल उपलब्ध है। तेल की कोई कमी नहीं है।

## दो कंपनियां ट्रेड कर रही हैं एक्स-बोनस, 5% तक उछला शेयर, आपका है किसी पर दांव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में दो कंपनियां आज एक्स-बोनस ट्रेड करने जा रही हैं। इन दो कंपनियों में एक कंपनी एलकेपी फाइनेंस लिमिटेड है। आइए इनके स्टॉक प्रदर्शन से लेकर सभी डीटेल्स को जान लेते हैं। शेयर बाजार में दो कंपनियां आज एक्स-बोनस ट्रेड करने जा रही हैं। इन दो कंपनियों में एक कंपनी एलकेपी फाइनेंस लिमिटेड है। आइए इनके स्टॉक प्रदर्शन से लेकर सभी डीटेल्स को जान लेते हैं। गुरुवार को कंपनी के




शेयर मार्केट के बंद होने के समय पर 1.47 प्रतिशत की गिरावट के बाद 965.95 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। कंपनी निवेशकों को एक शेयर पर 4 शेयर बोनस दे रही है। इसेक लिए आज यानी 6 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया था। पिछले तीन महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8.8 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, 6 महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 61 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल से कंपनी के शेयरों को होल्ड करने वाले इन्वेस्टर्स को अबतक 192 प्रतिशत का फायदा हुआ है। बोनस शेयर के एडजस्टेड प्राइस के बाद कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। सुबह करीब 4 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर 200 रुपये के इंट्रा-डे हाई तक पहुंच गए थे। इस कंपनी के शेयर भी आज एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी ने 10 शेयर पर एक बोनस शेयर निवेशकों को दे रही है। बीएसई में कंपनी का शेयर आज 54.89 रुपये के लेवल पर खुला था। करीब-करीब 5 प्रतिशत की तेजी के साथ 55.60 रुपये के इंट्रा-डे हाई तक पहुंच गया।

# अनिल अंबानी से जुड़े ठिकानों पर छापे, ईडी का बड़ा एक्शन, लेकिन शेयरों में तेजी

### ईडी की करीब 15 विशेष टीमों ने भोर में यह तलाशी अभियान शुरू किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह-सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़े कई कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। ईडी की करीब 15 विशेष टीमों ने भोर में यह तलाशी अभियान शुरू किया, जो फिलहाल मुंबई में 10 से 12 स्थानों पर जारी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह-सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़े कई कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की करीब 15 विशेष टीमों ने अर्ली मॉर्निंग में यह तलाशी अभियान शुरू किया, जो फिलहाल मुंबई में 10 से 12 स्थानों पर जारी है। ये कार्रवाई बिजली कंपनी रिलायंस पावर से जुड़े लोगों के आवासीय और कार्यालय पते पर केंद्रित है। इस छापे की खबर के बावजूद रिलायंस पावर के शेयरों में करीब 2 प्रतिशत की उछाल है और ये 23 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, रिलायंस इंफ्रा के शेयर 4 पर्सेंट से अधि उछलकर 94.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर द इंडियन एक्सप्रेस ने एक सोर्स के हवाले से कन्फर्म किया है कि ऑपरेशन मुंबई और



हैदराबाद की जगहों पर फोकस थे, हालांकि जांच में कॉम्प्रोमाइज से बचने के लिए खास पते नहीं बताए गए। ये रेड श्रष्ठ के अनिल अंबानी के मुंबई के पॉश पाली हिल इलाके में मौजूद घर 'अबोड' को प्रोविजनली अटैच करने के कुछ दिनों बाद की गई। यह छापेमारी कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग की व्यापक जांच के तहत की जा रही है। हालांकि एजेंसी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह तलाशी रिलायंस पावर में संदिग्ध फंड ट्रांसफर और लेनदेन से जुड़ी जांच का हिस्सा है।

**पहले भी हो चुकी है बड़ी कार्रवाई:** गौरतलब है कि इससे पहले फरवरी 2026 में, ईडी ने 40,000 करोड़ रुपये के रिलायंस कम्युनिकेशंस (आर-कॉम) बैंक फ्रॉड मामले की लंबे समय से चली आ रही जांच में अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास अबोड को कुर्क किया था। उस वक्त इसकी कीमत करीब 3,500 करोड़ रुपये आंकी गई थी। टाइम्स नाऊ के मुताबिक, दिसंबर 2025 में प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों और उन्हें यस बैंक द्वारा दिए गए ऋ्रष्ठा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर से पूछताछ की थी। राणा कपूर, जो उस समय यस बैंक के सीईओ थे, को मार्च 2021 में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## फरवरी में बिक गई 24 लाख गाड़ियां, गांवों में बढ़ रही डिमांड, ट्रैक्टर्स की बिक्री में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरवरी का महीना देश के ऑटो रिटेल सेक्टर के लिए काफी शानदार रहा। इस दौरान देश में गाड़ियों की बिक्री में 25.6 फीसदी तेजी आई। खासकर दोपहिया और पैसेंजर गाड़ियां की काफी डिमांड रही। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस के मुताबिक फरवरी में गाड़ियों की कुल सेल 24.09 लाख यूनिट रही जो पिछले साल के मुकाबले 25.62 फीसदी अधिक है। मार्च में भी यह ट्रेंड बरकरार रहने की उम्मीद है। जानकारों का कहना है कि जीएसटी कटौती का असर अब बाजार पर दिख रहा है। दोपहिया, तिपहिया, कमर्शियल, ट्रैक्टर्स और पैसेंजर गाड़ियों की बिक्री में फरवरी महीने का रेकॉर्ड बन गया। फरवरी में दोपहिया वाहनों की बिक्री 17,00,505 यूनिट रही जो पिछले साल के मुकाबले 25.02% अधिक है। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में बिक्री में 28.96% तेजी आई जबकि ग्रामीण इलाकों में 22.16% बढ़ोतरी हुई। इसी तरह पिछले महीने तिपहिया गाड़ियों की बिक्री में 26.12% तेजी रही जबकि कमर्शियल वाहनों की डिमांड 28.89% बढ़ गई। फरवरी में कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री 1,00,820 यूनिट रही। फरवरी में पैसेंजर गाड़ियों की रिटेल सेल 3,94,768 यूनिट रही। शहरी बाजार में इसमें पिछले साल के मुकाबले 21.12% तेजी आई जबकि ग्रामीण इलाकों में बिक्री में 34.21% उछाल देखने को मिली। फाडा का कहना है कि खासकर ग्रामीण इलाकों में डिमांड में तेजी उत्साहजनक है। वहां छोटी कारों के साथ-साथ एसयूवी और यूटिलिटी वाहनों की डिमांड भी बढ़ी है। फरवरी में एक बार फिर ट्रैक्टर्स की बिक्री में सबसे ज्यादा 36.35% तेजी आई। फाडा के आंकड़ों के मुताबिक पैसेंजर गाड़ियों का इंवेंट्री लेवल 5 दिन घट गया है और अब 27-29 दिन है जो अच्छा संकेत है। देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी का कहना है कि कंपनी के पास अभी 12 दिन की डीलर इंवेंट्री है।

● रिधिमा नागपाल राजधानी दिल्ली की रहने वाली हैं

# ट्रिप पर मिले आइडिया ने किया कमाल, तीन महीने में 8 लाख की कमाई, 20 साल की लड़की का ये है बिजनेस


**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिधिमा नागपाल राजधानी दिल्ली की रहने वाली हैं। वह सिर्फ 20 साल की हैं। न्यूयॉर्क सिटी की एक ट्रिप पर मिले आइडिया ने उनकी जिंदगी बदल दी। उस ट्रपि में उन्होंने खास डेजर्ट कल्चर का अनुभव किया। उसी से प्रेरित होकर उन्होंने नवंबर 2025 में टफ मफ एंड कंपनी की नींव रखी। यह न्यूयॉर्क सिटी कल्चर से प्रेरित एक प्रीमियम डेजर्ट क्लाउड किचन है। वेंचर मोटी, चंकी अमेरिकन-स्टाइल कुकीज और स्वादिष्ट डेजर्ट बनाने पर फोकस करता है। सिर्फ 3 महीनों में कंपनी ने 8 लाख रुपये की कमाई की। आइए, यहां रिधिमा नागपाल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। रिधिमा नागपाल दिल्ली में जन्मी और पली-बढ़ीं। उन्होंने 2023 में रायन इंटरनेशनल स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की। वह एक एंटरप्रेन्योरियल परिवार से हैं। रिधिमा दिल्ली यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से साइकोलॉजी में बीए(ऑनर्स) कर रही हैं। अभी वह अपने सेकंड ईयर में हैं। 13 साल की उम्र में रिधिमा अपनी मां सुचेता के साथ न्यूयॉर्क सिटी गई थीं। उस ट्रिप के दौरान उन्होंने एक ऐसे डेजर्ट कल्चर का अनुभव



किया जो उनके पहले के कल्चर से बहुत अलग था। उस पल ने उन पर गहरी छाप छोड़ी। बाद में दिल्ली में अपने क्लाउड किचन के जरिए उसी अनुभव ने उनके विजन को प्रेरित किया। अपनी पढ़ाई के साथ रिधिमा ने अगस्त 2023 से नवंबर 2024 तक नई दिल्ली के हौज खास में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कलिनरी आर्ट्स में प्रोफेशनल कुकिंग ट्रेनिंग ली। यह 15 महीने का एक मुश्किल प्रोग्राम था। इस दौरान उन्होंने सिटी एंड गिल्ड्स (ब्रिटेन) से पेस्ट्री शेफ और बेकर के तौर पर सर्टिफिकेशन हासिल किया। वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ शेफ्स सोसाइटीज (पेरिस) से भी सर्टिफाइड हुईं। दादी के गुजर जाने के बाद रिधिमा के दादाजी ने उनकी पुरानी हाथ से लिखी रेसिपी डायरी शेयर की। रिधिमा की दादी बेकर थीं। रिधिमा अक्सर टी केक और कुकीज के नोट्स पढ़ती थीं। अपनी किचन में दादी के उन जाने-पहचाने फ्लेवर पर उन्होंने फिर से हाथ आजमाए। शुरू में उनकी कई कोशिशें फेल हो गईं। अपनी टेक्निक को बेहतर बनाया। बेकिंग के पीछे के साइंस की अपनी समझ को गहरा किया। न्यूयॉर्क शहर में एक टीनएजर के तौर पर अपने सफर को याद किया। तब उन्हें एक बिल्कुल अलग डेजर्ट कल्चर से इंट्रोड्यूस कराया गया था। उस इंस्पिरेशन को कुकीज और टी केक बेक करने के अपने पैशन के साथ मिलाकर उन्होंने न्यूयॉर्क-स्टाइल डेजर्ट की यादों को अपने क्रिएशन में डाला। फिर 2022 में अपनी होम बेकरी लॉन्च की। अपनी होम बेकरी चलाते समय रिधिमा को उनके दोस्तों ने भी हिम्मत दी। शुरू में उन्होंने बेकरी चलाने के लिए लगभग 15,000-20,000 रुपये इन्वेस्ट किए।

# इस नए शेयर पर निवेशक फिदा, ब्रोकरेज ने कहा- 175 रुपये तक जाएगा भाव, खरीद लो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लॉजिस्टिक सॉल्यूशन प्रोवाइडर शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर में गुरुवार को तूफानी तेजी थी। शैडोफैक्स की बात करें तो इस कंपनी को फ्लिपकार्ट, टीपीजी, एट रोड्स वेंचर्स, मिराए एसेट वेंचर्स और नोकिया ग्रोथ फंड्स जैसे प्रमुख निवेशकों का समर्थन प्राप्त है। लॉजिस्टिक सॉल्यूशन प्रोवाइडर शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर में गुरुवार को तूफानी तेजी थी। इस बीच, शेयर को लेकर एक्सपर्ट भी बुलिश हैं। बता दें कि इस कंपनी का आईपीओ हाल ही में लॉन्च हुआ ओर शेयर की लिस्टिंग हुई। शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर परफॉर्मेंस की बात करें तो 124.15 रुपये पर है। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 4.33% बढ़कर बंद हुआ। इस शेयर का ट्रेडिंग रेंज 124.65 रुपये से 118.05 रुपये के बीच रहा। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 127.75 रुपये और लो 98.60 रुपये है। ब्रोकरेज सिक्योरिटीज ने शेयर का टारगेट प्राइस 175 रुपये तय किया है।



ब्रोकरेज के मुताबिक भारत के एक्सप्रेस पार्सल सेगमेंट में हुए एकीकरण से शैडोफैक्स को काफी फायदा हुआ है। पिछले एक साल में यह दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बनकर उभरी है और इसने सालाना आधार पर 1,000 बीपीएस से अधिक की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। हमारा अनुमान है कि दिसंबर 2026 तक इसकी वॉल्यूम बाजार हिस्सेदारी लगभग 27-28 थी। हमारा मानना है कि शैडोफैक्स आगे के एकीकरण, ग्राहकों के विविधीकरण और पिन कोड विस्तार के चलते वित्त वर्ष 2026 के अंत से 2028 के अंत तक 27की राजस्व सीएजीआर देने के लिए अच्छी स्थिति में है। एबिटा मार्जिन में वित्त वर्ष 2026 के अंत में 3.7 से वित्त वर्ष 2028 के अंत में 5.6(वित्त वर्ष 2026 के अंत से 2028 के अंत तक 56सीएजीआर) तक विस्तार होने की उम्मीद है। ब्रोकरेज ने कहा कि हम शैडोफैक्स पर खरीदें रेटिंग और 175 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू करते हैं। 124 रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ था। बीएसई में शेयर 8.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 113 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। वहीं, एनएसई पर शेयर ने 112.60 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो इश्यू प्राइस से 9.19 प्रतिशत कम है।



# रोमांस के बाद पर्दे पर खतरनाक एक्शन दिखाएंगे अहान पांडे

अहान पांडे ने पहली ही फिल्म से शानदार शुरुआत की। बीते साल आई 'सैयारा' ने जबर्दस्त कमाई की। डेब्यू फिल्म के बाद अहान अली अब्बास जफर की फिल्म में नजर आएंगे। इसमें वे एक्शन का दम दिखाएंगे और इसके लिए अपनी फिजीक पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। यशराज फिल्म्स की ब्लॉकबस्टर 'सैयारा' के बाद अहान की दूसरी फिल्म के शूट को लेकर अपडेट सामने आया है।

## कब से शुरू होगी शूटिंग?

अली अब्बास जफर की फिल्म में अहान पांडे के अलावा शरवरी भी नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अहान इस साल मार्च के आखिरी हफ्ते में मुंबई में इस एक्शन रोमांस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अहान के साथ फिल्म की लीडिंग लेडी शरवरी भी शूटिंग शुरू करेंगी। टीम का प्लान है कि पहला शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने के बीच शूट किया जाए।

## लंदन में करेंगे बड़े एक्शन सीन

फिलहाल अहान की इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है। इस फिल्म के लिए वे इंटेंस वर्कआउट सेशन कर रहे हैं। एक्टर को कई बार जिम के बाहर फैंस से मिलते हुए देखा गया है और इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। कहा जा रहा है कि अहान पांडे स्टारर इस फिल्म में जबर्दस्त एक्शन शेड्यूल है। लंदन में शूटिंग मई 2026 में शुरू होने की उम्मीद है, जहां अहान पांच दिनों में एक बड़े एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे।

## कब रिलीज हो सकती है फिल्म?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अहान पांडे अली अब्बास जफर निर्देशित इस फिल्म में अपने किरदार के लिए ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। इसमें फाइट की इंटेंस प्रैक्टिस और हथियार चलाने की ट्रेनिंग शामिल है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में वह अपने रोमांटिक डेब्यू के मुकाबले बिल्कुल नए और अलग एक्शन वाले अवतार में दिखेंगे। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग जुलाई 2026 तक पूरी करने की तैयारी है और इसे अगले साल तक सिनेमाघरों में रिलीज करने का प्लान है।



# इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस पर परफेक्शन का दबाव होता है

अक्सर फिल्मों में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो कम समय के लिए आते हैं, लेकिन दर्शकों के दिल में गहरी छाप छोड़ जाते हैं। संदीपा धर द्वारा निभाए गए किरदार इन्हीं बातों का शानदार उदाहरण हैं। अपनी पहली फिल्म 'इसी लाइफ में' से लेकर 'दो दीवाने शहर में' तक, उन्होंने कई तरह के रोल निभाए। इंटरव्यू में संदीपा ने कहा कि अपने किरदारों के जरिए वह आज की महिलाओं की उस सच्चाई को सामने रखती हैं, जिस पर अक्सर खुलकर बात नहीं होती। इसके अलावा, उन्होंने इंडस्ट्री में परफेक्शन के दबाव के बीच खुद को कैसे तनावमुक्त रखती हैं, इस पर भी अपने विचार रखे।


आईएएनएस से बात करते हुए संदीपा ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कहा, 'उस समय इंडस्ट्री को लेकर मेरी समझ सीमित थी, लेकिन जुनून काफी था। पहली फिल्म के दौरान मिली पहचान और अवॉर्ड नॉमिनेशन ने मुझे आत्मविश्वास दिया, मगर साथ ही जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। समय के साथ मैंने समझा कि हर अवसर बड़ा नहीं होता, लेकिन हर अवसर महत्वपूर्ण हो सकता है।''

उन्होंने कहा, ''करियर के दौरान ऐसे भी मौके मिले, जब स्क्रीन पर समय कम था। लेकिन मेरा मानना है कि किरदार की सच्चाई और प्रस्तुति ही असली फर्क पैदा करती है। दर्शक अभिनय की प्रामाणिकता को महसूस करते हैं, चाहे भूमिका छोटी हो या बड़ी। यही सोच मुझे हर प्रोजेक्ट को समान गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित करती है।''

संदीपा ने कहा, ''इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा और तुलना आम बात है, और कई बार कलाकार खुद को कमतर महसूस करने लगते हैं। मुझे भी ऐसे दौर से गुजरना पड़ा। लेकिन इस अनुभव ने मुझे सिखाया कि बाहरी मान्यता से ज्यादा जरूरी आत्म-स्वीकृति है। इंडस्ट्री में परफेक्शन का दबाव बहुत होता है। लुक्स, फिटनेस और सोशल मीडिया पर इमेज... इन सबके बीच खुद को संतुलित रखना आसान नहीं होता। लगातार यह सुनना कि आपको और बेहतर दिखना चाहिए या और बदलना चाहिए, आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। इसलिए मैंने खुद को स्वीकारने की हिम्मत जुटाई।''

संदीपा ने आगे डांस को अपने जीवन का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, ''मैं एक ट्रेंड डांसर हूं और आज भी किसी मजबूत कहानी वाली डांस-आधारित फिल्म का इंतजार कर रही हूं। मेरे लिए डांस केवल कला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति का माध्यम है, जिसने मेरे अभिनय को भी समृद्ध बनाया है।''

# 15 मई को रिलीज होगी सामंथा रुथ प्रभु की 'मां इंटी बंगारम'




अपनी शादी के बाद सामंथा रुथ प्रभु जल्द पर्दे पर वापसी को तैयार हैं। वे अपनी आगामी फिल्म 'मां इंटी बंगारम' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसका टीजर बीते दिनों रिलीज हुआ था। अब एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया गया है।

## मई में दस्तक देगी सामंथा की फिल्म

सामंथा रुथ की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' इस साल मई में रिलीज होगी। एक्ट्रेस ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का नया पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ रिलीज डेट का खुलासा किया है। यह फिल्म 15 मई 2026 को रिलीज हो रही है। सामंथा ने कैप्शन लिखा है, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। 'मां इंटि बंगाराम' दुनियाभर में बड़े स्तर पर रिलीज होगी'।

## पति राज निदिमोरू ने किया प्रोड्यूस

सामंथा की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' का निर्माण सामंथा के पति राज निदिमोरु ने किया है, जबकि फिल्म का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है। नंदिनी और सामंथा की जोड़ी 'ओह! बेबी' के बाद दोबारा साथ में लौटी है। सामंथा के साथ फिल्म में गुलशन देवैया और दिगंथ मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## दर्शकों को पसंद आया था टीजर

फिल्म के टीजर में दिखाया गया था कि एक महिला (सामंथा) अपने पति के साथ ससुराल पहुंचती है। वह आत्मविश्वास से वादा करती है कि एक हफ्ते के भीतर वह उनका दिल जीत लेगी। एक आदर्श बहू बनने की कोशिश में वह एक पूरी तरह से कमीशन जांच शुरू कर देती है। हालांकि, वह अपने ससुराल वालों के सामने मासूम और शांत दिखती है। टीजर में सामंथा को एक दमदार एक्शन रोल में दिखाया गया है। उन्हें अकेले ही गुंडों को ढेर करते, भीषण गोलीबारी में शामिल होते और बाद में लाशों को ठिकाने लगाकर खून-खराबे को छिपाते हुए देखा जा सकता है। टीजर शेयर करते हुए सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'यह गोल्ड बेहद बोल्ड है।' टीजर दर्शकों को काफी पसंद आया।





# अजय देवगन और अक्षय कुमार की 'गोलमाल 5' की शूटिंग शुरू?

रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल 5' में हाल ही में अजय देवगन, अरशद वारसी, कुणाल खेमू और श्रेयस जैसे सितारों से सजी स्टार कास्ट में अक्षय कुमार का नाम जुड़ने की खबर सुर्खियों में थी। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म में अब एक साउथ एक्ट्रेस के जुड़ने की भी जानकारी सामने आई है। खबर के अनुसार, 'गोलमाल 5' की शूटिंग शुरी हो चुकी है और पहले शेड्यूल में ज्यादातर मुख्य कलाकार मौजूद थे। अजय देवगन भी जल्द ही शूटिंग में शामिल हो जाएंगे। 'गोलमाल 5' की शूटिंग कहां शुरू हुई है, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।

## 'गोलमाल 5' से जुड़ी साउथ एक्ट्रेस?



'गोलमाल 5' की टीम में एक नया चेहरा जुड़ गया है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण भारतीय अभिनेत्री प्रियामणि अब 'गोलमाल 5' में नजर आएंगी। प्रियामणि साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। बहरहाल, प्रियामणि का रोल क्या होगा, ये अभी सीक्रेट है, लेकिन उन्होंने अपनी शूटिंग शुरू कर दी है। पहला शेड्यूल करीब एक महीने चलेगा।

## अक्षय भी होंगे फिल्म का हिस्सा

पहले से ही खबर थी कि अक्षय कुमार भी फिल्म में होंगे। वो अजय देवगन और उनके गैंग के साथ कॉमेडी में धमाल मचाएंगे। पुराने कलाकार जैसे अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, श्रेयस, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी और अश्विनी कालसेकर भी वापस आ रहे हैं। लेकिन शायद करीना कपूर खान इस बार फिल्म में नहीं होंगी।

## गोलमाल सीरीज

'गोलमाल' सीरीज की पहली फिल्म 2006 में आई थी और अब ये 20 साल पूरे कर रही है। चार फिल्मों से इसने 600 करोड़ से ज्यादा कमाए हैं। 'गोलमाल 5' को अब तक की सबसे बड़ी और शानदार फिल्म बताया जा रहा है। यह फिल्म 2027 की शुरुआत में रिलीज होने वाली है।

## प्रियामणि के बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स

प्रियामणि ने कई चर्चित बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में काम किया है, जिनमें वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' और शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' शामिल है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म 'आर्टिकल 370' में भी अभिनय किया है। वह हिंदी सिनेमा में 'चेन्नई एक्सप्रेस' (डांस नंबर) और मणिरत्नम की फिल्म 'रावण' (कैमियो) का भी हिस्सा रही हैं।

# शैतान वाले रोल ने मेरे शरीर को पूरा निचोड़ लिया



**गुजराती सिनेमा का जाना-पहचाना चेहरा बन चुकीं ऐक्ट्रेस जानकी बोड़ीवाला अब बॉलिवुड में भी अपने कदम मजबूत कर रही हैं। गुजराती फिल्म वश में जबरदस्त अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड जीतने वाली जानकी अजय देवगन-आर माधवन स्टारर शैतान के बाद हाल ही में रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 में भी अहम रोल में नजर आईं।**

**डॉक्टर बनते-बनते ऐक्टर कैसे बन गई**

मेरे पापा को फिल्मों का बहुत क्रेज है तो मैंने भी बचपन से ही खूब बॉलिवुड फिल्में देखी हैं। हमारे घर पर एक मिनी थिएटर था, जो अभी भी है। हमारे घर पर हर शुक्रवार को फिल्मों की स्क्रीनिंग होती थी। जब मैं बोर होती थी तो भी कोई ना कोई डीवीडी चला लेती थी तो जाने-अनजाने में सिनेमा के साथ मेरा रिश्ता बचपन से था। ऐक्टिंग की शुरुआत भी पापा के कहने से ही हुई। मैं डेंटिस्ट की फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। ब्रेक चल रहा था। पापा ने बोला कि उनके कोई दोस्त फिल्म बना रहे हैं, तुम ऑडिशन देने जाओगी?

**वश और फिर उसकी हिंदी रीमेक शैतान में आपकी भूमिका बहुत ही डिमांडिंग है। उसे निभाना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

मुश्किल तो निश्चित तौर पर था। मुझे एक ही किरदार दूसरी बार निभाना था। पहली बार तो मुझे भी अहसास नहीं था कि फिल्म कैसी बन रही है। मुझे याद है कि जब हम शूट कर रहे थे तो एक बार 10-15 दिन का ब्रेक मिला था और मैं काफी अपसेट थी कि यार, सब अच्छा जा रहा है, मेरा लिंक टूट जाएगा लेकिन दूसरे-तीसरे दिन मुझे बॉडी में बहुत थकान महसूस हुई।

**'मर्दानी 3' की दुनिया भी काफी स्याह है। गर्ल चाइल्ड ट्रैफिकिंग जैसी घटनाओं के बारे में पढ़कर-सुनकर क्या प्रतिक्रिया होती है?**

गुस्सा आता है, डर लगता है। जब भी हम ऐसा कुछ पढ़ते या सुनते हैं, रूह कांप जाती है क्योंकि कई बार लड़कियों संग बहुत ही भयावह घटनाएं होती हैं। इसलिए, जरूरी है कि हम स्ट्रॉन्ग रहें। मर्दानी उदाहरण है कि आज के दौर में औरत कैसी होनी चाहिए। मुझे लगता है कि आज की पीढ़ी की लड़कियां बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। वे ऐसी कोई सिचुएशन आई तो अपने लिए खड़ी रहेंगी।

**वैसे आज की पीढ़ी यानी जेन जी के लिए ऐसा भी कहा जाता है कि वे अपने काम/जॉब आदि के लोग गंभीर नहीं हैं। आपकी इस पर क्या राय है?**

दरअसल, जेन जी से पहले की जो पीढ़ी है, वो इतनी सीरियस रह चुकी है कि उनको लगता है कि जेन जी सीरियस नहीं है। लेकिन यह वो पीढ़ी है, जो अपनी जिंदगी खुशी-खुशी जी रही है, जैसा कि आपको जीना चाहिए। जेन जी युद्ध या झगड़ों में नहीं मानते।

## रानी से पहली मुलाकात कैसी रही?

जब नैशनल अवॉर्ड अनाउंस हुआ था तो हम आधी फिल्म शूट कर चुके थे। उसके बाद जब हम सेट पर मिले तो एक छोटा सा जश्न भी मनाया। एक-दूसरे को बधाई दी। यह बहुत ही बड़ी बात थी हम दोनों एक ही फिल्म कर रहे थे और हम दोनों को एक ही साल में नैशनल अवॉर्ड मिला। यह बहुत ही खास पल था। इसके बाद उन्होंने मेरी फिल्म वश देखी, जो उन्हें बहुत पसंद आई। वैसे, हमारी पहली मुलाकात तो रीडिंग के दौरान ही हो गई थी। असल जिंदगी में भी वह मुझे अपने किरदार शिवानी जैसी ही लगीं। प्रेरणादायी, उत्साही, मजबूत, उनसे मिलकर एक प्रेरणा मिली। फिर उनके साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करके बहुत मजा आया था। मैंने बचपन से उन्हें अलग-अलग करैक्टर निभाते हुए देखा था तो उनके साथ काम करना यादगार रहा।



# भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम

● टूर्नामेंट में 88 सिक्स भी लगाए, संजू ने कोहली की बराबरी की

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को हराकर चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। टीम इंडिया 4 वर्ल्ड टी-20 फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से मात दी।

भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में इस बार 88 छक्के भी पूरे कर लिए। टीम ने एक एडिशन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी बना दिया। वहीं संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेलते हुए टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय द्वारा सबसे बड़ी पारी खेलने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली।

● **भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम-** भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। इससे पहले भारतीय टीम 2007, 2014 और 2024 में फाइनल खेल चुकी थी। पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड ने 3-3 फाइनल खेले हैं।2026 में फाइनल में पहुंचकर भारत ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टीम लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप (2024 और 2026) फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी टीम भी बन गई। इससे पहले पाकिस्तान (2007, 2009) और श्रीलंका (2012, 2014) ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे। भारत आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगा। टीम 2023 में वनडे वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल भी खेल चुकी है।

● **एक टी-20 वर्ल्ड कप मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे-** भारत और इंग्लैंड ने मिलकर 34 छक्के लगाए, दोनों ने टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड बना दिया। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे का मैच है। दोनों टीमों ने मिलकर तब 31 सिक्स लगाए थे।मुंबई में खेले गए सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड के मैच में चौकों की भी बारिश हुई।

## खराब चेस फॉर्म पर बोले डी गुकेश

● कुछ दिन अकेले रहना चाहता था, ऑटोग्राफ न देने पर फैंस से माफी मांगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्राग इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल 2026 के सातवें राउंड में भारत के वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश ने ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेला। गुकेश प्राग में अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने तीन मैच हारे और चार ड्रॉ खेले हैं। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन के लिए यह टूर्नामेंट काफी कठिन रहा है। डी. गुकेश ने ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेला।




### गुकेश ने फैंस से माफी मांगी

सातवें राउंड के बाद गुकेश ने फैंस से माफी मांगी और खराब प्रदर्शन को इसकी वजह बताया। मैच के बाद ग्रैंडमास्टर केटी त्सात्सालाशविली से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे रोज आने वाले फैंस की सराहना करते हैं, लेकिन कुछ दिनों वे अकेले रहना चाहते थे। उन्होंने कहा कि आमतौर पर वे मैच के बाद ऑटोग्राफ और फोटो देते हैं, लेकिन यहां उनका मूड ठीक नहीं रहा, इसके लिए वे माफी चाहते हैं। हालांकि फैंस का समर्थन उनके लिए बहुत मायने रखता है।

### माता-पिता बड़ा सहारा हैं

अपने फॉर्म पर गुकेश ने माना कि वे अच्छा नहीं खेल पाए और मिले मौकों का फायदा नहीं उठा सके। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए खराब टूर्नामेंट रहा। गुकेश ने बताया कि वे कोच ग्रजेगोरज गाजेव्स्की के साथ प्राग आए हैं और मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन के साथ काम जारी है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम और खासकर माता-पिता उनका बड़ा सहारा हैं।

## इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के नए टी-20 कप्तान बने

राशिद खान की जगह लेंगे, श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान

**तालिबान (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इब्राहिम जादरान को टी-20 इंटरनेशनल टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। जादरान स्टार स्पिनर राशिद खान की जगह ली है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी-20 और वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को अपनी टीमें घोषित कर दीं। बोर्ड के मुताबिक, जादरान अब टी-20 फॉर्मेट में टीम की अगुआई करेंगे और उनकी कप्तानी का पहला असाइनमेंट श्रीलंका के खिलाफ सीरीज होगी।




### जादरान उपकप्तान भी रह चुके

राशिद खान लंबे समय से अफगानिस्तान की टी-20 टीम की कप्तानी कर रहे थे, लेकिन हाल ही में हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के प्रदर्शन के बाद कप्तानी में बदलाव किया गया है। जादरान हाल के सालों में अफगानिस्तान के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में रहे हैं और पहले टीम के उपकप्तान भी रह चुके हैं।

**13 मार्च से शुरू होगी सीरीज-** 13 मार्च को होने वाले पहले मैच से टी-20 मुकाबले से सीरीज की शुरुआत हो होगी। सीरीज का दूसरा और तीसरा टी-20 मैच15 और 17 मार्च को खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले मुकाबले से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी।

# भारत को फाइनल में पहुंचाने वाले 5 हीरो

● *सैमसन का लगातार दूसरा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड, बुमराह-हार्दिक की गेंदबाजी से सेमीफाइनल जीते*

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंच गया है। टीम ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। इस जीत में संजू सैमसन की लगातार दूसरी फिफ्टी और जसप्रीत बुमराह व हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी ने बड़ा रोल निभाया। इनके अलावा ईशान किशन और वरुण भी पूरे टूर्नामेंट में टीम के लिए अहम साबित हुए, जिनके प्रदर्शन ने भारत की फाइनल की राह आसान बनाई। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो मैच में 97 रन की पारी खेली थी। वहीं ईशान किशन की पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की पारी ने टीम को जीत दिलाई थी। उधर वरुण भारत की ओर से टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



### जसप्रीत बुमराह: सटीक गेंदबाजी से जिताया

गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बना लिए थे। उस समय सैम करन 5 और जैकब बेथेल 81 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, तभी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को गेंद थमाई।बुमराह ने इस ओवर में महज 8 रन दिए, जिससे इंग्लैंड पर दबाव बना। अगले ओवर में अर्शदीप सिंह ने 16 रन खर्च कर दिए। यहां से इंग्लैंड को 18 गेंद में 45 रन बनाने थे। बुमराह ने दबाव भरी परिस्थितियों में शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन दिए और भारत की मैच में वापसी करा दी।



● **हार्दिक पंड्या- सेमीफाइनल में दोहरा प्रदर्शन-** इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 12 गेंदों पर 225 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए और टीम इंडिया का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। बॉलिंग करते हुए फिर पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट का विकेट लिया। उन्होंने 19वें ओवर में 9 ही रन दिए और इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया।पंड्या ने अब तक खेले 8 मैचों में 163.11 के स्ट्राइक रेट से 199 रन बनाए, जिनमें दो फिफ्टी शामिल हैं।



● **ईशान किशन- पाकिस्तान के खिलाफ फिफ्टी लगाई-** ईशान पाकिस्तान के खिलाफ ओपनिंग करने उतरे, लेकिन उनके सामने अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद ईशान ने तिलक वर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।



● **वरुण चक्रवर्ती- भारत के टॉप विकेट टेकर-** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में वरुण भारत के टॉप विकेट टेकर हैं। अब तक खेले गए 8 मैचों में वे 13 विकेट चटका चुके हैं। उन्होंने नामीबिया और नीदरलैंड के खिलाफ 3-3 विकेट लिए थे, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ भी 2 विकेट झटके थे। हालांकि, वरुण पिछले 4 मैच में ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए। ग्रुप स्टेज के 4 मैचों में 9 विकेट लेने के बाद वे पिछले 4 मैच में 4 ही विकेट ले सके।





● **संजू सैमसन- लगातार 2 मैच विनिंग पारियां खेलीं-** सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 20 रन पर अभिषेक शर्मा (9 रन) का विकेट गंवा दिया था। यहां से संजू सैमसन ने 42 गेंद पर 89 रन की पारी खेलकर मजबूत स्कोर की नींव रखी। उन्होंने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 रन की साझेदारी की।सैमसन ने 1 मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो मैच में नाबाद 97 रन की पारी खेली थी। वे 196 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करने उतरे और टीम को जीत दिलाकर लौटे। सैमसन ने 50 गेंद पर नाबाद 97 रन बनाए। वे पिछले दोनों अहम मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## संजू ने बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच बताया

● सूर्या ने कहा- हमने शानदार फील्डिंग की, ब्रूक बोले- सैमसन का कैच भारी पड़ा

संजू सैमसन ने लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता। इंग्लैंड से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की पारी के लिए उन्हें यह अवॉर्ड मिला था।मुंबई में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। टीम की जीत में संजू सैमसन की 42 गेंदों में 89 रन की शानदार पारी अहम रही, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




गुरुवार रात अवॉर्ड लेने के बाद सैमसन ने कहा कि इस सम्मान के असली हकदार जसप्रीत बुमराह हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव ने टीम की फील्डिंग की तारीफ की, जबकि इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने माना कि सैमसन का कैच छोड़ना उनकी टीम को भारी पड़ गया।सैमसन ने प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, मैं यह अवॉर्ड बुमराह को देना चाहता हूं। वे वर्ल्ड क्लास बॉलर हैं, ऐसे खिलाड़ी जो पीढ़ी में एक बार आते हैं। आज उन्होंने वही डिलीवर किया। अगर डेथ ओवर्स में उन्होंने उस तरह की गेंदबाजी नहीं की होती, तो शायद मैं आज यहां खड़ा नहीं होता। सारा क्रेडिट हमारे गेंदबाजों को जाता है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में खुद पर भरोसा रखा।

## नवजोत सिद्धू बोले- अक्षर तुमने दिल जीत लिया

● 24 कैरेट सोना बताया, बाउंड्री पर लिए कैच को कहा चमत्कार, कपिल देव-सूर्या के कैच याद किए



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर एवं राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू ने भारत-इंग्लैंड के बीच हुए क्रिकेट मैच को लेकर कैचेस विन मैचेस टैग से वीडियो शेयर किया है। सिद्धू ने वीडियो के जरिए इंग्लैंड पर मिली भारत की जीत ने अक्षर पटेल के 2 कैच को टर्निंग पॉइंट बताया।सिद्धू ने वीडियो के जरिए क्रिकेट की अपनी यादों को भी ताजा किया। सिद्धू ने कपिल देव की क्लिप जारी करते हुए कहा कि जिस तरह अक्षर ने पीछे मुड़कर दौड़ते हुए कैच पकड़ा, ठीक ऐसा ही कैच कपिल देव ने पकड़ा था। तब भी भारत ने मैच जीता था। सिद्धू ने कहा कि ये जरूरी नहीं है कि क्रिकेट में बल्लेवाज या बॉलर ही मैच जिताते हैं। क्रिकेट का इतिहास गवाह रहा है कि बहुत बार फील्डिंग के कारण टीमों को जीत मिली है। भारत-इंग्लैंड के बीच हुए टी-20 सेमीफाइनल में भी ऐसा ही देखने को मिला।अगर अक्षर पटेल बाउंड्री वाला कैच न पकड़ता तो गेम शायद इंग्लैंड के पाले में चली जाती। सिद्धू ने कहा कि इस मैच की जीत में वह अक्षर पटेल के 2 कैच को महत्वपूर्ण मानते हैं। इन्हीं कैच की बदौलत मैच का रूख बदला और जीत मिल पाई।

## चंडीगढ़ में 22 साल की महिला हॉकी खिलाड़ी की हत्या, बुआ के बेटे निकले हत्यारे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ के सेक्टर-38ए में एक 22 साल की उभरती हुई हॉकी प्लेयर तान्या की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। दुखद बात यह है कि इस वारदात का आरोप किसी बाहरी पर नहीं, बल्कि तान्या की अपनी ही बुआ के बेटों और परिवार के सदस्यों पर लगा है।

**छत के हक की जंग ने ले ली जान-** इस पूरी वारदात के पीछे घर के मालिकाना हक का पुराना विवाद बताया जा रहा है। तान्या के पिता रवि, जो पेशे से ऑटो चालक हैं, अपने परिवार के साथ नीचे रहते हैं, जबकि उनकी बहन का परिवार उसी मकान की पहली मंजिल पर रहता है। गुरुवार को घर के मालिकाना हक की बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई।



**बुआ के बेटों पर लगा हत्या का आरोप-** पिता रवि के मुताबिक, विवाद के दौरान जब तान्या पहली मंजिल पर पहुंची, तो वहां मौजूद कृष्णा, रवि, गंगन, अनिकेत, नवीन और टीना ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया। इस झगड़े के बीच आरोपी कृष्णा ने तान्या की कमर पर चाकू से जोरदार वार किया। तान्या को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर चुकी तान्या एक होनहार स्टेट लेवल खिलाड़ी थी और खेल के प्रति उसका जुनून सबको प्रभावित करता था।

**मैदान की जगह अब श्मशान की तैयारी-** तान्या के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास होने वाला था क्योंकि उसे राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करना था।

● ब्रुक ने सैमसन का कैच 15 रन पर छोड़ा, धोनी-रोहित सेमीफाइनल देखने पहुंचे

# अक्षर और दुबे के कैच ने पलटा मैच

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। टीम ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड को 7 रन से सेमीफाइनल हरा दिया। मुकाबले में कई अहम मोमेंट्स देखने को मिले। कप्तान हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच 15 रन पर छोड़ दिया, सैमसन ने 89 रन बना दिए। ऑलराउंडर अक्षर पटेल और शिवम दुबे के शानदार पार्टनरशिप कैच ने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। स्टेडियम में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा भी यह मुकाबला देखने पहुंचे।

**रवि शास्त्री और ऑएन मोर्गन ट्रॉफी लेकर आए-** टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत-इंग्लैंड के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। मैच से पहले रवि शास्त्री और ऑएन मोर्गन टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लेकर मैदान में आए।

**धोनी-रोहित मैच देखने आए-** भारत के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान एमएस धोनी और रोहित शर्मा मैच देखने वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। भारतीय बल्लेबाजी के 19वें ओवर में तिलक वर्मा ने आर्चर की गेंद पर छक्का लगाया। इस दौरान धोनी और रोहित ने ताली बजाकर शॉट को सराहा।




**ब्रुक ने सैमसन का कैच छोड़ा-** भारतीय पारी के तीसरे ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का आसान कैच छोड़ दिया। ओवर की तीसरी गेंद जोफ्रा आर्चर ने फुल लेंथ फेंकी। सैमसन ने हवा में ड्राइव खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे मिड-ऑन पर खड़े हैरी ब्रूक के पास गई।हालांकि, ब्रूक से कैच छूट गया। इस समय सैमसन 15 रन बनाकर खेल रहे थे। सैमसन ने इस मैच 42 गेंद पर 89 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने।सैमसन ने आर्चर की गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला।

**सैमसन की सिक्स से फिफ्टी-** संजू सैमसन ने सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। 8वें ओवर की चौथी गेंद लियाम डॉसन ने ऑफ स्टंप के बाहर फ्लाइटेड फेंकी। सैमसन ने इनसाइड-आउट शॉट खेला और गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ सैमसन ने 26 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।






### ब्रुक के डायरेक्ट थ्रो से दुबे रनआउट

18वें ओवर में इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक के डायरेक्ट थ्रो पर शिवम दुबे पवेलियन लौट गए। सैम करन की गेंद पर हार्दिक ने डिफेंड किया। हार्दिक और दुबे पहला रन लेने के लिए क्रीज से आगे बढ़े, लेकिन हार्दिक ने मना कर दिया।शिवम पलटकर क्रीज की ओर लौटे, लेकिन ब्रूक ने डायरेक्ट थ्रो कर गिल्लियां बिखेर दीं। आउट होने के बाद दुबे नाराज हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के कई इलाकों में दो दिन नहीं आएगा पानी, अभी कर लें स्टोर

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** गर्मी से पहले बूस्टर पंप स्टेशन और अंडरग्राउंड रिजर्वायर की सफाई के चलते दक्षिणी दिल्ली के कई क्षेत्रों में अगले दो दिन पेयजल की सप्लाई प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को सीआर पार्क पाकेट-52, चिराग एन्क्लेव, हेमकुंट कालोनी, गोदावरी अपार्टमेंट, दक्षिणी पुरी व आस-पास, एमबी एक्सटेंशन बायपास रोड, खजूर रोड, मोलड़बंद एक्सटेंशन पहला-दूसरा व तीसरा 60 फुटा, बदरपुर विधानसभा, मदनपुर खादर व आली गांव, जंगपुरा, लाजपत नगर, भोगल, जीके-दो, मालवीय नगर, चिराग दिल्ली, ईस्ट आफ कैलाश व दयानंद कालोनी में जल सप्लाई प्रभावित रहेगी। वहीं शनिवार को बदरपुर विधानसभा, मदनपुर खादर व आली गांव, जंगपुरा, लाजपत नगर, भोगल, जीके-दो, मालवीय नगर, चिराग दिल्ली, ईस्ट आफ कैलाश, दयानंद कालोनी, ए ब्लाक-सीआर पार्क, कैलाश कुंज, माउंट कैलाश, डीडीए फ्लैट्स जसोला विहार, डीडीए एलआइजी व जनता फ्लैट्स बदरपुर, बदरपुर गांव, धन-धन मोहल्ला में पानी की आपूर्ति नहीं होगी। निवासियों से अपील है कि रोजमर्रा के कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहीत करके रख लें। वहीं वाटर इमरजेंसी के लिए जीके-एक के फोन नंबर-011-29234746, 29234747, जल सदन के 011-29819035, 29814106, सरिता विहार के 011-29941825, छतरपुर के 011-65437020 व सेंट्रल कंट्रोल रूम के नंबर 1916 पर संपर्क करें।

### होली के हुड़दंग में दिल्ली के आवारा कुत्तों पर भारी पड़ी मस्ती, 100 से अधिक घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली वालों ने रंगों के पर्व होली पर खूब मस्ती की। खूब रंग गुलाल उड़े तो तेज संगीत पर जमकर मस्ती की। इस बीच, नशे में वाहन चलाने, पिटने व शराब पीला देने की घटनाओं से आवारा कुत्तों की जान मुश्किल में रही। दिल्ली भर में होली के पर्व में विभिन्न घटनाओं में आवारा कुत्तों के चोटिल होने व शराब पीला देने से तबियत बिगड़ने की 100 से अधिक घटनाएं हुई। जिनका विभिन्न पशु अस्पतालों या शेल्टर में इलाज किया गया। पशु प्रेमियों के अनुसार, ये घटनाएं ऐसी हैं, जो दर्ज की गई, बाकि बहुत सारे ऐसे मामले हैं जो इलाज तक भी नहीं पहुंच पाते हैं। संजय गांधी पशु रखाव केंद्र के एक कर्मी अजय ने बताया कि आम दिनों में आवारा कुत्तों के चोटिल होने के मामले 30 से 40 होते हैं। जबकि, होली के दिन यह मामले बढ़कर 80 से अधिक रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी ऐसे मामले आते रहे। उनके अनुसार, वह यह नहीं कह सकते हैं कि दुर्घटना में चोटिल होने के सभी मामले होली में हुड़दंग से जुड़े हुए हैं, लेकिन दोगुनी संख्या इस ओर इशारा करती है, जिनमें से कई की हालत नाजुक है। इसी तरह, एक मामले में पिल्ले को शराब पीला देने का भी रहा, जिसके चलते दूसरे दिन भी उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दिल्ली के अन्य डाग शेल्टरों तथा अस्पतालों में इस तरह के मामले आए हैं। वहीं, पक्षियों के मामले में आंखों में रंग पड़ने जैसी घटनाएं हुई।

### दिल्ली में वाहनों के कलपुर्जे चुराकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम जिला पुलिस ने चोरी के वाहनों के कलपुर्जे निकालकर उसे बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की किआ सोनेट कार का ढांचा और उसके कलपुर्जे के साथ साथ कार की चोरी में इस्तेमाल ट्रक जब्त की है। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने बताया कि जिले की वाहन चोरी निरोधक शाखा निरीक्षक मुकेश मीणा के नेतृत्व में वाहन चोरी की जानकारी हासिल कर रही थी। इसी बीच पुलिस को दो मार्च को मुखबिरों से सूचना मिली कि एक गिरोह सक्रिय है, जो चोरी के वाहनों के कलपुर्जे निकालकर उसे बेचता है। बदमाशों ने इसके लिए इसापुर गांव में एक गोदाम भी ले रखा है। इस सूचना पर तुरंत एक टीम गठित कर इसापुर खेड़ा गांव के उस गोदाम पर पुलिस ने छापा मारा। छापे के दौरान, गाड़ी के पार्ट्स खोलते समय तीन आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत युवाओं को मिलेगा मंच, युवा संगम का हिस्सा बनने के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं के बीच आपसी समझ, सांस्कृतिक जुड़ाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'युवा संगम' कार्यक्रम के छठे चरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिया है।

यह पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत संचालित की जा रही है। इसके माध्यम से युवाओं को देश की विविध संस्कृति, परंपराओं और विकास कार्यों को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। उच्च शिक्षा विभाग की इस प्रमुख युवा आदान-प्रदान योजना में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। इसमें उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र, नेशनल सर्विस स्कीम के स्वयंसेवक, नेहरु युवा केंद्र संगठन से जुड़े युवा तथा विभिन्न क्षेत्रों के युवा पेशेवर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत चयनित युवाओं को अपने जोड़े गए राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में पांच से सात दिनों के



शैक्षिक और सांस्कृतिक भ्रमण का अवसर दिया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को स्थानीय संस्कृति, पर्यटन स्थलों, विकास परियोजनाओं, तकनीकी नवाचारों और शैक्षणिक संस्थानों से परिचित कराया जाएगा।

**देश की विविधता और विकास देखेंगे :** कार्यक्रम को पांच प्रमुख विषयों जैसे पर्यटन, परंपरा एवं संस्कृति, प्रगति एवं सुशासन, पारस्परिक संपर्क और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर आधारित किया गया है। इन विषयों के माध्यम से युवाओं को देश की विविधता और विकास की झलक प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। पिछले चरण में देशभर से 46 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया था। वहीं अब तक छह हजार से अधिक युवा और समन्वयक इस कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में भाग ले चुके हैं। इस बार देशभर के 22 उच्च शिक्षण संस्थानों को नोडल संस्थान के रूप में चुना गया है, जो इस आदान-प्रदान कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे।



### ड्रोन हमलों और दहशत के बीच गुजारीं रातें, उड़ानें बंद होने से दुबई में फंसा हनीमून कपल लौटा दिल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण प्रभावित क्षेत्रों में फंसे भारतीयों की स्वदेश वापसी का सिलसिला तेज हो गया है। इसी क्रम में उत्तम नगर निवासी रौनक दहिया बृहस्पतिवार की भोर में दुबई से दिल्ली लौट आए। रौनक 24 फरवरी को अपनी पत्नी के साथ हनीमून पर दुबई गए थे। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी तक वहां हालात सामान्य थे, लेकिन इसके बाद स्थिति अचानक बदल गई। क्षेत्र में ड्रोन हमलों की खबरें आने लगीं। अधिकांश ड्रोन को आकाश में ही मार गिराया जा रहा था, हालांकि कुछ इमारतों पर भी गिरने की घटनाएं हुईं। आसपास की इमारतों में धमाकों की आवाजें सुनाई देती थीं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। रौनक के अनुसार, इन परिस्थितियों में कई रातें भय और अनिश्चितता के बीच गुजारनी पड़ीं। स्वदेश लौटने के बाद उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। उन्होंने बताया कि वहां के शासन-प्रशासन का रवैया काफी सहयोगात्मक रहा।

### दिल्ली के 56 प्राइवेट अस्पतालों में गरीबों का फ्री इलाज

## एक साल में 8 लाख ईडब्ल्यूएस मरीजों को मिल चुका लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के निजी अस्पतालों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के आठ लाख से अधिक मरीजों को फरवरी 2025 से जनवरी 2026 के दौरान निश्शुल्क उपचार मिला। सरकार ने इसके लिए दिल्ली के 56 निजी अस्पतालों को चिह्नित किया है। बृहस्पतिवार को यह जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने दी। उन्होंने व्यवस्था को सुनिश्चित बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने निजी अस्पतालों में ईडब्ल्यूएस उपचार से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन कराने व नियमित निगरानी का आदेश दिया है।

बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इस योजना का लाभ मिले इसके लिए दिल्ली सरकार पहले ही ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत निश्शुल्क उपचार की आय सीमा को दो लाख 20 हजार से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर चुकी है। चेतावनी दी कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए वह अस्पतालों का निरीक्षण, रिकॉर्ड की जांच और मरीजों से सीधे फीडबैक लेकर व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 2025-26 (फरवरी 2025 से जनवरी 2026) के दौरान दिल्ली के चिंहित निजी अस्पतालों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आठ लाख 74 हजार 867 मरीजों को बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में तथा 57 हजार 102 मरीजों को आंतरिक रोगी विभाग (आईपीडी) में निश्शुल्क उपचार प्रदान किया गया। इससे पहले वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से जनवरी 2025) के दौरान सात लाख 23 हजार 271 मरीजों को ओपीडी उपचार और 41 हजार 900 मरीजों को आईपीडी उपचार की सुविधा मिली थी। निजी अस्पतालों में ईडब्ल्यूएस मरीजों के लिए रीयलटाइम बेड ऑक्यूपेंसी स्थिति देखने के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है।

### केजरीवाल की लाइव स्ट्रीमिंग की मांग खारिज, विधानसभा सचिवालय ने कहा- विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही गोपनीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की विशेषाधिकार समिति की बैठक का लाइव प्रसारण किए जाने की मांग को खारिज कर दिया है। विधानसभा की ओर से भेजे गए आधिकारिक पत्र में कहा गया है कि समिति की कार्यवाही गोपनीय होती है और नियमों के तहत इसका लाइव प्रसारण संभव नहीं है। विधानसभा सचिवालय की ओर से 5 मार्च 2026 को जारी पत्र में बताया गया कि यह जवाब केजरीवाल द्वारा 3 मार्च 2026 को लिखे गए पत्र के संदर्भ में दिया गया है। उस पत्र में उन्होंने विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग कराने की मांग की थी। सचिवालय ने अपने जवाब में स्पष्ट किया है कि विशेषाधिकार समिति की बैठकों की कार्यवाही गोपनीय होती है और प्रक्रिया संबंधी नियम इसके लाइव प्रसारण की अनुमति नहीं देते। पत्र में यह भी कहा गया है कि संसद या किसी अन्य राज्य की विधानसभा में भी विशेषाधिकार समिति की बैठकों का प्रसारण किए जाने का कोई उदाहरण नहीं मिलता। विधानसभा सचिवालय की ओर से यह भी कहा गया कि समिति के अध्यक्ष ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि अरविंद केजरीवाल दस वर्षों से अधिक समय तक इस सदन के सदस्य रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें इस प्रक्रिया की जानकारी नहीं होना हैरानी का विषय है।



# डिजिटल पुलिसिंग में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच को बड़ी उपलब्धि, आईएसओ सर्टिफिकेशन प्राप्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस को टेक्नोलाजी आधारित पुलिसिंग में बड़ा सम्मान मिला है। दिल्ली पुलिस, क्राइम ब्रांच के स्टेट क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो (एससीआरबी) को डिजिटल क्राइम रिकार्ड्स के बेहतर मैनेजमेंट और नागरिकों को दी जा रही आनलाइन सेवाओं के लिए आइएसओ मैनेजमेंट सिस्टम (क्यूएमएस) सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है। यह सर्टिफिकेशन भारत सरकार के ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआइएस) ने दिया है, जो किसी संस्था की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और गुणवत्ता मानकों की पुष्टि करता है। विशेष आयुक्त, क्राइम ब्रांच, देवेश चंद्र श्रीवास्तव का कहना है यह सर्टिफिकेशन एससीआरबी की उस प्रणाली को मान्यता देता है, जिसके जरिए डिजिटल क्राइम डाटा को व्यवस्थित तरीके से संभाला जा रहा है और नागरिकों को आनलाइन पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके तहत ई-एफआइआर (वाहन



चोरी व अन्य चोरी), ई-एनसीआर, जीरो साइबर एफआइआर और गायब हो जाने से संबंधी सामानों के आनलाइन रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग की जा रही है। इन सभी सेवाओं को सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) प्लेटफार्म के साथ जोड़ा गया है। इससे डाटा का बेहतर इंटीग्रेशन, निगरानी और रिकार्ड्स का सुचारू रूप से प्रबंधन सुनिश्चित हो रहा है। यह उपलब्धि क्राइम ब्रांच की एससीआरबी टीम के लगातार प्रयासों और टेक्नोलाजी आधारित कामकाज का नतीजा है। टीम ने डिजिटल रिकार्ड्स की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित मानिटरिंग की, जिलों और पुलिस थानों के साथ रियल टाइम कोआर्डिनेशन स्थापित किया और तकनीकी व प्रक्रियागत चुनौतियों का समय रहते समाधान किया। इसके अलावा पुलिस कर्मियों के लिए समय-समय पर गाइडेंस और क्षमता बढ़ाने से जुड़े कार्यक्रम भी चलाए गए, ताकि डिजिटल सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। इससे पहले क्राइम ब्रांच की मानव तस्करी यूनिट और फिंगरप्रिंट ब्यूरो को भी आइएसओ-क्यूएमएस सर्टिफिकेशन मिल चुका है। मानव तस्करी दस्ता को जनवरी 2025 और फिंगरप्रिंट ब्यूरो को जुलाई 2025 में यह सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया था।

# अमेरिकी संसद में ट्रंप की ईरान युद्ध नीति पर टकराव

## युद्ध रोकने का प्रस्ताव मामूली अंतर से खारिज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के साथ युद्ध ने अमेरिका की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर बहस और तेज होने की संभावना है। लेकिन पिछले दो दिनों में दो बार अमेरिकी संसद में इस युद्ध को रोकने के लिए पेश प्रस्ताव वोटिंग के बाद गिर गए हैं। अमेरिका में ट्रंप की ईरान युद्ध नीति पर टकराव तेज होने लगा है। अमेरिका में ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को लेकर राजनीति तेज हो गई है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर हमले रोकने के प्रस्ताव को बहुत कम अंतर से खारिज कर दिया। गुरुवार को हुए मतदान में प्रस्ताव के पक्ष में 212 वोट पड़े, जबकि 219 सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया। अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता, तो ट्रंप प्रशासन को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकनी पड़ती, जब तक कि कांग्रेस इसकी अनुमति न देती। यह लगातार दूसरा दिन है जब अमेरिकी संसद में ऐसा प्रस्ताव गिरा है। इससे पहले सीनेट में भी इसी तरह का प्रस्ताव 47-53 मतों से खारिज हो चुका है। इस वोटिंग से साफ हो गया कि अमेरिका में ईरान युद्ध को लेकर सांसदों के बीच मतभेद गहरे हैं। कई



सांसदों का कहना है कि संविधान के अनुसार युद्ध का फैसला करने का अधिकार केवल कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप राजा नहीं हैं। अगर उन्हें लगता है कि ईरान से युद्ध अमेरिका के हित में है, तो उन्हें पहले कांग्रेस के सामने आकर इसकी जरूरत साबित करनी चाहिए।

अमेरिका की सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के अधिकतर सांसद ट्रंप के फैसले का समर्थन कर रहे हैं। उनका कहना है कि ईरान लंबे समय से पश्चिमी देशों के लिए खतरा बना हुआ था और यह सैन्य कार्रवाई उस खतरे को खत्म करने की कोशिश है। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मस्ट ने कहा कि राष्ट्रपति अपने संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए अमेरिका को तत्काल खतरे से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि युद्ध रोकने का प्रस्ताव राष्ट्रपति से कुछ न करने की मांग जैसा था। वहीं डेमोक्रेट पार्टी के कई नेताओं ने ट्रंप के फैसले की आलोचना की है। उनका कहना है कि यह एक चुनाव का युद्ध है, जिसे बिना कांग्रेस की अनुमति के शुरू किया गया। डेमोक्रेट सांसद जेमी रास्किन ने कहा कि संविधान साफ कहता है कि युद्ध का फैसला कांग्रेस करेगी। उनके मुताबिक अमेरिका को इतने बड़े फैसले से पहले व्यापक बहस और पारदर्शिता की जरूरत थी।

ईरान युद्ध के चलते अमेरिका में चिंता भी बढ़ रही है। कुवैत में ईरानी ड्रोन हमले में 6 अमेरिकी सैनिकों की मौतहो चुकी है। इसके अलावा मध्य पूर्व में रह रहे हजारों अमेरिकी नागरिक वहां से निकलने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी स्वीकार किया है कि इस युद्ध में आगे और अमेरिकी सैनिकों की जान जा सकती है।

### अमेरिका में बड़ा प्रशासनिक बदलाव: नोएम कैबिनेट से बाहर, मार्कवेने मुलिन को मिलेगी होमलैंड सिक्योरिटी की कमान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का ध्यान भले ही इन दिनों पश्चिम एशिया में केंद्रित है, लेकिन देश में हो अहम घटनाक्रम पर भी उनकी नजर बनी हुई है। बता दें कि, ट्रंप ने होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रमुख क्रिस्टी नोएम को उनके पद हटाने का फैसला किया है। जानें क्या है मामला और ट्रंप ये बदलाव क्यों कर रहे हैं... अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सरकार में बड़ा बदलाव करते हुए होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रमुख क्रिस्टी नोएम को पद से हटाने का फैसला किया है। ट्रंप ने घोषणा की है कि उनकी जगह ओक्लाहोमा से रिपब्लिकन सीनेटर मार्कवेन मुलिन को इस पद के लिए नामित किया जाएगा। ट्रंप ने यह जानकारी गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए दी। राष्ट्रपति ट्रंप का यह फैसला उस समय आया है जब नोएम को हाल ही में अमेरिकी संसद में कड़ी पूछताछ का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस की सुनवाई के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट- दोनों दलों के सांसदों ने उनसे कई सवाल किए थे, खासकर अमेरिका की सख्त आव्रजन नीति और सीमा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर। इन नीतियों को लेकर देश में कई जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए और कई कानूनी चुनौतियां भी सामने आईं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप ने नोएम को पूरी तरह सरकार से बाहर नहीं किया है। उन्होंने कहा है कि नोएम को एक नई जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्हें शील्ड ऑफ द अमेरिका नाम की नई सुरक्षा पहल के लिए विशेष दूत बनाया जाएगा। ट्रंप के अनुसार यह पहल पश्चिमी गोलार्ध यानी अमेरिका महाद्वीप के देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित होगी। इसके साथ ही क्रिस्टी नोएम ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में कैबिनेट छोड़ने वाली पहली मंत्री बन गई हैं। उनका कार्यकाल काफी विवादों और चुनौतियों से भरा रहा, खासकर सीमा सुरक्षा और अवैध आव्रजन के मुद्दों को लेकर।

### ट्रंप के व्हाइट हाउस बॉलरूम प्रोजेक्ट का भारी विरोध

## समीक्षा समिति पर फूटा जनता का गुस्सा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में बॉलरूम बनाने के प्लान पर जमकर हंगामा हुआ। इस प्रोजेक्ट का रिव्यू करने वाले एक सरकारी पैनल (नेशनल कैपिटल प्लानिंग कमीशन) को गुरुवार को जनता के विरोध का सामना करना पडा। मीटिंग में शामिल होने वाले लगभग सभी लोगों ने इस प्रोजेक्ट की आलोचना की और इसे बहुत बढ़ा और बेकार बताया। मार्च की इस मीटिंग में पहले दो घंटों के दौरान 28 लोगों ने अपनी बात रखी। इनमें से सिर्फ एक व्यक्ति ने प्रोजेक्ट का समर्थन किया, जबकि बाकी सब इसके खिलाफ थे। एक आम नागरिक काई रोवन ने इसे भद्दा और जरूरत से ज्यादा बढ़ा बताया। इलिनोइस की पूर्व मेयर डायने मार्लिन ने कमीशन से अपील की कि वे इस पर फिर से विचार करें। उन्होंने कहा कि इसे सही करने के लिए और समय लेना चाहिए। यह पैसा अमीर लोगों और बड़ी कंपनियों से दान के रूप में लिया जाए। इसी बात पर सबसे ज्यादा विवाद है। भ्रष्टाचार विरोधी संस्था कॉमन कॉज की एबिगेल बेलोज ने सवाल उठाया कि ये डोनर्स लाखों डॉलर बिना किसी फायदे के क्यों देंगे? उन्होंने आशंका जताई कि इसके बदले में डोनर्स सरकार से कुछ उम्मीद रख सकते हैं।



# पश्चिम एशिया युद्ध- बढ़ते हमलों के बीच देवदूत बनीं भारतीय नर्सें

**कुवैत, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के संघर्ष के बीच भी भारतीय नर्सों का समर्पण अडिग है। अल जाहरा के 53एष्ट तापमान वाले इलाके में जैसमीन थॉमस और साथी नर्सें धमाकों और मिसाइलों के बीच क्लिनिक में मरीजों की देखभाल करती रहीं। खतरे और कर्तव्य के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साहस और जिम्मेदारी की मिसाल पेश की, जो भारतीय नर्सों की अलग पहचान बनाती है। पश्चिम एशिया में ज्यादातर देशों में संघर्ष का साया छाया हुआ लेकिन ऐसे समय में भी भारतीय नर्सों की सेवा और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। इनका काम राजनीतिक या सैन्य तनाव के बावजूद हमेशा की तरह बदस्तूर जारी है। 1990 के दशक का कुवैत युद्ध हो, 2003 का इराक युद्ध, सीरिया या मिस्र के गृह युद्ध



या पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संघर्ष, भारतीय नर्सें हमेशा देवदूत बनकर अपना कर्तव्य निभाती रही हैं। इस जगह को धरती पर सबसे गर्म जगहों में एक माना जाता है और यहां का तापमान 53 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। केरल की एक नर्स जैसमीन थॉमस (बदला हुआ नाम) अपने भारतीय साथियों के साथ अल जाहरा के एक छोटे से क्लिनिक में आम दिनों की तरह काम कर रही थी। कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे। देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे। धमाकों की तीव्रता बढ़ने पर जैसमीन और उनके साथी भागकर अपने हॉस्टल में शरण लेते हैं। हॉस्टल में वे सब हालात के सामान्य होने का इंतजार करते रहे। कर्तव्य और अपनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की मशक्कत करते हुए जैसमीन और उनके साथी सोमवार को फिर से अपने काम पर लौट आएं लेकिन इस बार क्लिनिक में वे सब थे लेकिन मरीज नहीं। यह घटना भारतीय नर्सों के साहस, धैर्य और जिम्मेदारी को दिखाता है। ये ऐसी विशेषता है जो इस क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय नर्सों को अन्य लोगों से अलग पहचान दिलाती है। अमीरात में कार्यरत एक भारतीय स्वास्थ्यकर्मी ने कहा कि हमें बीच-बीच में चेतावनी सायरन सुनाई देते हैं लेकिन इसके अलावा अभी कोई खतरा महसूस नहीं हुआ है। अस्पताल सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। सरकार हमलों को रोक रही है। कुवैत में कार्यरत एक नर्स ने भी यही बात कही और कहा कि अभी भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता की कोई वजह नहीं है। कई लोगों के लिए, मैसेज एक जैसा है। सऊदी अरब में कार्यरत एक अन्य नर्स ने कहा कि हम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मीडिया के कुछ हिस्सों में जैसा दिखाया जा रहा है, उसके उलट। ड्रोन हमले हो रहे हैं, लेकिन देश अपना बचाव कर रहा है और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, इस इलाके में 4,00,000 से 5,00,000 भारतीय नर्सें काम कर रही हैं। गैर-निवासी केरलवासियों की शिकायतों के समाधान के लिए राज्य की नोडल एजेंसी एनओआरकेए रूट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत कोलासेरी ने बताया कि सरकार को राज्य की एक नर्स के जंग प्रभावित ईरान में फंसे होने की सूचना मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अफवाह के कारण रहमतगंज-पांडरपाला में दो समुदायों में हुआ था तनाव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रहमतगंज-पांडरपाला क्षेत्र में होली के दिन हुई कथित हुड़दंग की चर्चा को लेकर गुरुवार शाम करीब 7 बजे दोनों समुदायों के लोगों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में बातचीत के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि पूरे मामले की जड़ अफवाह थी, जिसके कारण इलाके में गलतफहमी और तनाव का माहौल बन गया था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शुक्रवार दोपहर 3 बजे दोनों समुदायों के लोग मिलकर इलाके में शांति और भाईचारे का संदेश देंगे। इसके बाद एहतियात के तौर पर तैनात पुलिस बल को भी हटा लिया जाएगा। इस बैठक में वार्ड 18 और 19 के पार्षद प्रतिनिधि, तेगिया मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना युनुस रजा फैजी, नमन इंडिया के अध्यक्ष पारो खान, सामाजिक कार्यकर्ता छोटू कुरैशी, मनोहर महतो, राम सहित दोनों समुदायों के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और क्षेत्र में शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

### बरमसिया में गोलीबारी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, देशी पिस्टल भी पुलिस ने की बरामद

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरमसिया फुटबॉल ग्राउंड में दो पक्षों के बीच मारपीट व गोलीबारी की घटना में दो लोग घायल हुए थे दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। धनसार थाना में दो कांड दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल भी बरामद किया गया है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि 4 मार्च को



होली के दिन बरमसिया फुटबॉल मैदान में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी. इस घटना में दो युवक गोली लगने से घायल हो गए थे।उन्होंने बताया कि घटना को लेकर धनसार थाना में दोनों पक्षों की ओर से अलगझ्अलग शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### बस्ताकोला एरिया के दो लाभुकों को उपलब्ध कराया गया बेलगड़िया में आवास

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार झरिया मास्टर प्लान 2.0 के तहत भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के बस्ताकोला एरिया के राजापुर क्षेत्र निवासी भोला भुइयां तथा मुकेश कुमार को झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए)



ने बेलगड़िया टाउनशिप में आवास उपलब्ध कराया। इस मौके पर दोनों लाभुकों को 50-50 हजार रुपए का चेक भी दिया गया। वहीं 6 महिने के अन्दर दोनों लाभुकों को और दो-दो लाख रुपए का चेक दिया जाएगा। इस दौरान जेआरडीए के संजय कुमार, शेखर कुमार, पावन वत्स, बीसीसीएल लोदना एरिया के श्री के.के. सिंह, संजय सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने सुनी आम नागरिकों की शिकायतें

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के चिरकुंडा, तोपचांची, बलियापुर, बरवाअड्डा, सरायढेला, गोविंदपुर, सिंदरी, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र से आए आम जनों की शिकायत सुनीं। जनता दरबार में रैयती जमीन की मापी कराने, जीटी रोड सिक्स लेन निर्माण में अधिग्रहित जमीन का



मुआवजा नहीं मिलने, लंबित बिल का भुगतान कराने, ऑनलाइन पंजीकरण व लगान रसीद निर्गत कराने, जालसाजी कर रजिस्ट्री करा लेने, जन्म तिथि में सुधार कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा आवेदकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

### शहीद प्रेम प्रसाद को न्याय की मांग को ले धरना प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहीद प्रेम प्रसाद को न्याय दिलाने की मांग को लेकर लोगों ने एडीएम बिल्डिंग के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे लोगों ने प्रशासन और सेल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका




आंदोलन जारी रहेगा। धरना दे रहे लोगों ने मांग की कि सेक्टर-4 से नया मोड़ के बीच 20 डिसमिल जमीन देकर शहीद प्रेम प्रसाद के नाम पर एक पार्क का निर्माण कराया जाए। साथ ही शहीद प्रेम प्रसाद के परिजनों को सेल में अविलंब नियोजन दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग उठाई कि 1500 अप्रेंटिस कर चुके अभ्यर्थियों को सेल में सीधी बहाली दी जाए। वहीं 7000 की मेरिट सूची में बचे 4328 अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस कराकर सेल में सीधी बहाली करने की भी मांग की गई। इसके अलावा चतुर्थ वर्ग की बहाली पूर्व की तरह शुरू करने और 19 रैयत गांवों का ऑनलाइन रसीद काटना तत्काल शुरू करने की मांग भी उठाई गई। धरनार्थियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# बोकारो एयरपोर्ट के गिर्द अतिक्रमण पर सख्ती

## दोबारा कब्जा करने पर होगी सीधे एफआइआर





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो एयरपोर्ट से सटे दुंडीबाग बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाए गए स्थानों पर दोबारा कब्जा करने वालों के विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्णय बोकारो परिसदन सभागार में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में लिया गया, जिसमें एयरपोर्ट से जुड़े विभिन्न विकास एवं सुरक्षा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

**15 दिनों में पूरा करें बाउंड्री कार्य, पुलिस पिकेट स्थापना पर चर्चा**

बैठक में बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया गया कि अतिक्रमण मुक्त कराए गए परिसर में स्लैब के माध्यम से 15 दिनों के भीतर बाउंड्री निर्माण कार्य पूरा किया जाए। साथ ही संबंधित क्षेत्र में ट्रेसपासर्स विल बी प्रोसिक्यूटेड के बोर्ड लगाने को भी कहा गया, ताकि दोबारा अतिक्रमण की कोशिशों को रोका जा सके। साथ ही, दुंडीबाग क्षेत्र में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस पिकेट स्थापना के लिए बीएसएल के द्वारा अग्रेतर कार्रवाई पर भी चर्चा की गई।

**महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे**

बीएसएल को दुंडीबाग बाजार सहित आसपास के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने का निर्देश दिया गया। वहीं, बैठक में उपस्थित एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा को चिन्हित स्थलों की अद्यतन सूची बीएसएल प्रबंधन को उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

**सतनपुर पहाड़ पर एक सप्ताह में लगेगी लाइट**

बैठक में क्रय की गई उच्च तीव्रता वाले फ्लैश लाइट/ऑब्स्ट्रक्शन लाइट का अधिष्ठापन सतनपुर पहाड़ पर एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा परिसर में बची हुई झाड़ियों और पेड़ों की छंटाई जल्द पूरी करने को भी कहा गया, ताकि सुरक्षा और साफ-सफाई बेहतर हो सके।

**एमओयू नवीकरण और सीटीओ के लिए आवेदन का निर्देश**

बोकारो एयरपोर्ट के संचालन को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआइ) और बोकारो स्टील प्रबंधन (बीएसएल) के बीच एमओयू के नवीकरण तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) के लिए आवेदन करने को भी कहा गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश**

बैठक में बोकारो एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें बॉम्ब थ्रेट कंटीजेंसी प्लान, एयरपोर्ट की सिक्योरिटी वेटिंग, बीसीएएस सिक्योरिटी क्लियरेंस, डॉग स्क्वाड यूनिट की व्यवस्था तथा एयरपोर्ट पर आवश्यक सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**एयरपोर्ट संचालन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदु**


बैठक में एयरपोर्ट के संचालन से जुड़े विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक बिंदुओं की भी समीक्षा की गई, जिनमें एएआइ द्वारा उपलब्ध कराए गए नक्शे में आवश्यक संशोधन, डीजीसीए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया, एयरपोर्ट पर 02 एसीएफटी वाहनों की तैनाती तथा एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिया गया।

**बैठक में यह अधिकारी रहे उपस्थित**

समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, डीएफओ नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआइ) के मनोज कुमार, बीएसएल टाउनशीप जीएम ए के तिवारी, एजीएम (एविएशन) पी. के. स्वैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ एयरपोर्ट से जुड़े कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया।

# दिव्यांग मां के साथ पहुंचा नन्हा मोती, बड़ी बहन के नामांकन की लगाई गुहार, डीसी ने तुरंत दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। कार्यक्रम के दौरान एक ऐसा भावुक पल भी आया, जिसने पूरे सभागार का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। दिव्यांग मां लुधु कुमारी के साथ पहुंचा नन्हा मोती, बहन की पढ़ाई के लिए लगाई गुहार। जनता दरबार में चास के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र निवासी दिव्यांग मां लुधु कुमारी अपने छोटे बेटे मोती कुमार महतो के साथ पहुंची थी। नन्हा बेटा अपनी बड़ी बहन करूणा कुमारी के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चास में नामांकन की उम्मीद लेकर आया था। परिवार की आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण बच्ची का नामांकन अन्य विद्यालय में नहीं हो पाया था। नन्हे बच्चे मोती और उसकी दिव्यांग मां की स्थिति देखकर उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि करूणा कुमारी का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्ची की पढ़ाई बाधित नहीं हो।



**संवेदनशील प्रशासन का दिखा उदाहरण**

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक संवेदनशीलता के साथ सहायता पहुंचाना भी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 31 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, सामान्य शाखा, चास अंचल, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीसी ने जिला कोषागार का किया निरीक्षण



## सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा - साफ सफाई को लेकर दिए जरूरी दिशा - निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने कैंप टू स्थित जिला कोषागार का निरीक्षण किया। मौके पर अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में डीसी ने वहां की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कोषागार परिसर के विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा कार्य निष्पादन की प्रक्रिया की जानकारी जिला कोषागार पदाधिकारी (टीओ) गुलाब चन्द उरांव से प्राप्त की। उपायुक्त ने कोषागार में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और परिसर में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोषागार एक महत्वपूर्ण कार्यालय है, इसलिए यहां सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की भी समीक्षा की और संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित कार्यस्थल से कार्य क्षमता में वृद्धि होती है और आने वाले लोगों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कोषागार की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, कोषागार से संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# औद्योगिक भू खंड शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव पर बोकारो चैंबर ने जताई आपत्ति

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा), बोकारो प्रक्षेत्र के उपनिदेशक मनोज कुमार की अध्यक्षता में बियाडा भवन, बालीडीह में सम्पन्न हुई। बैठक में उपनिदेशक मनोज कुमार ने जानकारी दी कि उद्योग मंत्रालय, झारखंड



सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड आवंटन, लीज रेंट, सर्विस चार्ज आदि मदों में ली जाने वाली राशि को लगभग 40 प्रतिशत तक बढ़ाए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रस्ताव पर उद्यमियों के साथ विचार-विमर्श कर उनकी राय विभाग को भेजी जानी है। इस अवसर पर बोकारो चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने इस अप्रत्याशित बढ़ोतरी को सर्वथा अनुचित बताते हुए कहा कि झारखंड में औद्योगिक विकास पहले से ही शिथिल है। वर्तमान परिस्थितियों में यहां की औद्योगिक इकाइयों को सरकार की ओर से विशेष प्रोत्साहन की आवश्यकता है, ताकि राज्य में उद्योग-धंधों का विकास हो सके। उन्होंने कहा

**कई वर्षों से नालियों के निर्माण का कार्य भी पड़ा हुआ है लंबित**

कि औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है तथा नाली, स्ट्रीट लाइट और जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था भी नहीं है। कई वर्षों से नालियों के निर्माण का कार्य भी लंबित पड़ा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों के इलाज के लिए राज्य कर्मचारी बीमा का कार्यालय बोकारो शहर के सिटी सेंटर में स्थित है, जहां मजदूरों एवं कर्मचारियों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। बोकारो चैंबर ने प्रस्तावित शुल्क वृद्धि का विरोध करते हुए सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। बैठक में अजय केडिया, मनोज जय, निखिल श्रीवास्तव, उद्यमी विकास संघ के संजय भारती, लघु उद्योग भारती के आशीष रंजन, राजीव रंजन, विनय सिंह सहित कई उद्यमी उपस्थित थे।

### बुनियादी समस्याओं के समाधान हेतु जियाडा के उप क्षेत्रीय सचिव के साथ बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बियाडा औद्योगिक मजदूर संघ की एक बैठक जियाडा के उप क्षेत्रीय सचिव मनोज कुमार के साथ हुई। यूनियन द्वारा पूर्व में बुनियादी सुविधाओं से संबंधित एक मांग पत्र सोपा गया था। जिस पर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय मजदूर संघ,झारखंड प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य सह बियाड़ा उद्योग प्रभारी कृष्णा प्रसाद केवट ने सड़क का चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाईट, सार्वजनिक शौचालय, ई एस आई सी अस्पताल आदि की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उप क्षेत्रीय सचिव ने बताया कि सड़क निर्माण की निविदा निकाली जा चुकी है। स्ट्रीट लाईट मरम्मत की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण भी बहुत जल्द करवाया जाएगा। बैठक में महामंत्री सोरेन ने कहा कि बियाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में जितने भी कारखाने हैं। अपने मालवाहक ट्रकों को अव्यवस्थित ढंग से सड़क पर खड़ा करते हैं, जिससे आए दिन रोड जाम की स्थिति बनी रहती है। उद्योगों में काम करने वाले मजदूर ग्रामीण एवं आम जनों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है एवं सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय पेटरवार के परिसर के अंदर झाड़ियों में लगी आग

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय पेटरवार(तेनुघाट) में शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे अचानक आग की लपटे उठने लगी। देखते ही देखते विद्यालय परिसर के चारों ओर घांस और झाड़ियों में आग फैलने लगी। आग की लपटे ऊंची उठने लगी जिसके कारण सभी शिक्षिकाओं में भय का माहौल और हड़कंप मच गया। तत्कालीन प्रभारी वार्डन विनीता कुमारी ने तेनुघाट ओपी प्रभारी भजन लाल महतो एवं स्थानीय मुखिया नीलम श्रीवास्तव को फोन के माध्यम अग्नि शामक पदाधिकारी एवं प्रधान चालक राजेश वर्णवाल को सूचना दी सूचना पाते ही अग्नि शामक पदाधिकारी वाहन के साथ विद्यालय



पहुंचकर पूर्ण रूप से विद्यालय परिसर के अंदर लगे आग को बुझा दिया। समय रहते आग को बुझा देने से करोड़ों रुपए की क्षति होने से विद्यालय को बचाया गया। आग लगने के कारण प्रभारी वार्डन विनीता कुमारी से पूछने पर बताया कि विद्यालय परिसर के बाहर आए दिन गरमी के दिनों आग लग जाती है या किसी के द्वारा लगा दी जाती है जिसके कारण आग के चिनगारी से आग विद्यालय परिसर के चारदीवारी के अंदर आ जाती है और सूखे घांस पते होने के कारण आग लगा जाती है।

# बीएसएल में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु विशेष इंटरैक्टिव सत्र आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की कड़ी में बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री अनुप कुमार दत्त के साथ महिला कार्मिकों का एक विशेष संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र का मुख्य उद्देश्य प्लांट के भीतर महिला कर्मियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करना और कार्यस्थल के वातावरण को और अधिक सुगम बनाने हेतु सुझाव प्राप्त करना था. कार्यक्रम में संकार्य प्रभाग की महिला कार्यपालकों सहित बीएसएल की वरिष्ठ महिला अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया. सत्र के दौरान कुल 45 प्रतिभागियों ने अधिशासी निदेशक



(संकार्य) श्री अनुप कुमार दत्त के साथ अपने विचार साझा किए. जिसमें कार्यस्थल की नीतियों और सहायता प्रणालियों से संबंधित चिंताओं, अपेक्षाओं और महत्वपूर्ण सुझावों पर सार्थक चर्चा की गयी. इस संवाद को और अधिक प्रेरणादायी बनाने के लिए सेल के अन्य संयंत्रों, जैसे भिलाई इस्पात संयंत्र एवं दुर्गापुर इस्पात संयंत्र की वरिष्ठ महिला प्रबंधन प्रतिनिधियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया था. इन महिला नेतृत्वकताओं ने, जिन्होंने कोक ओवन बैटरी, ब्लास्ट फर्नेस और स्टील मेल्टिंग शॉप (एसएमएस) जैसे कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिचालन क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं, अपने पेशेवर सफर के बहुमूल्य अनुभव साझा किए. हॉट जोन और मुख्य उत्पादन क्षेत्रों में कार्य करने के उनके साहसी अनुभवों ने उपस्थित सभी महिला कार्यपालकों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें प्रेरित किया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संवाद से कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव आता है.

# बेरमो एसडीओ कार्यालय पहुंचे सीसीएल स्वांग के अवार्डी मजदूर, नहीं हो सकी वार्ता

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मजदूर नेता मुमताज आलम के नेतृत्व में सीसीएल स्वांग के अवार्डी मजदूर एक बार फिर से बेरमो एसडीओ के पास अपनी नौकरी की फरियाद को लेकर पहुंचे।



हालांकि किसी कारणवश एसडीओ कार्यालय में सीसीएल के वरीय अधिकारियों के नही पहुंचने पर मजदूरों को वार्ता के लिए अगले मंगलवार को बुलाया गया है। इस संबंध में एसडीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि मजदूरों की नियोजन की यह मांग काफी लंबे अरसे से चले आ रही है। शुक्रवार को सीसीएल के अधिकारियों एवं मजदूरों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता निर्धारित की गई थी, परन्तु इस वार्ता में सीसीएल के एक-दो अधिकारी ही पहुंचे थे, जो किसी भी तरह के निर्णय लेने में सक्षम नही थे, इसलिए वरीय अधिकारियों के नही पहुंचने पर वार्ता के लिए अगले मंगलवार की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सीसीएल प्रबंधन जल्द ही सही मजदूरों की पहचान कर उन्हें नियोजन दे देनी चाहिए। वहीं मजदूर नेता मुमताज आलम ने कहा कि बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा वार्ता के लिए मजदूरों के साथ साथ सीसीएल के अधिकारियों को बुलाया गया था, परन्तु किसी कारणवश एक दो अधिकारी को छोड़कर कोई भी वरीय अधिकारी वार्ता में नही पहुंचे थे। इसलिए सीसीएल के वरीय अधिकारियों के नही रहने पर वार्ता के लिए अगले मंगलवार को बुलाया गया है। मुमताज आलम ने बताया कि अवॉर्डी मजदूरों से सीसीएल प्रबंधन के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि मजदूरों की पहचान को लेकर पैनल अधिवक्ता से विधिक सलाह ली जाएगी, ततपश्चात सुलझाए गए प्रतिक्रिया के अनुरूप प्रबंधन नियोजन हेतु आवश्यक कार्रवाई करेगी। वहीं उन्होंने बताया कि सीसीएल प्रबंधन के निदेर्शानुसार अभी तक कई मजदूरों ने अपने पहचान संबंधित कागजात सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में जमा करा दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail-nbtimesbihar@gmail.com

CMYK